हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● गुरुवार ● 27.02.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 216 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

# महाशिवरात्रि के साथ महाकुंभ का समापन, कुल 66 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी

एजेंसी

**प्रयागराज :** महाकुंभ के अंतिम स्नान पर बुधवार तड़के प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यह स्नान महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हुआ। ड्रोन से ली गई तस्वीरों में महाकुंभ के अंतिम दिन त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

पौष पूर्णिमा का पहला अमृत स्नान 13 जनवरी को, इसके बाद 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को आखिरी स्नान महा शिवरात्रि पर हुआ।

महाकुंभ में कई अखाड़ों ने भाग लिया, जिनमें निरंजनी अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा और जूना अखाड़ा शामिल हैं, जो संन्यासी परंपरा का सबसे बड़ा अखाड़ा है। शाही स्नान में अखाड़ों की अहम भूमिका होती है। अखाड़े शैव, वैष्णव और उदासी समेत विभिन्न संप्रदायों से जुड़े साधुओं के धार्मिक संगठन हैं। हर अखाड़े का अपना मुखिया होता है, जिसे 'महामंडलेश्वर' कहा जाता है।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रयागराज जिला प्रशासन ने अतिरिक्त बल तैनात किया है तथा बेहतर प्रबंधन के लिए रेलवे और हवाई अड्डा अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मंदर ने यातायात और पार्किंग को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के प्रयासों पर जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं के लिए परेशानी मुक्त




अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। प्रयागराज डीएम ने मंगलवार को कहा, कल महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान है। हम अपनी पूरी तैयारी के साथ तैयार हैं। हम बड़े स्नान के दिनों में अतिरिक्त बल तैनात करते हैं। रेलवे और हवाईअड्डा अधिकारियों के साथ हमारा अच्छा समन्वय है। हमने अपने अधिकारियों को पार्किंग स्थलों के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए हैं ताकि यातायात नियंत्रण में रहे। बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जंक्शनों और पार्किंग स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है। हमने आज सुबह यातायात परामर्श जारी किया है। महाशिवरात्रि, जिसे शिव की महान रात्रि के रूप में भी जाना जाता है, आध्यात्मिक विकास के लिए शुभ मानी जाती है और अंधकार और अज्ञानता पर विजय का प्रतीक है। यह भगवान शिव-विनाश के देवता और देवी पार्वती, जो उर्वरता, प्रेम और सौंदर्य की देवी हैं, जिन्हें शक्ति (शक्ति) के रूप में भी जाना जाता है, के दिव्य विवाह का भी प्रतीक है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, उनकी शादी की रात, भगवान शिव को हिंदू देवी-देवताओं, जानवरों और राक्षसों के एक विविध समूह द्वारा देवी पार्वती के घर ले जाया गया था। शिव-शक्ति की जोड़ी को प्रेम, शक्ति और एकजुटता का प्रतीक माना जाता है। उनके पवित्र मिलन का प्रतीक त्योहार, महा शिवरात्रि, पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत की आस्था और सनातन की समरसता के जीवंत प्रतीक महाकुंभ-2025, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आज 1.30 करोड़ से अधिक तथा अब तक 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मानवता का पर्व। एकता के इस महायज्ञ में आज पवित्र स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त करने वाले सभी पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई! हर हर गंगे माँ की जय!

महाकुंभ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बड़े पैमाने पर स्वच्छता एवं सफाई के प्रयास लागू किए गए हैं। इसने 15,000 सफाई कर्मचारियों के साथ कई स्थानों पर सफाई अभियान में भाग लेकर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि, इस रिकॉर्ड प्रयास के अंतिम परिणाम 27 फरवरी को घोषित होने की उम्मीद है।

### हेमन्त सोरेन बाबा नगरी देवघर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में हुए शामिल

# देवघर का शिवरात्रि महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में : मुख्यमंत्री

- आने वाले समय में आप सभी के सहयोग से आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाएंगे।
- इस महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता असीम आस्था और श्रद्धा का परिचायक है।




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा नगरी देवघर में बाबा भोलेनाथ के चरणों पर शीश नवाकर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आज यहां शिव बारात में सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिला है। यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं, जिसमें इंसान के साथ जीव-जंतु भी शामिल है।

यह शिव बारात मात्र नहीं है। ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दशार्ता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है और कहीं ना कहीं दुनिया इसी की बदौलत चल रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा नगरी देवघर के केएनएन स्टेडियम में आयोजित शिव बारात महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया।

**उमंग, उत्साह, खुशी, श्रद्धा भक्ति एवं आस्था का है दिन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए उमंग, उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का दिन है। महाशिवरात्रि का महापर्व सदियों से मनाते आ रहे हैं और आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी।

बाबा नगरी देवघर के लिए यह महापर्व विशेष है। यहां महाशिवरात्रि के पर्व के साथ निरंतर नया अध्याय जुड़ता जा रहा है। आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है।

**आस्था का यह केंद्र और मजबूती के साथ आगे बढ़े सभी का सहयोग जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। श्रावणी मेले के दौरान देश-दुनिया से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। इतना ही नहीं सालों भर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहता है। इस पवित्र स्थल को और बेहतर करने के लिए सरकार मंथन करेगी और इसमें आपका सहयोग काफी मायने रखेगा। आने वाले समय में आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाना है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शिव बारात महोत्सव में मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक उदय शंकर सिंह, पूर्व मंत्री श्री बादल, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, संताल परगना के आयुक्त लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़िदेशी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अंबर लकड़ा तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**रांची :** महाशिवरात्रि के मौके पर राजधानी रांची के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बुधवार सुबह से ही रांची के पहाड़ी मंदिर सहित कोकर, बूटी मोड़, लालपुर, बरियातू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, नामकुम के मराशिली पहाड़, हिनू, डोरंडा, धुर्वा आदि मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं और भक्ति गानों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। रांची के पहाड़ी मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है। साथ ही जलाभिषेक के लिए गर्भगृह में अरघा प्रणाली का भी आयोजन किया गया है, ताकि भक्तों को जलाभिषेक में आसानी हो और वे महादेव से सुख-समृद्धि की कामना कर सकें। मंदिर प्रबंधन के प्रवक्ता बादल ने बताया कि अब तक लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया है।

### कुंभ से लौट रही राज्यसभा सांसद की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

# महुआ माजी का हाल जानने ऑर्किड अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**लातेहार :** सांसद महुआ माझी के सड़क हादसे में घायल होने की खबर सुनने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ ऑर्किड अस्पताल पहुंचे और उनका हाल जाना। दोनों ने मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने ऑर्किड अस्पताल के चिकित्सकों से महुआ माजी के स्वास्थ्य सुधार से संबंधित जानकारी ली। मालूम हो कि राज्यसभा सांसद महुआ माजी और उनके परिजन महाकुंभ स्नान कर वापस रांची लौट रहे थे, बुधवार के अहले सुबह लातेहार जिला स्थित होटवाग गांव के समीप पहुंचते ही उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में महुआ माजी और उनके परिजन घायल हुए हैं।



सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव के पास बुधवार की अहले सुबह एनएच 39 पर राज्यसभा सांसद महुआ माझी की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में राज्यसभा सांसद के हाथ में गंभीर चोट आई है। उन्हें लातेहार में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सांसद की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में महुआ मांझी, उनके बेटे सोमबीत मांझी, बहू कृति श्रीवास्तव मांझी और चालक भूपेंद्र बासकी जख्मी हो गए। घटना के वक्त सांसद का परिवार महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा था, और उनकी कार की टक्कर घटनास्थल पर खड़ी ट्रक से हो गई। बताया जा रहा है कि कार उनका बेटा चला रहा था। इसी दौरान नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जाकर टकरा गई।

### सरकार ने किया टीएसी का गठन, सीएम अध्यक्ष, चमरा लिंडा उपाध्यक्ष और बाबूलाल समेत 15 विधायक बने सदस्य



**रांची :** नए ट्राईबल एडवाईजरी कमेटी में राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अध्यक्ष होंगे, जबकि समाज कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पदेन उपाध्यक्ष होंगे। एससी, एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके मुताबिक 15 विधायकों को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जिन विधायकों को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। उनमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चम्पाई सोरेन का नाम भी शामिल है। कमेटी में विधायक पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, विधायक आलोक सोरेन, सुईस मरांठी, संजीव सरदार, सोनाराम सिंकु, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, राम सूर्य सुंठा, राजेश कच्छप, जिगा सुसारन होरो, नमन विक्सल कोंगाडी और रामचंद्र सिंह को भी सदस्य बनाया गया है।

### एक नजर

**बोलेरो-कंटेनर की टक्कर में चार की मौत, सात घायल**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बुधवार दोपहर को बोलेरो और कंटेनर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कंटेनर में आग लगी दी। बोलेरो में सवार लोग महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सीतापुर पुलिस के अनुसार बोलेरो वाहन में 11 से अधिक लोग सवार थे, जो जशपुर जिले के किलकिला स्थित भोलेनाथ मंदिर में दर्शन कर अपने गांव रेवापुर लौट रहे थे। सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालमपुर में मुख्य मार्ग एनएच-43 पर विशुनपुर प्लांट के पास बुधवार दोपहर को बोलेरो की एक कंटेनर से टक्कर हो गई।

# नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, भाजपा कोटे के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**पटना :** बिहार में बुधवार शाम चार बजे राजभवन के राजेंद्र मंडप में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इनमें भाजपा कोटे से कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सरावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। खास बात यह रही कि मिथिलांचल के दो विधायक संजय सरावगी और जीवेश कुमार मिश्र ने मैथली भाषा में शपथ ग्रहण की। सबसे पहले दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने शपथ ली। उन्होंने मैथिली में शपथ ग्रहण की।



इसके बाद बिहार शरीफ से भाजपा विधायक सुनील कुमार ने शपथ ग्रहण की इसके बाद दरभंगा के जाले विधानसभा सीट से भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राजू सिंह व रीगा से विधायक मोती लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। छठे नम्बर पर कृष्ण कुमार मंटू ने, जबकि सबसे अंत में विजय कुमार मंडल ने शपथ ग्रहण की। नीतीश कुमार के कैबिनेट विस्तार में सिर्फ जातीय बल्कि ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय समीकरण का भी पूरा ध्यान रखा गया है। भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी विधायक बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं।

ऐसे में उन क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व करने से निश्चित तौर पर इसका असर इसी साल होने वाले बिहार

- राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ।

विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। भाजपा ने बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र के महत्व को समझते हुए इस क्षेत्र से दो विधायकों को मंत्री बनाया है। माना जा रहा है कि आने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा अपने इस दांव से मिथिलांचल के करीब 50 सीटों पर लीड लेने की कोशिश करेगी। उल्लेखनीय है कि कृष्ण कुमार मंटू छपरा के अमनौर क्षेत्र, विजय मंडल अररिया जिले के सिकटी, राजू सिंह साहेबगंज, संजय सारावगी दरभंगा जीवेश मिश्रा जाले, सुनील कुमार बिहारशरीफ और मोती लाल प्रसाद रीगा क्षेत्र से आते हैं। बिहार विधानसभा का बजट सत्र 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। ऐसे में बजट सत्र से पहले मंत्री पद की शपथ लेने वाले भाजपा के सातों विधायकों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। दरअसल इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव को देखते हुए इस बार का बजट सत्र काफी अहम होने वाला हैं। बजट सत्र के दौरान नए मंत्रियों की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। इन मंत्रियों पर अपने-अपने विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कराने की चुनौती होगी। सुबह दिया था जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दरअसल बिहार सरकार कैबिनेट के विस्तार का घटनाक्रम एकाएक बुधवार की सुबह चर्चा में आया।

### शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाने पर हुई दो गुटों के बीच हिंसक झड़प



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** लाउडस्पीकर लगाने के दौरान हिंदुस्तान चौक पर दोनों समुदायों के बीच झड़प हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवरात्रि पर गाना बजाने के लिए लाउडस्पीकर लगाने के दौरान यह घटना घटी। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, पूरी सड़क पर पत्थर के टुकड़े पड़े नजर आए। प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को शांत करवाया है। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है दोषियों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

एक नजर

## सड़क दुर्घटना में एएनएम संजू प्रकाश सिंह की मौत

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र बुंडू में कार्यरत ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ एएनएम संजू प्रकाश सिंह का सड़क दुर्घटना में दर्दनाक निधन हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वह घर से ड्यूटी के लिए आ रहे थे। इस अचानक हुई दुखद घटना से स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। अस्पताल के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया और कहा कि संजू प्रकाश सिंह एक कर्मठ और समर्पित स्वास्थ्यकर्मी थी, जिनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। अस्पताल प्रशासन और सहकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

## बिजली चोरी के मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही :** बिजली चोरी के मामले में बिजली कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में छह लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें साधनापूरी निवासी संगीता देवी पति राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, लोहारटोली निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता सरयू प्रसाद लोहार, धनबाद रोड निवासी विन्देश्वरी देवी पति रामनरेश यादव, कोनरा निवासी रफत आरा पति खुर्शीद आलम, धनबाद रोड निवासी संतोष कुमार सिंह पिता डेगन सिंह और कोनरा निवासी परमेश्वर गोप पिता भवानी गोप शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों ने पांच घरों में की चोरी

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के कोल्हुआखुर्द गांव में चोरों ने बीते रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार देर रात करीब 2 बजे चोरों ने इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित करने के लिए 11 हजार वोल्ट के तार को कपड़े से बांधकर शॉर्ट सर्किट कर दिया। बिजली गुल होते ही चोरों ने पांच घरों और एक दुकान को निशाना बनाया और लाखों रुपये के गहने व कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। इस चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। जिन घरों में चोरी हुई, उनमें महादेव यादव, प्रकाश यादव, फरीद मियां सहित कोल्हुआकला के बहादुर ठाकुर की दुकान शामिल है। चोरों ने घरों में घुसकर अलमारी और संदूकों को तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोल्हुआकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव, मूलचंद यादव, महेश यादव और अरविंद राणा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मुखिया मंगलदेव यादव ने इस घटना की सूचना तुरंत बरही थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम पुलिस अवर निरीक्षक नागेंद्र पाण्डेय सशस्त्र पुलिस बल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। बरही थाना पुलिस ने चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर इलाके में पूछताछ शुरू कर दी है। चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में रात के समय पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# लाउडस्पीकर बांधने के विवाद पर दो पक्षों के बीच झड़प, एक कार समेत सात बाइक जलकर खाक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इचाक :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरौन गांव के पीपर टोला स्थित न्यू सनातनी हिंदुस्तान चौक पर लगे लोहे के स्तंभ में महाशिवरात्रि पर लाउडस्पीकर का चोगा बांधने के विवाद में दो पक्षों के झड़प हो गई। जिसके बाद हुई पत्थर बाजी में आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हो गए। इस दौरान उपद्रवियों ने एक कार, छह बाइक, एक स्कूटी और साइकिल को आग के हवाले कर दिया।जबकि उपद्रवियों ने सड़क पर खड़ी एक ऑटो को पलट दिया। जबकि बाइक को कुएं में धकेल दिया।घटना में चार मोटरसाइकिल एवं एक बलेनो कार वाहन जलाकर खाक हो गया।जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए उपद्रवियों को चिन्हिति करण शुरू कर दिया है। घटना के बाद से पूरे डुमरौन गांव के गली मोहल्लों में सन्नाटा परसा हुआ है । उपद्रवियों ने घटना को अंजाम पुलिस के मौजूदगी में बुधवार की सुबह आठ बजे दिया। मामले को आपसी सामंजस्य से सुलझाने के मकसद से थाना प्रभारी संतोष कुमार बुधवार की सुबह गांव पहुंचे। जहां पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों पक्ष के दर्जनों लोग मौजूद थे। एक पक्ष के लोग चौक स्थिति लोहे के स्तंभ में शिवरात्रि पर चोगा बांधने जबकि दूसरे समुदाय के लोग इसका विरोध पर उतर आए। दोनो पक्षों को सुनने के बाद वहां मौजूद पुलिस और ग्रामीणों में सहमति बनी कि शिवरात्रि को देखते हुए दो दिन के बाद चोगा खोल दिया जाएगा।इतना सुनते ही एक पक्ष के उपद्रवियों ने घरों की छत और मस्जिद कैंपस से पत्थर बाजी शुरू कर दिया। अचानक होती पत्थर बाजी से वहां मौजूद लोग हक्का-बक्का रह गए। लोग कुछ समझ पाते इससे पूर्व दूसरे पक्ष के लोगों ने जवाबी पत्थर बाजी शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों ओर से होती पत्थर बाजी से हिंदुस्तान चौक पर सन्नाटा पसर गया। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला बल के अतिरिक्त जवानों के साथ कई थानों के पुलिस पदाधिकारी और सहायक एसपी श्रुति, एसडीपीओ अमित कुमार, एसडीओ लोकेश बारंगे, सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार, इंस्पेक्टर विनोद कुमार समेत कई थानों के पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने मिलकर स्थिति को संभाला। समाचार लिखे जाने तक पुलिस डुमरौन के हिंदुस्तान चौक पर कैंप कर रही है। स्थिति नियंत्रित में बताया जा रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद उपद्रों में शामिल लोग घरों से फरार हो गए हैं जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। शिवरात्रि के दिन न्यू हिंदुस्तान चौक पर लगे लोहे के स्तंभ में लाउडस्पीकर बांधने का विवाद स्कूल गेट पर मीनार बनाने से जुड़ा है। करीब एक डेढ़ साल के पूर्व एक पक्ष के लोगों द्वारा सरकारी स्कूल के गेट पर मीनार का निर्माण कर दिया गया। जिसका मामला थाना से लेकर एसडीओ और अंचलाधिकारी तक पहुंचा था पुलिस और प्रशासन ने आपसी समझौता करा कर मामले को सालता दिया गया था।

## जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा हूं : प्रदीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। अपने कार्यालय में फुटपाथ व्यवसायियों के प्रतिनिधियों से वार्ता करने के बाद वे स्वयं कचहरी चौक पहुंचे और व्यवसायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए निर्देश दिया कि वे अपने-अपने स्थान पर दुकान लगा सकते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मामले में नगर निगम के नगर आयुक्त और ट्रैफिक इंचार्ज से भी वार्ता की। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक फुटपाथ व्यवसायियों के लिए कोई स्थाई समाधान नहीं निकल जाता, तब तक किसी भी व्यवसायी को बेवजह तंग न किया जाए। उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारी अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, ऐसे में उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। विधायक ने ट्रैफिक प्रभारी को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए फुटपाथ व्यवसायियों को रोजगार करने की पूरी छूट दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपील की प्रशासन ऐसा समाधान निकाले जिससे न तो ट्रैफिक प्रभावित हो और न ही छोटे व्यापारियों का नुकसान हो। विधायक के इस हस्तक्षेप से फुटपाथ व्यवसायियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने श्री प्रसाद के इस प्रयास की सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया। व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि विधायक ने उनकी वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से लिया है और उनके हक के लिए मजबूती से खड़े हैं। फुटपाथ व्यवसायियों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, मैं आपका हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा हूं। जब तक आप सभी को एक स्थायी समाधान नहीं मिल जाता, तब तक मैं आपके हक के लिए लड़ता रहूंगा। इस फैसले से न केवल फुटपाथ व्यवसायियों को राहत मिली है, बल्कि हजारीबाग के बाजार क्षेत्र में संतुलित व्यवस्था बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## बुढ़वा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के प्रकृति के गोद में बसा लगभग 500 फिट ऊपर पहाड़ में स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना किया। कांडतरी गांव के द्वारा शिव बारात निकालकर बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण तक नाचते झूमते भूत, पिचाश, भालू, बंदर सहित अन्य भेष धारण कर पहुंचे। विधायक रोशनलाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद जीप सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार सहित अन्य लोगों ने पूजा अर्चना व माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मेले को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने जयकारा लगाते हुए कहा कि हम सभी एक साथ मिलकर बड़कागांव बुढ़वा महादेव को झारखंड स्तर तक ही नहीं राष्ट्र स्तर तक विकास करने का जरूरत है।बुढ़वा महादेव को ऐसा विकास किया जाए ताकि पूरे राष्ट्र स्तर के लोग बाबा के दर्शन करने के लिए यहां तक पहुंचे जो की बुढ़वा महादेव बाबा में बहुत सत्यता है और इन्हीं का आशीर्वाद है कि आज हम आप सबों के सामने एक जनप्रतिनिधि बनकर आए हैं। आगे उन्होंने कहा कि मैं बुढ़वा महादेव के विकास के लिए 24 घंटे तैयार है। वही पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हम सभी भगवान शिव भक्तों को सबसे पहला नशा को त्याग करना होगा क्योंकि नशा हमारा धर्म नहीं सिखाता है। नशा की वजह से ही हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए आज हम सभी बुढ़वा महादेव के सामने संकल्प ले की हम लोग नशा का त्याग करेंगे।

## अश्विनी कुमार के आश्रित को मिला 5 लाख का सहयोग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** 24 फरवरी को सियाल पतरातु निवासी अश्विनी कुमार का टंडवा से आने के दरमियान चट्टी बरियातू एवं केरेडारी कॉल माइंस के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हाईवा से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई इसकी सूचना पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को दिया गया। वह घटनास्थल पर आए और रोड जाम स्थल पर 10 लाख रुपए का डिमांड रखा और एक नौकरी लेकिन ट्रांसपोर्टर और कंपनी से बात करने पर 500000 में सहमति बनी जिसमें मृतक के पत्नी विनीता कुमारी के नाम से चेक दिया गया एव सड़क दुर्घटना में ग्राम बुकरू के ग्रामीण जनता का अहम योगदान रहा घटनास्थल पर 30 घंटा हो जाने के बाद भी स्थानीय विधायक और सांसद नहीं पहुंचे आए दिन दुर्घटना लगातार होते रहती है। कॉल ट्रांसपोर्टिंग से लगभग 1500 लोग हाईवे के शिकार हुए हैं ग्रामीण जनता का मांग है कि ट्रांसपोर्टिंग के लिए अलग से कंपनी रास्ता बनावे ग्रामीण जनता का सड़क है। उस पर ग्रामीण जनता ही चले ग्रामीणों ने यह भी कहा कि एक मुआवजा नीति तय होना चाहिए ।

## आईटीआई में हो रही गड़बड़ी को लेकर विकास सिंह ने सीएम को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** युवा साथी झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही में हो रही अनियमितता से अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित आई टी आई कॉलेज बेंदगी में प्राचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा कई घोर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्राचार्य द्वारा कॉलेज के संचालन कार्यों के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर भारी- भरकम पैसों की लूट और गबन किया जा रहा है। साथ ही पत्र में उन्होंने लिखा है कि प्राचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा अपने निजी कार्यों एवं हितों के लिए सरकारी परिसर का उपयोग किया जा रहा है। सरकार से प्राप्त राशि को कॉलेज स्टाफ के खाते में भेजकर उन्हें ही मजदूर दिखाकर लगातार राशि की निकासी की जा रही है। ग्रामीणों से कोई समन्वय बनाकर नहीं चलना और उन्हें मारने-पीटने की बात एवं अपने पवार का धौंस दिखाकर धमकी देना। सुरक्षा प्रहरी के उपस्थिति को बिना किसी कारण काट कर और उनसे अपना व्यक्तिगत कार्य करवाना। उनके मानदेय राशि को कम कर उनका शोषण करना। साथ ही विद्यार्थियों के लिए आने वाले राशि को गलत तरीके से निकासी कर अपने व्यक्तिगत कार्यों में उपयोग करना। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया है औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही में हो रहे अनियमितता की जांच करें तथा संलिप्त दोषी पदाधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई करें।

# पुल निर्माण कार्य में दिखी अनियमितता, गोलबंद हुए ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचाक :** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ईचाक प्रखंड क्षेत्र में आने वाले पोखरिया डाढा कुर्थिया के सीमावर्ती नदी में करोड़ों रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। यह पुल ईचाक और बरकट्ठा प्रखंड के साथ-साथ दर्जनों गांवों को जोड़ती है । इसी पुल के माध्यम से हजारों की संख्या में आदिवासी बहुल क्षेत्र के ग्रामीण आवागमन भी करेंगे। लेकिन पुल का निर्माण कार्य में एक बड़ा लापरवाही देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर आज ग्रामीण मंगलवार को गोलबंद दिखे। ईचाक से खैरा पथ निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता के अलावे आसपास गांव के ग्रामीण ने इस निर्माण कार्य का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि दशक से यह सड़क और पुल काफी जर्जर थी । हम लोगों ने गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक इस सड़क निर्माण को लेकर संघर्ष किया है। आज की हालत है कि पुल का निर्माण करवा रहे हैं संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता देखी जा रही है। फिलहाल पुल निर्माण के बाद गढ़वाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें कच्चा बालूई पत्थर और निम्न किस्म का बालू का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं बल्कि गढ़वाल निर्माण के बाद इसमें पानी तक भी नहीं दिए जा रहे हैं। जिससे यह गढ़वाल काफी कमजोर साबित होगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर संवेदक इस निर्माणकार्य में सुधार नहीं करते हैं, तो हम सभी ग्रामीण इसकी शिकायत ग्रामीण कार्य विभाग को भी करेंगे। ग्राम पंचायत डाढा के मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता ने कहा कि पुल निर्माण को लेकर डाढा पंचायत के अलावे दर्जनों गांव के ग्रामीण काफी संघर्ष किए हैं और इस पुल से ग्रामीणों को बड़ी आस है। पुल निर्माण कार्य में एक बड़ा लापरवाही सीधे तौर पर इसके गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा करता है, आगे उन्होंने बताया कि अनियमिता के खिलाफ हम सभी ग्रामीण एक है संवेदक की मनमानी बिल्कुल भी नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते दिन भी मनमानी तरीके से गढ़वाल का निर्माण किया जा रहा था। जिस पर इन्होंने आवाज उठाया उसके बाद गढ़वाल निर्माण में सुधार किया गया है। लेकिन अभी भी निर्माण कार्य में काफी अनियमितताएं देखी जा रही है।

पुल का निर्माण में निम्न किस्म के सरिया का प्रयोग किया गया, तो वहीं ढलाई के दौरान वाइब्रेटर भी नहीं चलाए गए हैं। इतना ही नहीं बल्कि बाहर दिखने वाले सबूत को भी सीमेंट के घोल से निर्माण के बाद छुपाया गया है। पुल के दोनों छोर मिट्टी भराई का भी कार्य किया जा रहा है जो 5 फीट लगभग ऊंचा भरने के बाद रोलर का प्रयोग किया जाता है जो बरसात में रोड दब जाएगा। आगे कहा कि अनियमितता को लेकर हम सभी ग्रामीण आवेदन बनाकर विभाग को सोंपने जा रहे हैं। संदर्भ में पुल निर्माण करवा रहे संवेदक रामचंद्र यादव ने बताया कि इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा मिली है, जो कच्चा पत्थर कार्य स्थल पर भंडारण किया गया हैं, इसका जल्द उठाव किया जाएगा और बेहतर तरीके से कार्य किए जाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश मेहता, दयानंद कुमार, सीताराम मेहता, अशोक मेहता, मंटू मेहता बबलू मेहता, गणेश कुशवाहा, केशो दास, महेन्द्र मेहता, राजू मेहता के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## महावीर मंदिर कानी बाजार का 17वां वर्षगांठ धूमधाम से मना



**हजारीबाग :** हर साल के भांति इस साल भी बुधवार को हनुमान मंदिर कानी बाजार का वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। सुबह में पूजा, हवन और दिन में धूमधाम से भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों महिला, पुरुष और धर्मप्रेमी लोग शामिल हुए। मंदिर के सचिव विवेक बरियार ने कहा कि इस तरह के आयोजन करने से लोगों का धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। मंदिर के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मन को बहुत शांति लगती है और सामाजिक समरता का माहौल बनता है। भंडारा की शुरूआत मंदिर के अध्यक्ष शंकर चंद पाठक और नगीना सिंह ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महावीर मंदिर के भंडारा प्रमुख कुलदीप वर्मा,कृष्ण किशोर प्रसाद,भैया मनोरंजन,अरुण वर्मा,मनोज ठाकुर,बालों राम,अशोक सिन्हा, ओमप्रकाश गुप्ता,प्रो नीलमणि मुखर्जी, समिति के सदस्य गोपाल गुप्ता,निरंजन यादव,सुबोध सिन्हा ,सुरेंदर सिंह, बिट्टू वर्मा, शंकर वर्मा, संजय गुप्ता ,संतोष यादव,उत्तम कुमार, राकेश गोलू,मुकुल सिन्हा, राजेश सिन्हा, रजनी रंजन सिन्हा,अविनाश सिन्हा, बबलू सिन्हा,सुरेंद्र सोनी,पिंटू सिन्हा,उमेश ठाकुर, मुन्ना ठाकुर , टुल्लू सिन्हा, संतोष गुप्ता, कमल अग्रवाल,रिंकू सिन्हा,सुभाष सिन्हा,प्रेमजीत सिंह,गोपाल पंडित,मनीष गुप्ता,सक्षम गुप्ता,मुकेश सिन्हा,मुंगेश्वर चौधरी ,प्रकाश अठारह , कुमुद मोदी,एडवोकेट कुणाल कुमार,करण कुमार,संजय वर्मा,मुख्य पुजारी गोपाल कृष्ण मिश्रा गुड्डू बाबा और चिंटू बाबा मौजूद थे।

## विभावि महिला शतरंज दल ने दर्ज की अपनी पहली जीत



**हजारीबाग :** पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला शतरंज प्रतियोगिता में बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का शतरंज दल ने बेरहमपुर विश्वविद्यालय, उड़ीसा को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी विनोबा भावे विश्वविद्यालय दल के प्रबंधक डॉ अर्चना रीना धान ने दी। ज्ञात हो कि बतौर खिलाड़ी पारुल कुमारी, संजना कुमारी, खुशबू कुमारी, दीवीका गुप्ता, गुड्डू कुमारी तथा साक्षी शर्मा विश्वविद्यालय दल का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

## तिरंगा क्लब इचाक ने जेएफसी क्लब झुमरा को 3-0 से हराया



**हजारीबाग :** जिला फुटबाल रेफरी एवं पुराने फुटबॉल खिलाड़ियों की देखरेख में प्रथम स्वर्गीय बद्रीनाथ गोस्वामी फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन गांधी मैदान में किया जा रहा है। जिसमें चौथे दिन खेले गए मैच में तिरंगा क्लब,इचाक ने जेएफसी क्लब, झुमरा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया मैच से पहले डीएवी स्कूल, कैनरी हिल के प्राचार्य डॉ रजनीश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर नजरुल हसन, भैया मुरारी, बहादुर राम ,सरफराज अहमद सुरेंद्र शुक्ला अनवर हुसैन, मनोज राम, सूरज कुमार ,लाल किशोर प्रसाद और रेफरी में नेमन महतो,नरेश मुरमुर,कृष्णा हेंब्रम थे।

## बरही में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, ध्वजारोहण के साथ हुई पूजा-अर्चना

**बरही :** मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट, बरही द्वारा आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ के 14वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां भगवती के जयकारों के साथ महायज्ञ में भाग लिया। पूजा कार्य का संचालन आचार्य बेतुला जी के मार्गदर्शन में विधि-विधान से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने आचार्य जी के निर्देशन में हवन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव के सहयोग से ध्वजारोहण स्थल पर चापानल लगाया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को पेयजल की सुविधा मिल सके। इस कार्यक्रम में समिति के संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, किशोर ठाकुर, कामेश्वर पंडित, मुकेश राम, संजय यादव समेत जजमान व महिलाएं भी मौजूद रही। सभी ने संयुक्त रूप से महायज्ञ की सफलता की कामना की और इसे क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। महायज्ञ के दौरान भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्मा भाग लेंगे। पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेंगे और मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजा प्रखंड के सभी 23 पंचायतों के शिवालयों में काफी धूमधाम श्रद्धा के साथ मनाई गई। कुल 151 मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा के लिए कतार में लगे हुए थे। तमाम शिवालयों में सुबह से ही हर हर महादेव, बम बम भोले की जय घोष के साथ घण्टा बजता रहा। लोगों ने भक्ति भाव के साथ भगवान शिव पार्वती की पूजा की शिवलिंग पर दूध से जलाभिषेक किया गया। पूजा को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु तैयारी में जुट गए थे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख शांति समृद्धि की कामना की। वही प्रखंड के महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी पूजा की गई , भंडारा का भी आयोजन किया गया, लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बुढ़वा महादेव मंदिर में जला अभिषेक कर शिवलिंग की पूजा की। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बुढ़वा महादेव को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन स्थल घोषित करवाने का प्रयास किया जाएगा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा।

# महाशिवरात्रि पर रांची के शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** महाशिवरात्रि के मौके पर राजधानी रांची के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बुधवार सुबह से ही रांची के पहाड़ी मंदिर सहित कोकर, बूटी मोड़, लालपुर, बरियातू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, नामकुम के मराशिली पहाड़, हिनू, डोरंडा, धुर्वा आदि मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं और भक्ति गानों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। रांची के पहाड़ी मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है। साथ ही जलाभिषेक के लिए गर्भगृह में अरघा प्रणाली का भी आयोजन किया गया है, ताकि भक्तों को जलाभिषेक में आसानी हो और वे महादेव से सुख-समृद्धि की कामना कर सकें। मंदिर प्रबंधन के प्रवक्ता बादल ने बताया कि अब तक लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया है। वहीं, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए सुबह से ही पहाड़ी मंदिर की सुरक्षा की निगरानी कर रहे थे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर की गयी पूजा-अर्चना



**रांची :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम प्रारंभ हुआ। हर भोला,हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। वैश्विक शिवशिष्य परिवार की ओर से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है जिसमें पारस अस्पताल, धुर्वा के चिकित्सकों द्वारा आये हुए लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा एवम दवाई उपलब्ध कराई गई। तथा गरुड़ आई हॉस्पिटल के ओर से नि:शुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। तथा होमियोपैथीक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द ने महती भूमिका निभाई। अर्चित आनन्द ने गरुड़ आई हॉस्पिटल एवं पारस हॉस्पिटल के डॉक्टरों था व्यवस्थापक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन में इनका योगदान सराहनीय है। इस आयोजन में शिवशिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष बरखा आनन्द एवम शिवशिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनन्द भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### रांची में आर्य समाज ने महाशिवरात्रि को ऋषिबोधोत्सव के रूप में मनाया

**रांची :** अपर बाजार के श्रद्धानंद पथ स्थित आर्य समाज मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व को ऋषिबोधोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आर्य समाज ने डीएवी विद्यालयों के शिक्षकों से मिलकर सामूहिक रूप से वैदिक विधि-विधान के अनुसार हवन किया। इससे पूरा वातावरण वैदिक मंत्रों और आस्था की ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद सभागार में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन,उनके संघर्ष और वैदिक सिद्धांतों को दशार्ने वाले भजनों की प्रस्तुति दी गई। मौके पर श्रद्धालुओं ने महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों और उनके समाज सुधारक योगदान से लोगों को परिचित कराया। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास,पाखंड और कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष किया और वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का मार्ग प्रशस्त किया।इसलिए महाशिवरात्रि का पर्व आर्य समाज में केवल पारंपरिक रूप से नहीं, बल्कि ऋषिबोधोत्सव के रूप में उनके योगदान को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। उपस्थित सभी सदस्यों ने महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलने और समाज में वैदिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आर्य समाज संरक्षक एसएल गुप्ता, आर्य समाज के प्रधान राजेन्द्र आर्य, अजय आर्य,डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा सहित अन्य शामिल थे।

### मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा वातावरण

**पिठोरिया :** रांची जिले के पिठोरिया एवं इसके आसपास के गांवों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव की आराधना की। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, दही, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। कई जगहों पर भंडारे और कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शैव भक्त उपस्थित रहे।

### कल होगी बारिश



**रांची:** झारखंड का मौसम का मिजाज फिर से बदलने वाला है। पिछले 24 घंटें में राज्य में कई जगह बादल छाए रहें। राज्य में 28 फरवरी से फिर बारिश होगी। इसका असर कई जिलों में देखने को मिलेगा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने 26 फरवरी, 2025 को दी। तापमान में बदलाव होगा मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 3 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. : टीआरडी-आरएनसी-24-25-12, दिनांक 25.02.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का संक्षिप्त विवरण: रांची मंडल के नज़ल ट्राई रेटेड (16000) द्वारा लो रेटेड आइसोलेटरों की बदली। कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 45,89,934.58, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: रु. 91,800/-, अंतिम तिथि और समय: दिनांक 19.03.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-1182)

## दो दिवसीय ईद मेला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वुमेन झारखंड की ओर से अंजुमन प्लाजा, मेन रोड में दो दिवसीय ईद मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 26 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें 50 स्टॉल लगाए गए हैं। मेला सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे तक खुला रहेगा। इस मेले में हाथों से बनाई गई हैंडलूम से संबंधित दुकानें सजी हैं। यहां ओरी फ्लेम, कॉस्मेटिक्स, सूट, फिंगर रिंग, ज्वेलरी, हैंडमेड सेट, फेस वॉश, बॉडी वॉश, बॉडी क्रीम, साबुन, ऐलोवेरा, हीलिंग हल्दी और चारकोल जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वुमेन झारखंड की निदेशक खुशबू खान ने बताया कि पिछले साल हुनर कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ था। घर में जो महिलाएं छोटा-मोटा काम कर रही हैं, उन्हें अब एक बड़ा प्लेटफॉर्म दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें अपने काम के लिए ग्राहक उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है। ईद मेला में लगाए गए 50 स्टॉल मेला में लगभग 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें कपड़े, एसी सीरीज, जूते-चप्पल, नकाब, अबाया, गिफ्ट आइटम, हिजाब, ड्राई फ्रूट्स, चूड़ी, सेवई, कुनाफा, बाकलावा, नाइटवियर समेत अन्य कई वस्तुओं की बिक्री हो रही है। खुशबू खान ने कहा कि हमारा ईद मेला हमारी संस्कृति, विरासत, एकता और विविधता का जश्न है। पारंपरिक पोशाक, पाक कला के खजाने और हार्दिक सौहार्द का यह मेला है, जिसमें सभी आनंद लेते हैं।

## पुलिस पदाधिकारी चाहते हैं बदलाव : राहुल मुर्मू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल मुर्मू ने कहा सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं। इसको लेकर राहुल मुर्मू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियों के होने वाले चुनाव में पूरे राज्य से कुल 1056 प्रतिनिधि मतदान करेंगे। केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन में कुल सात पद के लिए चुनाव होना है जिसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एक, महामंत्री,दो संयुक्त सचिव और एक संगठन सचिव शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के सभी जिला, वाहिनी, इकाई भ्रमण करने के बाद यह बात प्रकाश में आया कि पुलिस पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं पर पूर्व के एसोसिएशन केंद्रीय पदाधिकरियो से उदासीनता, उपेक्षाक्षा, पूर्वाग्रह का शिकार हुए हैं। सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं। 2 साल देरी से कराया जा रहा है चुनाव राहुल मुर्मू ने कहा कि पुलिस एसोसिएशन के सदस्य पुलिस पदाधिकारी में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, क्योंकि यह चुनाव अपने नियत कार्यकाल से दो साल देरी से कराया जा रहा है, हमारी टीम विजय होकर आने पर सभी पुलिस पदाधिकारी के सम्मान, विभिन्न समस्या, स्थानांतरण में एकरूपता, सःसमय प्रोन्नति, आर्थिक लाभ आधारभूत संरचना, वर्षों से लंबित एसीपी एमएसीपी का लाभ प्रदान कराया जाना सभी प्रकार के भत्ते का पुनरिच्छित करते हुए भुगतान कराया जाना सहित सभी सदस्यों के इलाज के लिए जल्द से जल्द बेहतर सुविधा प्रदान कराया जाना हमारी प्रमुखता है।

## जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं हो रही है प्रभावित : अजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष पद सहित कई महत्वपूर्ण पदों के खाली होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन पदों के रिक्त रहने से आयोग की कार्यक्षमता बाधित हो रही है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और कई परीक्षाओं का प्रकाशन नहीं हो पा रहा है। इससे राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। यह राज्य के युवाओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए। साथ ही, आयोग के खाली पदों को भी भरना चाहिए ताकि आयोग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि वह इस मुद्दे को प्राथमिकता में रखे और जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करे। साथ ही, आयोग के खाली पदों को भी भरे ताकि आयोग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन इस मुद्दे पर सरकार से जवाब चाहता है और आवश्यक कार्रवाई की मांग करता है । उन्होंने राज्य के युवाओं से भी अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हों और सरकार से जवाब मांगें।

## अफीम की खेती सरकार प्रायोजित संगठित अपराध : रमाकांत महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड में अफीम की खेती को लेकर हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सरकार द्वारा बुलडोजर और ट्रैक्टर से अफीम की फसलों को नष्ट करने की कार्रवाई को महज आईवॉश करार दिया है। महतो का कहना है कि राज्य में संगठित गिरोह बनाकर सरकार खुद अफीम की खेती करा रही है और उगाही का पैसा सीधे सीएम तक पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस महकमा और सरकारी तंत्र इस अवैध खेती को बढ़ावा देने में शामिल है। उन्होंने खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि जब लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की खेती हो रही थी, तब सरकार का यह विभाग क्या कर रहा था उनका दावा है कि अफीम की फसल तैयार होने के बाद माल पंजाब, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में भेज दिया जाता है, उसके बाद सरकार जागती है और पुलिस से खेतों को नष्ट करा दिया जाता है, जो केवल दिखावे की कार्रवाई है। रमाकांत महतो ने कहा कि सरकार के इशारे पर पुलिस ग्रामीण इलाकों में गिरोह बनाकर भोले-भाले किसानों को अफीम की खेती के लिए उकसाती है और प्रति डिसमिल के हिसाब से उगाही करती है। उन्होंने सवाल किया कि यदि यह खेती सरकार प्रायोजित नहीं है तो अब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## रक्षा राज्य मंत्री ने रांची की जनता को दी एक और सौगात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**राज्यपाल संतोष गंगवार ने नमो ई-लाइब्रेरी का किया लोकार्पण**

**दुनिया की सभी पुस्तकों का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन उपलब्ध होगा**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल नमो ई लाइब्रेरी सह साइबर कम्युनिटी सेंटर शुरू किया गया है। इसका लोकार्पण 26 फरवरी को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया। पीएम नरेंद्र मोदी के रिसर्च और इनोवेशन के मंत्र का प्रमुख माध्यम यह केंद्र बनेगा, जहां शोध से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि संजय सेठ द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में की जा रही पहल सराहनीय है। यह केंद्र युवाओं शोधार्थियों के लिए बहुत सहयोगी साबित होगा। समाज के अधिक से अधिक युवा, शोधार्थी और महिलाएं इस केंद्र का लाभ उठाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसी सोच के तहत यह सेंटर काम करेगा। राजनीति समाज सेवा का बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में सदैव मार्गदर्शन देते हैं। उन्हीं की प्रेरणा से पहले बुक बैंक, फिर टॉय बैंक और अब नमो ई लाइब्रेरी का शुभारंभ कर रांची की जनता को समर्पित कर रहा हूं। विकसित भारत में तकनीकी रूप से हमारे युवा, हमारी महिलाएं सशक्त योगदान दे सकें, इस उद्देश्य से भी नमो ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई है।श्री सेठ ने कहा कि साइबर पीस फाउंडेशन ने इसकी स्थापना और संचालन के लिए सकारात्मक योगदान दिया है। तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ साइबर शिक्षा के क्षेत्र में भी लोग स्किल्ड हों, रोजगार के अवसर सृजित हों, इस उद्देश्य से भी इस लाइब्रेरी का योगदान महत्वपूर्ण होगा। झारखंड में पहली बार शुरू हुई यह लाइब्रेरी हर वर्ग को समर्पित रहेगी। रांची में रह रहे झारखंड और देशभर के विद्यार्थी और युवा इससे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, साइबर पीस फाउंडेशन के प्रमुख मेजर विनीत, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, भाजपा रांची जिला अध्यक्ष वरुण साहू, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ई-लाइब्रेरी की विशेषताएं यहां पर पुस्तक, ऑडियो बुक, रिसर्च पेपर, एजुकेशनल पत्रिकाएं और जर्नल उपलब्ध होंगी। दुनिया की सभी पुस्तकों को ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन उपलब्ध होगा। इस लाइब्रेरी में साइबर स्किल और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिसमें इंडिया एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, ड्रोन दीदी जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। महीने में एक बार परिचर्चा सत्र होगा, जहां विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण और जानकारी दी जाएगी।



## संक्षिप्त खबरें

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपन शिविर का हुआ आयोजन



**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनिता सिंघानिया के नेतृत्व में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने सहयोग किया। शिविर में मौजूद दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग हाथ - पैर, एक ट्राइसाइकिल, चार व्हीलचेयर, तीन बैसाखी, छह कैलिपर, दो ईयर मशीन का वितरण किया गया। साथ ही लोगों के बीच भोजन का भी वितरण किया गया। कृत्रिम अंग पाकर दिव्यांग लोग काफी खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने समर्पण शाखा द्वारा आयोजित इस शिविर की प्रशंसा की और उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर महावीर विकलांग सहायता समिति के अध्यक्ष ललित केडिया और रतन अग्रवाल को शाखा की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनिता सिंघानिया ने बताया कि दोनों लोगों का सहयोग समर्पण शाखा को निरंतर मिलता रहता है। कार्यक्रम में विनीता सिंघानिया, पूजा अग्रवाल,कविता जालान और शाखा के कई सदस्य मौजूद थे।

### झारखंड-बिहार का 13 लाख का इनामी नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या



**रांची :** झारखंड-बिहार का मोस्टवांटेड 13 लाख इनामी नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी हत्या बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के मंझौली स्थित टेकरा खुर्द गांव के समीप जंगल में की गई। हत्या के पीछे का कारण नक्सलियों की आपसी वर्चस्व की लड़ाई बताई जा रही है। जंगल में पड़ा मिला था विवेक का शव घटना के संबंध में बताया जा रहा हैं कि पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार लकड़हारों और चरवाहों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। उन्होंने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज भेजा और उसकी पहचान में जुट गई। मंगलवार की देर शाम में मृतक की पहचान नक्सली नेता विवेक यादव के रूप में की गई। प्रेमिका से आया था मिलने बताया जा रहा है कि विवेक यादव अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान उसके साथियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या को क्यों अंजाम दिया गया, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि पुलिस से पकड़े जाने के डर से विवेक के साथियों ने उसकी हत्या की है। झारखंड में कई नक्सली घटनाओं में था शामिल बता दें कि झारखंड पुलिस ने विवेक पर दस लाख का इनाम रखा था। जबकि बिहार पुलिस ने उस पर तीन लाख का इनाम घोषित किया रखा था। विवेक बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जोनल कमेटी में शीर्ष नक्सली लीडर में शामिल था और कई सालों से वह सक्रिय था। विवेक झारखंड में कई नक्सली घटनाओं में शामिल था। नक्सली नेता संदीप की मौत के बाद संभाली थी कमान नक्सली नेता संदीप की मौत के बाद विवेक यादव ने ही माओवादी संगठन की कमान संभाल रखी थी।

### अल्बर्ट एक्का चौक पर बनी 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति आकर्षण का बना केंद्र




**रांची :** राजधानी में धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाया जा रहा है। हर तरफ माहौल शिवमय हो गया है। इस खास मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक के सामने कपड़ा व्यवसायी राहुल मिढा ने शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति बनायी है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर/काशी विश्वनाथ , त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ ,नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर/घृष्णेश्वर शामिल हैं। राहुल मिढा ने बताया कि वो पिछले 15 सालों से महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं। हालांकि हर साल की तुलना में इस बार महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन किया है। बताया कि वो अपनी बेटी तिष्या के नाम पर श्रद्धालुओं को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करा रहे हैं। इसके अलावा, दोपहर दो बजे शिव-पार्वती का विवाह भी कराया जायेगा।

### 60 साल बाद दुर्लभ संयोग में मनाया गया महाशिवरात्रि




**रांची:** बुधवार को महाशिवरात्रि पर 60 साल बाद बहुत ही दुर्लभ संयोग बना, जिस कारण से इसका महत्व और भी बढ़ गया। दरअसल, महाशिवरात्रि पर ग्रहों का ऐसा संयोग बन रहा है, जो वर्षों बाद दोबारा से देखने को मिलेगा। आज यानी बुधवार को 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को देशभर में बड़े ही उत्साह के साथ महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर धन और वैभव के दाता शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में रहेंगे, जिसके कारण मालव्य राजयोग का शुभ संयोग बनेगा।इसके अलावा महाशिवरात्रि पर सूर्य और शनि की युति कुंभ राशि में होगी। कुंभ राशि के स्वामी शनिदेव होते हैं, ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि की राशि में विराजमान रहेंगे। शनि कुंभ राशि में रहते हुए शश नाम का राजयोग भी निर्माण करेंगे। वहीं बुधदेव भी कुंभ राशि में होंगे, जिससे कुंभ राशि में त्रिग्रही योग का संयोग बनेगा और सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य राजयोग भी बनेगा। जानें महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की पूजा का महत्व महाशिवरात्रि पर उपवास रहते हुए शिवजी की पूजा का विशेष महत्व होता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा का विधान है। शिवपुराण के अनुसार शिवजी के निराकार स्वरुप का प्रतीक ह्यलिंगह्न इसी पावन तिथि की महानिशा में प्रकट होकर सर्वप्रथम ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पूजित हुआ था। महाशिवरात्रि मनुष्य के लिए शिवजी की कृपा प्राप्त करने का पवित्र दिन भी है।

## एक नजर

### ब्लास्ट फर्नेस विभाग में हॉट मेटल के उत्पादन का नया रिकॉर्ड

**बोकारो** : स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में 25 फरवरी को ब्लास्ट फर्नेस संख्या 2 से 5764 टन हॉट मेटल के उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बना है। ब्लास्ट फर्नेस संख्या 2 से पिछला सर्वश्रेष्ठ दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड दिनांक 26 मार्च 2024 को 5627 टन हॉट मेटल उत्पादन का था। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेष्ठ 17672 टन दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का भी नया रिकॉर्ड बना है। चार फर्नेस परिचालन से 17009 टन दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का पिछला रिकॉर्ड दिनाँक 24 जनवरी 2025 को कायम हुआ था। उल्लेखनीय है कि चार फर्नेस परिचालन से जनवरी 2025 माह में अब तक का सर्वश्रेठ 468010 टन हॉट मेटल के उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना था।


### महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रदालुओं की भीड़

**चास** : प्रखण्ड पंचायत कुमहरी स्थित पौराणिक चेचकाधाम में महाशिवरात्रि पर श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रदालुओं ने दामोदर नदी में स्नान कर शिवालय में पुजा अर्चना कर मन्नत मांगी। चेचकाधाम स्थित शिव मंदिर, पार्वती मंदिर, काल भैरवी, शीतला, मां वैष्णवी, शनि, बजरंगबली, नंदी,गणेश, राधाकृष्ण, तथा भगवान विष्णु का पद चिन्हों का दर्शन कर पुजा अर्चना किया। पुजारी बाबा सरखेल, बिजय उपाध्याय, दिलीप पाठक, नारायण तिवारी, सदानंद उपाध्याय, बाबा मृतुंजय तिवारी, कल्याण गोस्वामी, बुलबुल उपाध्याय, सुधीर पाठक, कीर्तन उपाध्याय, ने श्रदालुओं को पुजा अर्चना कराया। रात्रि में शिव विवाह का आयोजन किया गया। श्रदालुओं की मन्नत पुरी होने पर बहती झरना स्थित विष्णु पद चिन्ह घाट पर स्नान कर श्रदालुओं दण्ड वत देकर चेचकाधाम मंदिर पहुंचे तथा पुजा कर अर्चना किया। इस अवसर पर झारखण्ड बिहार व पंशिचम बगाल से श्रदालुओं पहुंचे थे। महिलाओं की भीड़ काफी संख्या मे शामिल थी। भीड़ को देखते हुए चास मुफ्सिल प्रशासन तैनात थी।

### सब की योजना, सबका विकास कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**कसमार** : प्रखंड के खैराचातर पंचायत में जीपीडीपी के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विकास योजना के मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया। तथा ग्राम पंचायत की भूमिका एवं कार्यों को लेकर विस्तार से बताया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ 17 सतत विकास के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए भारत के संबंध में एसडीजी स्थानीयकरण हेतु गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव पर जानकारी दी गई। गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका गांव के बारे में चर्चा करते हुए सहयोगिनी संस्था के कॉर्डिनेटर प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सरकार के द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना जिसमें प्रत्येक परिवार जो कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते है,और जिनका राशन कार्ड बना है उन्हें 5 मुफ़्त में राशन मिल रहा है। साथ में राज्य सरकार की ग्रीन कार्ड योजना में भी आवेदन कर सकते है। अगर कोई व्यक्ति का अपना घर नहीं है या फिर कच्चा, खपरैला मकान में रहता तो उनके लिए प्रधान मंत्री आवास, आंबेडकर आवास, अबुआ आवास योजना में अपना नाम चढ़ा सकते हैं।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में महारुद्राभिषेक के साथ हरि नाम महायज्ञ का हुआ आयोजन







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : राजेन्द्र नगर बारी को-आपरेटिव स्थित श्री श्री श्री शिव शक्ति माँ काली मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में महारुद्राभिषेक के साथ हरि नाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महारुद्राभिषेक के मुख्य यजमान विजय कुमार पाण्डेय, नीलम मिश्रा, रश्मि देवी व मुरारी सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर रुद्राभिषेक के साथ हरि नाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हरि नाम महायज्ञ में बढ़-कर कर हिस्सा ले रहे हैं और श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना में ली है। इस अवसर पर हरि नाम की बोल से पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्ति में हो गया । मंदिर के पुजारी रुद्र किशोर पांडे ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्य यजमान के आग्रह पर महा रुद्राभिषेक के साथ हरि नाम महायज्ञ यानी 24 घंटे का अखंड हरिकिर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपरांत मंदिर परिसर में ब्राह्मण भोज का आयोजन किया । संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के गणमन और प्रबुद्ध लोगों ने बढ़ चढ़ आर्थिक मदद किया ।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग भवन में मनाया गया महाशिवरात्रि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग भवन सेक्टर 4 में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक कोयला क्षेत्र सुरेंद्र कुमार झा व बीएसएल के जीएम एके सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर व शिव ध्वजारोहण कर किया। उन्होंने कहा शिव जयंती हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्योहार में से एक है। जो महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। यह त्यौहार महादेव शिव के जन्मदिन को स्मरण करता है और उनके अद्वितीय गुणों की पूजा का अवसर प्रदान करता है। शिवजी महत्वपूर्णता और संतुलन का प्रतीक है। जो सृष्टि के सृष्टिकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। इस दिन भक्त शिव की पूजा करते हैं और तांडव नृत्य भजन और ध्यान के माध्यम से उनकी उपासना करते हैं। जबकि शिव जयंती हमें ध्यान और साधना की महत्वपूर्णता को समझाती है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बोकारो के मुख्य निर्देशिका राज योगिनी ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने कहा शिवरात्रि भारत का सर्व महान पर्व है। इस अवसर पर उन्होंने शिवरात्रि मनाने की रीति के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। महाशिवरात्रि निराकार परमात्मा शिव के अवतरण का स्मृति दिवस है।

## मृत कर्मचारी आश्रित संघ की बैठक में स्थाई नियोजन को लेकर सकारात्मक पहल की उम्मीद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : मृत कर्मचारी आश्रित संघ की बैठक आज टू टैंक गार्डन में हुई। साप्ताहिक बैठक की अध्यक्षता सनी देओल एवं संचालन शकील अहमद ने किया। आज की बैठक में आश्रितों ने सर्वसम्मति से चर्चा किया कि हम बोकारो स्टील प्लांट के मृत कर्मचारियों के आश्रित एनजेसीएस समझौते का प्रावधान के तहत बोकारो स्टील प्लांट में स्थाई नियोजन के लिए लंबे दोनों से शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष चलते आ रहे हैं। हम लोग के पूर्व के आश्रित साथियों को बोकारो स्टील प्लांट में परमानेंट नौकरी प्रबंधन द्वारा दी गई है, दुर्भाग्य वर्ष हम लोग उपेक्षित रह गए हैं। इस संबंध में एक बार पुनः बोकारो मृत कर्मचारी आश्रित संघ द्वारा 18 /12 /2024 को एक मांग पत्र डायरेक्टर इंचार्ज,सेल, बोकारो स्टील प्लांट को दिया गया। खुशी की बात है कि हमारे मांग पत्र का संज्ञान बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा लिया गया। इस संबंध में बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के साथ बोकारो मृत कर्मचारी आश्रित संघ के प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। इनके निदेर्शानुसार उपलब्ध मृत कर्मचारियों के आश्रितों की सूची संघ के द्वारा इन्हें दिया गया। हमारे द्वारा दी गई सूची का संज्ञान लेते हुए मानव संसाधन द्वारा एक फॉर्म दिया गया। उपलब्ध विस्तृत विवरण के साथ फिर से हम लोग द्वारा एक पत्र दिया गया। बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा की जा रही सकारात्मक पहल के लिए हम आश्रित संघ बोकारो स्टील प्रबंधन का धन्यवाद करते हैं। हम लोगों को पूरी उम्मीद है कि अब हम लोग को बोकारो स्टील प्लांट में स्थाई नियोजन अवश्य मिलेगा।

## शिव-पार्वती विवाहोत्सव सह बाबा अम्बिकानाथ महादेव का 15वां प्रतिष्ठापना दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को सेक्टर-2डी स्थित काली मंदिर प्रांगण के शिव मंदिर में शिवशक्ति बोलबम समिति की ओर से शिव-पार्वती विवाहोत्सव सह बाबा अम्बिकानाथ महादेव का 15वां प्रतिष्ठापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसके तहत सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सुबह से मैथिलानी महिलाएं गंगोट से निर्मित गंगोट से पार्थिव शिवलिंग बनाने में लगी रहीं। यह सिलसिला दोपहर तक चलता रहा और बाद में देर शाम तक महादेव का पूजन का दौर चला। भजन-कीर्तन और भक्तिभाव के बीच मैथिली कला मंच, कालीपूजा ट्रस्ट के प्रांगण में आयोजित इस अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मिथिला समाज के लोगों के अलावा आसपास के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पहुंचे तथा देवाधिदेव महादेव की पूजा की। पुरोहितद्वय पं. योगेन्द्र मिश्र एवं पं. चंचल झा ने विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के संग पूजन संपन्न कराया। इस क्रम में मंदिर सहित आसपास का पूरा इलाका हर-हर महादेव और देवी जगदम्बा की जय-जयकार से गूंजता रहा। आयोजन की सफलता में समिति के सरदार कृष्ण चन्द्र झा, अध्यक्ष हरिवंश झा, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, महासचिव विजय कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष विनय कुमार झा, कार्यकारी अध्यक्ष रबीन्द्र झा, सुशील ठाकुर, रामदेव झाङ्क विनोद कुमार झा, विद्यानन्द चौधरी, कन्हैया झा, ऋषिकेश चौधरी, रमण कुमार ठाकुर, सुनील कुमार झा, हीरा झा, विनोद कुमार झा, डॉ. यू सी झा, भूषण पाठक, विवेकानन्द झा, शशिनाथ मिश्र, दिलीप कुमार झा, अश्विनी मिश्र, संजय चौधरी, आनंद नारायण मिश्र, ललित कुमार झा, शम्भु नाथ झा वकील कान्त मिश्र, संजय कुमार मिश्र, दया शंकर मिश्र रवि शंकर मिश्र शिव शंकर झा उमंग नाथ झा, पशुपति झाललित कुमार झा, सूर्यमोहन मिश्र व मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी महासचिव नीरज चौधरी उपमहासचिव मिहिर कुमार झा राजू एवं अविनाश कुमार झा अवि एवं निदेशक मंडल के विजय कुमार झा राजेन्द्र कुमार सहित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

## भुवनेश्वर कला सम्मान से सम्मानित हुए बोकारो के अंतरराष्ट्रीय चित्रकार सरोज मिश्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : भुवनेश्वर में छठवीं दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन धौली कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट भुवनेश्वर में किया गया है यहां बांग्लादेश, नेपाल, कोरिया, श्रीलंका, इजिप्ट, अमेरिका, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत के चित्रकारों ने अपनी - अपनी शैली में चित्रों को कैनवास में बनाया,इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य चरण गणनायक भास्कर विशिष्ट शिल्पी को भुवनेश्वर कला श्री सम्मान एवं झारखंड के सरोज कुमार मिश्रा, हैदराबाद के एम.रमेश, कोलकाता के उमेश चंद्र बेहरा एवं उड़ीसा के डॉ.चक्रधर बेहरा को भुवनेश्वर कला सम्मान प्रदान किया गया, धौली कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रिंसिपल पंचानन सामल ने कहा समाज को कला के माध्यम से एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है बोकारो के अंतरराष्ट्रीय चित्रकार सरोज मिश्रा को भुवनेश्वर कला सम्मान मिलने पर श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के शिक्षक और बोकारो के कलाकारों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में मां समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में बच्ची की मां समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतका के पिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वे अपने 8 वर्षीय बेटी और बेटे के साथ रिश्तेदार के शादी समारोह में महलीजारा गांव गए थे। 05 मई 2024 की रात करीब 9 बजे उनकी बेटी शादी समारोह से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह 6 बजे बच्ची का शव गांव के बाहर झाड़ियों में पड़ा मिला। घटना की गंभीरता को देखते हुए



पुलिस अधीक्षक बोकारो ने एसआईटी टीम का गठन किया। जांच के दौरान सामने आया कि मृतका की माँ रीना देवी का फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति बाबू दास मुर्मू से प्रेम संबंध था, जो बाद में अवैध रिश्ते में बदल गया। बच्ची इन संबंधों का विरोध करती थी, जिससे नाराज होकर रीना देवी और उसके प्रेमी ने साजिश रची। आरोपियों ने शादी समारोह में मौजूद शिवनारायण बेसरा को शराब और पैसों का लालच देकर बच्ची से दुष्कर्म कराया, जिसके बाद बाबू दास मुर्मू ने भी बच्ची के साथ घिनौनी हरकत की। घटना के बाद गला दबाकर बच्ची की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

रीना देवी (मृतका की माँ)
बाबू दास मुर्मू शिवनारायण बेसरा

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ धारा 376DB, 302, 201 भादवि और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस की कार्रवाई**


जांच टीम ने घटनास्थल से सभी संदिग्ध साक्ष्यों को इकट्ठा कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। तकनीकी शाखा की मदद से साक्ष्य जुटाए गए।

**जब्त सामान का सूची**

काण्ड में प्रयुक्त बीएसएनएल कंपनी का सीम, पल्सर मोटरसाइकिल जिसका रजिस्टेशन नम्बर जे एच 09 बी बी 6297,
वीवो कंपनी मोबाईल, ओप्पो कंपनी मोबाईल एसआईटी टीम में शामिल अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बेरमो बशिष्ट नारायण सिंह, पुलिस अँचल निरीक्षक जरीडीह विक्रम सिंह, पुलिस अँचल निरीक्षक गोमिया, महेश प्रसाद सिंह, थानाप्रभारी पेटरवार, राजू कुमार मुंडा, कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, पु०अ०नि० कृष्णा कुमार कुशवाहा। सहयोग दल में शामिल पुअनि सुनील कुमार पटेल,पुअनि अगस्टीन टेंटें,,सा०आ० अजय कुमार सिंह।


## संक्षिप्त खबरें

### श्रीरामपुर के मुखिया पर झामुमो नेता ने लगाए गंभीर आरोप



**धनबाद** : लाभुक समिति अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता विवेक दूबे ने श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विवेक दूबे का कहना है कि तोपचांची प्रखंड अंतर्गत श्रीरामपुर पंचायत के दीगनगर गांव में दुबे बांध में घाट निर्माण,नया बांध में घाट निर्माण, पूरन महतो के घर के सामने जलमीनार का निर्माण, हरिहरपुर धीरन पांडे के घर के सामने जलमीनार निर्माण व मानपुर प्राथमिक विद्यालय में जलमीनार आदि कार्य पंचायत की सरकार के द्वारा कराया गया है। योजना पूर्ण होने के बाद भी लाभुक समिति को राशि का भुगतान नहीं किया। विवेक कुमार दुबे ने बताया कि इसकी शिकायत जिला के उपायुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची से भी की है ।उन्होंने कहा की राशि का भुगतान समिति को नहीं करता है तो इसकी लिखित शिकायत थाना में भी की जाएगी।

### पहला कदम स्कूल में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पावन उत्सव



**धनबाद** : बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम दिव्यांग बच्चों के स्कूल में महाशिवरात्रि बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा–अर्चना की, भजन–कीर्तन गाए और नृत्य प्रस्तुत किया ।संस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर वहाँ उपस्थित सभी लोगों का मन जीत लिया। इन दिव्यांग बच्चों की कलात्मकता, भक्ति और प्रतिभा को देखकर हर किसी ने उनकी खूब सराहना की। इस मौके पर सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि पहला कदम स्कूल की हमेशा यह कोशिश रहती है कि इन विशेष बच्चों को समाज और संस्कृति से जोड़ा जाए तथा उन्हें हमारे देश के धार्मिक पर्वों की जानकारी दी जाए, जिससे उनका मानसिक और आत्मिक विकास हो सके। सचिव अनिता अग्रवाल समेत स्कूल के समस्त सदस्यों ने इस अवसर पर सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और भगवान शिव से सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया हाजी अब्दुल लतीफ रिजवी के निधन पर शोक की लहर



**धनबाद** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया हाजी अब्दुल लतीफ रिजवी का बुधवार को निधन हो गया। केंदुआ के गांधी कहे जाने वाले की निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भारी संख्या में उनके चाहने उनकी अंतिम दर्शन के लिए उनके केंदुआ स्थित आवास में जुट गई। वे अपने पीछे एक बेटा और दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताते हैं कि वे करीब दस साल तक मुखिया रहे। इस दौरान वे कई उल्लेखनीय कार्यों को भी अंजाम दिया। बताते हैं कि गुरुवार को बाद नमाज जोहर केंदुआ चार नंबर कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा की जाएगी और वहीं सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। उनके निधन पर पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, पूर्व मुखिया खुर्शीद खान, संजय जायसवाल, फूल जाद खान समेत सैकड़ों ने दुख प्रकट किया है।

### टुंडी सोनापानी बूढ़ा शिव महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की रही भीड़



**धनबाद** : महाशिवरात्रि के अवसर पर धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित सोनापानी बूढ़ा शिव महादेव मंदिर में बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी है। यह मंदिर सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। खास बात ये है कि इस मंदिर में कोई पुजारी नहीं है। श्रद्धालु खुद से ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। पांडवों ने कराया था मंदिर का निर्माण धनबाद के सोनापानी बूढ़ा शिव महादेव मंदिर का निर्माण महाभारत काल में पांडवों ने कराया था। नक्काशीदार पत्थर और पत्थरों पर लिखित ऐतिहासिक लिपि यह पुष्टि करता है कि इसका निर्माण पुरातत्व काल में हुआ था ।कभी इस जगह तक पहुंचने के लिए अच्छी सड़क बनी हुई थी। लेकिन फिलहाल यह प्रशासन और नेताओं की उदासीन रवैये के कारण खत्म हो गया है। एकीकृत बिहार के समय टुंडी के विधायक रह चुके सत्यनारायण दुदानी ने उक्त जगह को ऐतिहासिक मानते हुए यहां की मिट्टी को भू–वैज्ञानिकों द्वारा पुरातत्व विभाग के पास जांच के लिए भेजवाया था। इसके बाद की रिपोर्ट किसी को नहीं मिली।

### तेतुलमारी थाना सहित अन्य शिवालयों से धूमधाम से निकली शिव बारात

**कतरास (धनबाद)** : बाघमारा कोयलांचल के सभी शिवालयों से शिव बारात व महा शिवरात्रि पूजा मनाया गया। तेतुलमारी थाना परिसर से आकर्षक झांकी व रामगढ़ के तासा बैंड पार्टी के धुन पर सैकड़ो श्रद्धालुओं को शिव बारात के दौरान झूमने पर विवश कर दिया। शिव बारात में शिव पार्वती, गणेश, भूत पिचास बंदर भालू झांकी में थे। शिव बारात के बाघमारा एस डी पी ओ पुरषोत्तम कुमार सिंह,कतरास अंचल के पुलिस निरीक्षक अनिल शर्मा,तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव,पूर्व पार्षद छोटु सिंह,बिरजू बाउरी, मूखिया संतोष महतो,अशोक ठाकुर,राजेन्द्र प्रसाद महतो, उपेन्द्र प्रजापति,शिव प्रसाद महतो, पंकज सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे। बारात वापस लौटने पर करीब 4 हजार श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी,बुंदिया का महाप्रसाद ग्रहण किया। साथ ही पाण्डेयडीह में नर्मदेश्वर शिव मंदिर, जीरोसीम, हनुमानगढ़ी ,खास सिजुआ, वेस्ट मुडीडीह, न्यू पाण्डेयडीह, चंदौर पहाड़ी, गांडुआ, तिलाटांड, नगरीकला बस्ती, तेतुलमारी टाउनसीप, नया मोड़, जोगता, अंगारपथा रा,गजलीटांड,राजगंज, महुदा, बाघमारा, सोनारडीह, बरोरा, चीटाही,भठमुड़ना, रामकनाली, लोयाबाद, मदनाडीह, कोल प्लांट, कनकनी, काको मठ सहित अन्य शिवालयों में धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाया गया।

**एक नजर**

## चितरपुर में जलसा ए इस्तिकबाल रमजान का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** चितरपुर में हाजी परवेज साहब के नेतृत्व में जलसा ए इस्तिकबाल रमजान के उनवान से जलसे का प्रोग्राम हुआ। जिसमें इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र महीने रमजान की शुरूआत होने वाली है। इस पर जलसे के दौरान जानकारी दी गई। पूरी दुनिया के मुसलमान इस महीने में 30 दिनों तक रोजे रखते है। जिसमें वह सूर्य उदय होने से सूर्यास्त तक न कुछ खाते हैं न पीते हैं। रमजान 2025 शुक्रवार 28 फरवरी या शनिवार, 1 मार्च को शुरू होगा। और भारत सहित अधिकांश इस्लामी देशों में संभवत: रविवार, 30 मार्च या सोमवार, 31 मार्च को पूरा होगा। इस दिन चांद के दिखाई देने न देने की वजह से थोड़ा बदलाव हो सकता है। इस जलसे के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मौलाना डॉक्टर मोहम्मद तलहा नदवी साहब ने कहा रमजान के महीने में इबादत करने का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

# ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि मेला शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि मेला बुधवार से शुरू हुआ। मेला का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, महंत सुखदेव महाराज और जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। ध्वजाधारी धाम में शिवरात्रि मेले को लेकर खास तैयारी की गई है, ध्वजाधारी धाम में आयोजित दो दिवसीय शिवरात्रि मेले में बिहार, झारखंड और बंगाल से हजारों की संख्या में शिव भक्त पहुंचते हैं और 777 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ पर बसे बाबा भोले को जलाभिषेक करते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां आने वाले शिव भक्तों की मुराद पूरी होती है। कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में शिवरात्रि मेले में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जिसको देखते हुए मेला में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं और ड्रोन कैमरे से पूरे मेला पर नजर रखी जा रही है। चूंकि शिव भक्तों के लिए 777 सीढ़ियां चढ़ना आसान नहीं हैं, इसको देखते हुए मेला आयोजन समिति के वॉलेंटियर और पुलिस जवान शिव भक्तों की सेवा में पहाड़ के अंतिम छोर तक लगे हुए हैं। वहीं मेले में जिला प्रशासन की ओर से एक मेडिकल टीम और दो एम्बुलेंस भी तैनात किए गए हैं, ताकि इमरजेंसी में किसी को कोई परेशानी हो तो उसे राहत पहुंचाई जा सके। कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में पहुंचने वाले शिव भक्तों के लिए पूजन सामग्री से लेकर खाने-पीने के कई स्टॉल लगाए गए हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए झूला और मनोरंजन के साथ-साथ कई खिलौने की दुकानें लगाई गई हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था के साथ बाबा भोले का जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में ब्रम्हा के पुत्र कद्रम ऋषि ने यहां भगवान शिव की तपस्या की थी और भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें ध्वजा और त्रिशूल भेंट की थी, तभी से इस पहाड़ का नाम ध्वजाधारी पहाड़ पड़ गया। इस ध्वजाधारी आश्रम से होकर एक ऊंची पहाड़ है, जहां भगवान शिव विराजमान हैं। शिव भक्त अपनी मन्नत को लेकर 777 सीढ़ियां चढ़कर कठिन सफर के बाद बाबा भोले को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक करते हैं।

## विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजेश कच्छप ने तीन योजनाओं का शिलान्यास किया सर्वप्रथम माननीय विधायक ने खिजरी विधान सभा क्षेत्र के अनुशंसा पर स्वीकृत राँची जिला के नामकुम प्रखण्ड के ग्राम सिलवे में कैम्ब्रीज स्कूल के पीछे गणेश राम के घर से रेलवे जमीन तक पी.सी.सी पथ का शिलान्यास
अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल नयाटोली में मंगरी देवी के घर से अशोक पहान के घर तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास जल संसाधन विभाग राज्य सम्पोषित योजनान्तर्गत राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड में लोघाबेड़ा श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप के कर कमलों द्वारा किया गया । मौके पर विधायक ने कहा कि यह कदम न सिर्फ विकास की ओर एक बड़ा कदम है, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए एक नई उम्मीद और सुविधा का प्रतीक भी है आने वाले दिनों में और विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो ।
इस मौके पर प्रमुख दीपा उरांव आशा कच्छप उपप्रमुख जयपाल हजाम विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्रर मुण्डा प्रखण्ड संयोजक अनगड़ा एतवा उरांव जिप सदस्य राजेन्द्र शाही पंचायत समिति सदस्य फल्गूनी देवी शीला देवी वरिष्ट कांग्रेस नेत्री अर्चना मिश्रा अनिता देवी विधायक प्रतिनिधी शिक्षा विभाग शकिर अंसारी विधायक प्रतिनिधी मत्स्य विभाग सचिन नायक विधायक प्रतिनिधि औद्योगिक क्षेत्र टाटी सिलवे किस्टो कुजुर अजा अध्यक्ष संजय नायक मुखिया भूनेश्वर बेदिया युवा अध्यक्ष अजय करमाली सहित शनिचरवा बेदिया एतवा बेदिया मनरत्न करमाली कमलेश करमाली अरबिन्द लोहरा बाबूराम महली किशन नायक बिजली देवी विजय बेदिया सुलेन्द्रर बेदिया पंचम भोगता बिचना भोगता प्रदिप बेदिया अघनु बेदिया अक्षय बड़ाईक संजय बेदिया सन्तोष बेदिया नारायण बेदिया बलिया बेदिया राजेन्द्रर शाही सुजीत मुण्डा अजय मुण्डा इत्यादी उपस्थित रहें।

## विधायक ने किया अफजल लाइफ केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन

**लातेहार:** विधायक प्रकाश राम व जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर अफजल लाइफ केयर हॉस्पिटल का उदघाटन किया। यह अस्पताल बालूमाथ के शेरगड़ा रोड में है। विधायक प्रकाश राम ने अस्पताल के संचालकों को अपनी शुभकामनायें दी। कहा कि इस हॉस्पिटल के शुरू होने से बालूमाथ व आसपास के लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्हें यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। सुविधायुक्त हॉस्पिटल स्वास्थ्य के मामले में क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में सहायक साबित होगी। हॉस्पिटल के संचालक डॉ अरशद अफजल ने बताया कि अस्पताल 15 बेड का है। मरीजों को आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था है। रक्त जांच के लिए कंप्यूटराइज्ड लैब है। गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित प्रसव की सुविधा और आधुनिक तकनीक से लैस दंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी।

## इंटकवेल के बिना शहरी जलापूर्ति योजना अधूरी : नगर आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेज-दो की सबसे मजबूत कड़ी इंटकवेल निर्माण के लिये बुधवार को कोयल नदी में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शुरूआत की। पूर्व में 14 फरवरी को फेज दो के लिए ही डब्लूटीपी निर्माण के लिए हाउसिंग कॉलोनी में कार्य का शुभारम्भ हो चुका है। मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर के लिए फेज दो बहुत ही बहुप्रतीक्षित योजना है। शहर को भले ही जलापूर्ति हो रही है, लेकिन इंटकवेल के बिना ये योजना अधूरी है, जिसके चलते जलापूर्ति में बराबर अनेकों तरह की समस्याएं उत्पन्न होते रहती हैं। इंटकवेल के बन जाने से शहरवासियों को निरन्तर साफ पानी मिलने लगेगा। कार्य करा रहे जुड़को और आरके इंजीनियरिंग को नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर काम लगाएं एवं बरसात से पहले इस कार्य को पूरा करें। नगर आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि इस कार्य को करने में नगर निगम पूरा सहयोग करेगा। नगर आयुक्त ने पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता को अपनी देख रेख में समन्वय बनाकर कार्य कराने का आदेश दिया। शुभारंभ कार्यक्रम में नगर निगम के जलापूर्ति के नोडल पदाधिकारी नगर प्रबन्धक कुमार अनुराग, पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता, जुड़को की डीपीएम सुषमा कुमारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## ट्रेलर का ब्रेक हुआ फेल दुर्घटना में चालक की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चटूपालू घाटी में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। रांची से रामगढ़ की तरफ आने के क्रम में घाटी में एक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया और वह अनियंत्रित होकर चार गाड़ियों से टकरा गया। इस हादसे में ब्रेक फेल हुए ट्रेलर चालक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। वहीं मृतक चालक की पहचान राजस्थान राज्य के अलवर जिला अंतर्गत सडौली गांव निवासी इरफान खान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर खड़गपुर से लोहे का ब्लेड लेकर गाजियाबाद जा रहा था। पुनदाग टोल प्लाजा पार करने के बाद जैसे ही यह ट्रेलर घाटी में घुसा, गड़के मोड़ के पास उसका ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर ने सबसे पहले एक वेन्यू कार को टक्कर मारी। साथ ही एक बाइक और ट्रक को भी धक्का मारा। अंततः आगे जा रहे ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर वहीं रुक गया। इस हादसे में ड्राइवर इरफान खान केबिन में ही फंस गया। जबकि खलासी अलवर जिले के शीतलबेड़ा गांव निवासी मो अयूब खान किसी तरह गाड़ी से बाहर निकल गया। घायल खलासी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इसके अलावा कार और बाइक पर सवार एक-एक व्यक्ति भी घायल हुए हैं, जो निजी अस्पताल में अपना इलाज कर रहे हैं। इस हादसे के बाद घाटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया।

## बेहोशी की हालत में रेलवे ट्रैक पर मिली मूक बधिर किशोरी

**लातेहार :** जन्म से मूक व बधिर एक 13 वर्षीय किशोरी बेहोशी और जख्मी हालत में टोरी-लोहरदगा रेलवे ट्रैक पर पायी गयी। यह स्थान चंदवा के गुरीटांड़ स्थित ओवरब्रिज के पास है। स्थानीय लोगों ने इसे वहां देखा और इसकी सूचना रेलवे को दी। बाद में उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया। वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। युवती की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के आरागुंडी गांव के कमलेश कुमार की पुत्री मंजु कुमारी के रूप में की गयी है। वह वर्तमान में चंदवा में अपने माता पिता के साथ एक किराये की मकान में रहती थी। उसके माता पिता मजदूरी करते हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मानें तो वह टोरी-रांची मेमू ट्रेन में सवार हो रही थी और इस क्रम में वह ट्रेन से गिर गयी थी। लोगों के अनुसार इस घटना के बाद ट्रेन कुछ देर के लिए वहां रूकी रही। लेकिन बाद में गंत्वय की ओर रवाना हो गयी। मामले की जांच की जा रही है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक पत्नी की मौत और पति घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के गौरी नदी पुल पर डिवाइडर से बाइक की टक्कर होने से पत्नी की मौत हो गयी जबकि पति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार और संजू प्रसाद सिंह (45) पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर बरही की तरफ जा रहे थे। गौरी पुल के समीप बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद सदर अस्पताल कोडरमा में चिकित्सकों ने जांच के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला संजू प्रसाद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सर्वेश कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया ।

**अनियंत्रित ट्रक ने थाना की बाउंड्री में मारी टक्कर**

एक अन्य घटना में कोडरमा थाना के समीप बुधवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक चालक रजौली निवासी मोनू कुमार बाल बाल बच गया। घटना के बाद कोडरमा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ओडिशा से स्पंज लेकर पटना जा रही थी। वहीं चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब थाम में बुधवार को स्कूटी की टक्कर सड़क किनारे पोल से होने से स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान हजारीबाग के चौपारण निवासी भुवनेश्वर दास और रतन दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति ढाब थाम चौक की तरफ जा रहे थे। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई और दोनों घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

# कैंप कार्यालय आज, पदाधिकारी आमलोगों की सुनेंगे समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिला प्रशासन की टीम 27 फरवरी को हुसैनाबाद पहुंचेगी। हुसैनाबाद के अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन कर पदाधिकारी एवं विभिन्न कार्यालयों के कर्मी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। कैंप कार्यालय में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ लोगों को प्रदान किया जाएगा। यहां आमलोगों के लिए कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। जिला प्रशासन की टीम पहुंचने से आम लोगों को अपने नजदीकी अनुमंडल क्षेत्र में ही सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से मिल सकेगा। उक्त बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय अधिष्ठापन के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होगा। फरवरी माह में चतुर्थ गुरुवार 27 फरवरी को है। उपायुक्त ने आम लोगों से अपील की है कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान कराएं।



उन्होंने स्थानीय लोगों से कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है। उपायुक्त ने बताया कि कैंप कार्यालय में परियोजनाओं और योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जाएगा। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि-सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा, अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्जन पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप, संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर वर्तमान दौर में कैंप कार्यालय लगाने की परिकल्पना की गई है। इसके माध्यम से आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही मिलेगा। अनुमंडल स्तर पर इसकी व्यापक तैयारी की गई है। इसमें सभी जिला, अनुमंडल और संबंधित अनुमंडल के सभी प्रखंड स्तरीय, असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो का निष्पादन करेंगे।

**संक्षिप्त खबरें**

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत



**अनगड़ा :** बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड एन एच 33 स्वर्णरेखा नदी तट के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया मौके वारदात पर एस आई अंजय अपने टीम को लेकर पहुंचे और घटना स्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की यह व्यक्ति नेवरी विकास की ओर से मोटर साइकिल प्लेटिना बाईक से आ रहे थे और उसी दिशा से टैंकर गाड़ी आ रही थी बाईक सवार को अपने चपेट में ले लिया यह व्यक्ति बिहार का रहने वाला था बूटी मोड़ हाई पैथो लेब में काम करता था।

### युवती ने हाई कोर्ट से सुरक्षा की लगाई गुहार

**रामगढ़ :** दूसरे समुदाय के लड़के के साथ रामगढ़ से केरला गई 26 वर्षीया युवती ने केरल हाई कोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसने केरला हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी सुरक्षा की मांग की है। केरल से वापस लाने गई रामगढ़ पुलिस के साथ उसने आने से इनकार कर दिया। इस तथ्य को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बुधवार को उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिस युवती को लाने के लिए रजरप्पा थाना क्षेत्र में बवाल मचाया जा रहा है, वह लड़की यहां आना ही नहीं चाहती है। लिखित रूप से पीड़िता के द्वारा स्वयं उच्च न्यायालय, केरल में अपने बालिग होने एवं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर एक याचिका दायर की गयी है। इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होने वाली है। फिलहाल लड़की को स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा प्रदान करते हुए उसे आश्रय गृह में रखा गया है। एसपी ने बताया कि युवती के भाई ने 22 फरवरी को रजरप्पा थाने में बहन के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस प्राथमिकी में मो गालिब उर्फ राजा और उसके अन्य सहयोगियों को आरारेपित बनाया गया था। कांड सं०-38/ 2025 की पीड़िता की बरामदगी के लिए दो पुलिस पदाधिकारियों को राज्य से बाहर केरला के अलाप्पुझा जिले के कायकुलम थाना भेजा गया है। एसपी के द्वारा अलाप्पुझा जिले के एसपी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर पीड़िता की बरामदगी के लिए आवश्यक पत्राचार किया गया। तत्पश्चात वहां की स्थानीय पुलिस के सहयोग से पीड़िता को थाना लाया गया है। जहां सारी स्थिति स्पष्ट हुई। एसपी ने बताया कि अपहरण के आरोपित चितरपुर दर्जी मोहल्ला निवासी गालिब उर्फ राजा के खिलाफ वारंट कोर्ट से लिया जाएगा। उसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जाएगा।

### धूमधाम से मनी महाशिवरात्रि, शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में महाशिवरात्रि का त्योहार बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शिवालियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु कतार में लग रहे। शहर में विभिन्न स्थानों पर महाकाल की तस्वीर और प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना की गई। वहीं झंडा चौक एलआईसी ऑफिस के पास महाकाल की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। जबकि चट्टी बाजार में भगवान शंकर की प्रतिमा ने लोगों का मन मोह लिया। साथ ही नेहरू रोड शिवालय मंदिर में जलाभिषेक के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कैथा प्राचीन शिवालय मंदिर में भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे। यहां महाशिवरात्रि के मौके पर मेले का भी आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि के मौके पर विभिन्न स्थानों पर नृत्य और संगीत का भी आयोजन किया गया। दिन में ही पूजा स्थल के पास कलाकारों ने भगवान शिव पर आधारित गीतों को बड़े आकर्षक तरीके से पेश किया। इस मौके पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### झड़प मामले के दो आरोपियों ने किया सरेंडर




**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सोसोकला गांव में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान दो गुटो में हुई झड़प मामले में बुधवार को दो आरोपितों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसे लेकर गोला थाने में कांड संख्या 17/ 25 दर्ज किया गया था। मामले में एसपी अजय कुमार ने बताया कि सरेंडर करने वाले आरोपितों में सोसोकला गांव के ही समशुल हक उर्फ समसुल अंसारी और शमीम खान शामिल हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने इस मामले में कार्रवाई करने की मांग को लेकर 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने की बात कही थी। पार्टी नेताओं के ऐलान के बाद रामगढ़ पुलिस ने 26 फरवरी को ही आरोपितों की ओर से सरेंडर करने की बात कही थी।

### अंचल मैदान में ब्लू स्टार क्लब का नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**अनगड़ा :** प्रखंड सह अंचल मैदान में नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट ब्लू स्टार क्लब अंगड़ा की ओर यह टूनार्मेंट खेला जा रहा है यह टूनार्मेंट चार दिवसीय खेला जाएगा यह टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जलेंद्र प्रशाद विशिष्ट अतिथि अनुराधा मुंडा रामशाय मुंडा सामिल थे पहला मैच हे सल बनाम मा सु के बीच खेला गया मैच का उद्घाटन खेलाडियो से परिचय प्राप्त कर खेल का सुरुआत किया गया इस टूनार्मेंट कमिटी के अध्यक्ष उमेश महतो सचिव आशिस कुमार कोषाध्य उमेश करमाली खेल प्रभारी कृष्णा मुंडा और अरमान अंसारी है मौके पर मधु सुदन पांडे अनवर खान अघनू महतो संजय नायक आदि शामिल थे।

# महाकुंभ ने स्थापित किए अनेक कीर्तिमान

इस बार के महाकुंभ ने अपनी व्यापकता के चलते अनेक कीर्तिमान स्थापित कर दिए। इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि महाकुंभ 144 साल बाद आया है। पिछले महाकुंभ में जो जीवित थे, वे अब नहीं हैं। जो इस महाकुंभ में पुण्य स्नान कर पाए हैं, वे अगले महाकुंभ में उपस्थित नहीं होंगे। क्यों है महाकुंभ महत्वपूर्ण और इन सबको अपने आप में समेटने वाला तीर्थराज प्रयाग किन मायनों में विशिष्ट है। आईए इन सभी पहलुओं पर धार्मिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक नजरिए से दृष्टिपात करते हैं।

जैसा कि सर्वविदित है महाकुंभ में सबसे अधिक मान्यता गंगा, यमुना और सरस्वती की है। तो सबसे पहले इन नदियों के महत्व पर वार्ता करते हैं। जहां तक गंगाजी की बात है तो उनका धार्मिक महत्व जीव मात्र के उद्धार से ही जुड़ा हुआ है। यह कथा सभी ने कई बार पढ़ी होगी कि भगवान श्रीराम के पूर्वज महाराज सगर ने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा छोड़ा तो उसे इंद्र ने चोरी करके कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। ऐसा उसने यज्ञ को असफल करने के लिए किया था। क्योंकि इंद्र को आशंका थी, यह यज्ञ संपन्न होते ही राजा सगर इंद्रासन के अधिकारी हो जाएंगे। घोड़े की सुरक्षा में तैनात राजा सगर के पुत्र उसे खोजते हुए कपिल मुनि के आश्रम में पहुंचे और वहां घोड़े को पाकर कपिल मुनि को ही दोषी समझ बैठे और उन पर मिथ्या आरोप करने लगे। इस पर कपिल मुनि ने क्रोधाग्नि से राजा सगर के सभी पुत्रों को भस्म कर दिया। उनके उद्धार के लिए अनेक सूर्यवंशियों ने तपस्या की ओर अपने प्राण होम कर दिए। इसी वंश में भागीरथ जी उत्पन्न हुए, उन्होंने तपस्या करके गंगा मां को पृथ्वी पर आने के लिए मना लिया। किंतु उनका तेज प्रवाह पृथ्वी को रसातल में ना डुबा दे, इसके लिए भागीरथ जी ने शंकर जी की तपस्या की। उन्होंने प्रसन्न होकर गंगाजी को शीश पर धारण करने के लिए सहमति जता दी। इस प्रकार भगवान वामन के चरण धोने के लिए ब्रह्मा जी के कमंडल से उत्पन्न होने वाली गंगाजी देवलोक से चलकर पृथ्वी की ओर बढ़ीं तो उनका तेज प्रवाह रोकने के लिए शंकर जी ने उन्हें अपनी जटाओं में बांध लिया और फिर सुव्यवस्थित तरीके से उनकी धारा को पृथ्वी की ओर प्रवाहित कर दिया। फलस्वरूप राजा सगर के पुत्रों का उद्धार तो हुआ ही, गंगा मैया तभी से जीव मात्र का पृथ्वी पर कल्याण कर रही हैं।

इसके बाद यमुना जी का क्रम आता है। धर्मग्रंथों के मुताबिक गंगा ज्ञान का, तो यमुनाजी भक्ति रस का प्रतीक हैं। यही कारण है कि यमुनाजी का भारतीय वांग्मय में उत्कृष्ट स्थान है। पुराणों में यमुनाजी के रंग को श्रीकृष्ण के रंग से जोड़ा गया है। यमुनाजी को श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नदी कहा जाता है। भक्ति साहित्य कहता है, यमुना सरस्वती की सहायक नदी है जो बाद में गंगा में मिल जाती है। उस मिलन स्थल को संगम कहते हैं। शास्त्र में यमुना को यमराज की बहन का दर्जा भी दिया गया है। जैसा कि धर्मग्रंथ बताते हैं, यमराज और यमुना दोनों का ही रंग काला है। मान्यता यह भी है कि यमुना और यमराज सूर्य की दूसरी पत्नी छाया की संतानें हैं। छाया दिखने में काली होती है, इसलिए यमुना और यमराज का रंग भी काला ही हुआ। पौराणिक कथा ये भी है कि श्रीकृष्ण ने यमुना में ही कालिया नाग का वध किया था। फलस्वरूप कालिया नाग के विष से यमुना नदी का रंग और अधिक काला हो गया। तभी से यमुना की कृष्ण भक्ति चरमोत्कर्ष तक पहुंची और आशीर्वाद स्वरूप वह देव नदी गंगा मैया के समकक्ष स्थापित हुईं और तीर्थराज प्रयाग में इन दोनों महान नदियों का मिलन हो गया।

तीसरा क्रम सरस्वती नदी का आता है। तीर्थराज प्रयाग में संगम के पास स्थित एक रहस्यमयी स्थल सदैव ही भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा है। यह स्थान है सरस्वती कूप, जिसे सरस्वती नदी का गुप्त स्रोत माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सरस्वती नदी का प्रवाह इसी कूप से होता है और यही जल संगम में जाकर मिलता है। प्रयागराज किले के भीतर स्थित इस कुएं को वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन के माध्यम से संगम से जुड़ा पाया है। 2016 में किए गए एक परीक्षण में इस कूप के जल में रंग मिलाकर देखा गया। बाद में यह रंग युक्त जल त्रिवेणी के संगम स्थल पर प्रकट होता पाया गया, जिससे सिद्ध हुआ कि यह जल त्रिवेणी संगम में प्रवाहित होता है।

## सूडोकु नवताल- 7354

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7353 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# धर्म, कर्म और आस्था की त्रिवेणी में स्नान की दिव्य अनुभूति

डॉ. दिनेश चंद्र सिंह



महाकुंभ 2025 में संगम स्नान का अपना महत्व है लेकिन यह बार-बार किया जाए, वो भी वीवीआईपी बनकर, यह अनुचित है। मेरी अंतरात्मा ने इस पर गौर किया और मैंने संगम स्नान की जगह भक्त समूह से निकलते रहने वाली सकारात्मक ऊर्जा स्नान को तवज्जो दी। ऐसा इसलिए कि 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार का संयोग ही कुछ ऐसा बना, दैवीय प्रेरणा और पेशेवर कार्यवश। यह दिन मेरे लिए सभी दृष्टि से खासकर धार्मिक दृष्टि से पुण्य प्रदायक और प्रशासनिक एवं न्यायिक दृष्टि से उपलब्धियों भरा रहा।

दरअसल, शुक्रवार को ही माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज में न्यायालय खंड पीठ 3 के समक्ष जिलाधिकारी जौनपुर के तौर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश के क्रम में मुझे 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होना था। इसलिए मैं सुबह 4 बजे उठा और प्रयागराज के लिए सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ सवा पांच बजे रवाना हुआ। मैंने अपनी इस यात्रा के दौरान भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक आस्था से परिपूर्ण जनसमुदाय की उस पैदल महाकुम्भ 2025 यात्रा के दिव्य दर्शन किए, जो पवित्र संगम की तपोभूमि प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने को कूच कर रहे थे। इस लाखों की संख्या वाले जनसमुदाय को पैदल चलते हुए देखना, हर्ष और उजार्वान नेतृत्व में संचालित टोलियों/डोलियों के रूप में दर्शन करना दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा था। क्योंकि इसमें देश के प्रत्येक कोने, प्रान्त, क्षेत्र के लोग शामिल थे, जो भारत में क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग करते हैं।

मसलन, ऐसा करने वाली जनता जनार्दन को देखा कि कितने मनोयोग से वे सभी महाकुम्भ 2025 की पवित्र आस्था पर्व में शामिल होने के लिए विभिन्न कठिनाइयों को झेलते हुए भी जा रहे हैं और अपनी दुर्लभतापूर्ण यात्रा को सुविधायुक्त यात्रा में मंगलमय बनाने वाली प्रबंधकीय व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन सबकी वात्सल्य भरी करुणा, सादगी और सनातन धर्म के प्रति अनुराग की उजार्वान संवेदनाओं के साथ तीर्थराज प्रयाग की संगम की तपोभूमि में स्नान करने के लिए सभी ओर से पैदल जाते हुए देख मन द्रवित हुआ।

वहीं, आस्था की पवित्र डुबकी के लिए मेरे मन में यह विश्वास पैदा हुआ कि आज संगम की पवित्र डुबकी के स्थान पर मेला क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की मानवीय संवेदनाओं से परिचय होगा। साथ ही उनसे उत्पन्न पवित्र धनात्मक ऊर्जा, जिसका उत्सर्जन करोड़ों आस्थावान सनातन धर्मियों की पदचाल से उत्सर्जित हो रही थी, उसी में अपने मन की जिज्ञासा की डुबकी लगाऊंगा और मैंने यही किया। वाकई यह आनंददायक पल रहा।

मैं कठिन प्रशासनिक व्यवस्था के फलस्वरूप कुंभ मेला क्षेत्र में तो गया, परन्तु मेरे मन में स्नान की जिज्ञासा और चाह थी। हालांकि करोड़ों आस्थावान नागरिकों की पदचाल की ध्वनि से उत्पन्न पवित्र ऊर्जा से स्नान की प्रतिज्ञा ने वीवीआईपी प्रोटोकॉल को प्राप्त करके स्नान करने की इच्छा/चेष्टा को त्यागकर पवित्र कुम्भ क्षेत्र में अपने ईष्ट प्रभु हनुमानजी को एवं त्रिवेणी की पवित्र धारा को प्रणाम कर वापस लौटने का निर्णय लिया क्योंकि इससे पूर्व मैं महाकुम्भ 2025 का स्नान एकबार कर चुका हूं। इसलिए पुनः वीवीआईपी प्रोटोकॉल में स्नान करना मेरे लिए एवं मेरे पद के लिए अनुकूल नहीं है, क्योंकि हमें व्यवस्था एवं अनुशासन पूर्वक श्रद्धालुओं को पवित्र आस्था के महाकुम्भ 2025 में डुबकी लगाने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है, न कि स्वयं बार-बार स्नान कर अपनी मनोकामना की तृप्ति के लिए प्रयास करना।

दरअसल, तीर्थराज प्रयाग के दर्शनमात्र से भी वही पुण्य मिलता है जितना पवित्र डुबकी से, बिना किसी को कठिनाई दिए। इसलिए मैंने ऐसा निर्णय किया। पुनः विघ्नसंतोषी, अल्पज्ञानी, ईर्ष्या और परनिंदा में लगे अधम चरित्र एवं व्यक्तित्व के व्यक्तियों का यह कहना कि एक वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्नान नहीं कर सका। ऐसे ही लोगों के बारे में रामचरितमानस में लिखा गया है कि हर गुर निंदक दादुर होई। जन्म सहस्र पाव तन सोई॥ द्विज निंदक बहु नरक भोग करि। जग जनमइ बायस सरीर धरि॥ कहने का तातपर्य यह कि जैसा कि कागभुशुण्डि जी बताते हैं- शंकरजी और गुरु की निंदा करने वाला मनुष्य (अगले जन्म में) मेंढक होता है और वह हजार जन्म तक वही मेंढक का शरीर पाता है। ब्राह्मणों की निंदा करने वाला व्यक्ति बहुत से नरक भोगकर फिर जगत में कौए का शरीर धारण करके जन्म लेता है॥

परन्तु वह क्या जानें कि मैं पवित्र स्नान मन, वचन, कर्म से पूर्व में ही कर चुका हूँ। इसलिए मैं आज पवित्र संगम में डुबकी लगाई, तो मात्र पैदल चलने वाले श्रम-साध्य सनातनधर्मी आस्थावान भारतीय एवं विदेशी नागरिकों की पदचाल से उत्पन्न सृजनात्मक ऊर्जा की अदृश्य धारा के बीच, जैसे त्रिवेणी में मां सरस्वती नदी की धारा अदृश्य है।

वहीं, पुनः एकबार उत्तर प्रदेश सरकार के उत्कृष्ट प्रयासों पर कहना चाहूँगा कि उत्कृष्ट व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट मन का निर्माण संघर्ष, त्याग और आस्था की गरिमामयी साधना में होता है, न कि बार-बार डुबकी लगाने से। इधर, कुछ शुभेच्छुओं के सन्देश आये कि आप व्यवस्था न मिलने के कारण संगम से लौट आए। पर शायद उन्हें यह नहीं मालूम कि मैंने आज पवित्र महाकुम्भ में पवित्र संगम की धारा में डुबकी के साथ आस्थावान करोड़ों नागरिकों की आस्था के महासंगम 2025 में पवित्र डुबकी लगाई है।

निःसन्देह, धन्य है पवित्र संगम की वह धरा जो व्यक्तित्व के निर्माण की तपोभूमि है और आज के मध्यम परिवार के एक लड़के को बाल्यकाल के छवि से एक प्रशासक की छवि बनाने की अभूतपूर्व यात्रा के प्रति न केवल साक्षी रही है, बल्कि अनवरत आशीर्वाद देने वाली तपोभूमि भी रही है। इसलिए बारम्बार प्रणाम है प्रथम पवित्र तपोभूमि संगम तीर्थराज प्रयागराज को।

**(लेखक, प्रशासनिक अधिकारी हैं।)**

# बढ़ते तापमान की चुनौती, बदलता वायुमंडलीय पैटर्न

प्रियंका सौरभ

पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक ध्रुवीय क्षेत्रों में तैरती समुद्री बर्फ की मात्रा है। हालांकि, बदलते वायुमंडलीय पैटर्न और बढ़ते तापमान के कारण, यह घटकर 15-76 मिलियन वर्ग किमी के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, समुद्री धाराएँ अशांत हो रही हैं तथा इस गिरावट के कारण चरम मौसम की घटनाएँ और भी बदतर हो गई हैं। दुनिया भर में चरम मौसम की घटनाएँ पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन से प्रभावित हो रही हैं। भीषण वन्य आग, वर्षों तक चलने वाला सूखा, भारी वर्षा, भयंकर बाढ़, भूमि और समुद्र में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरें तथा तूफानों के दौरान व्यापक बाढ़ की आवृत्ति और तीव्रता सभी बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से मानवीय गतिविधियों विशेष रूप से जीवाश्म ईंधनों के जलने के कारण ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता में तीव्र वृद्धि हुई है। मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसें गर्मी को रोक लेती हैं और जैसे-जैसे उनकी सांद्रता बढ़ती है, पृथ्वी को गर्म करती हैं। परिणामस्वरूप पृथ्वी पर हवा और महासागर गर्म हो जाते हैं। भूमि पर बर्फ पिघलती है, मौसम का पैटर्न बदलता है तथा जलचक्र इस तापमान वृद्धि से प्रभावित होता है, जिससे चरम मौसम की स्थिति और खराब हो जाती है। जलवायु परिवर्तन हमारे समाज को अनेक तरीकों से प्रभावित करता है।

सूखे से मानव स्वास्थ्य और खाद्य उत्पादन पर असर पड़ सकता है। बाढ़ से बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँच सकता है और बीमारी फैल सकती है। खाद्य उपलब्धता में परिवर्तन और श्रमिक उत्पादकता को सीमित करने के अलावा सूखा, बाढ़ और अन्य मौसम सम्बंधी घटनाओं के कारण उत्पन्न मानव स्वास्थ्य समस्याएँ भी मृत्यु दर को बढ़ाती हैं। हमारी परिवहन और संचार प्रणालियों के भौतिक बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, बंदरगाह, विद्युत ग्रिड, ब्रॉडबैंड इंटरनेट और अन्य घटक शामिल हैं, इन्हें अक्सर कई वर्षों तक चलने के लिए डिजाइन किया जाता है। खास बात यह है कि बुनियादी ढांचे का निर्माण जलवायु परिवर्तन पर विचार किए बिना किया गया था। वर्तमान बुनियादी ढांचा हवा, बर्फ, बाढ़, भारी बारिश या तापमान में उतार-चढ़ाव जैसी मौसम की गंभीर स्थितियों को संभालने में सक्षम नहीं हो सकता। इन घटनाओं के प्रभाव कई अलग-अलग रूप ले सकते हैं। उदाहरण के लिए, उच्च तापमान के कारण घर के अन्दर अधिक ठंडक की आवश्यकता होती है, जिससे ऊर्जा ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है। अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वर्षा के कारण आने वाली बाढ़, जो तूफानी जल निकासी क्षमता से अधिक होती है, प्रमुख मार्गों, व्यवसायों और राजमार्गों को बंद कर सकती है।

समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण तटीय अवसंरचना, जैसे जल आपूर्ति, सड़कें, पुल और बहुत कुछ, खतरे में हैं। चूंकि बहुत-सी आबादी तटीय क्षेत्रों में रहती है, अतः इससे होने वाले जोखिम से लाखों लोग प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, समुद्र स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव और उच्च ज्वार के कारण बाढ़ आ सकती है। शोध से पता चलता है कि कुछ समुदाय वर्ष 2100 तक समुद्र तल पर या उससे नीचे पहुँच जाएंगे। अब यह उन पर निर्भर करेगा कि वे क्या करें। प्रबंधित वापसी नामक प्रक्रिया के दौरान, समुदाय संभवतः तटरेखा से दूर चले जाएंगे और अपने बुनियादी ढांचे में बदलाव करेंगे। समुद्री बर्फ में वैश्विक गिरावट के लिए मुख्य रूप से महासागरीय ऊष्मा परिवहन ज़िम्मेदार है। जब गर्म महासागरीय धाराएँ ध्रुवीय क्षेत्रों में प्रवेश करती हैं तो समुद्री बर्फ आधार पर तेजी से पिघलती है। अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) द्वारा गर्म पानी आर्कटिक में लाया जाता है, जो बर्फ की स्थिरता को कम करता है। ये जलवायु पैटर्न समुद्री और वायुमंडलीय स्थितियों के साथ-साथ बर्फ के निर्माण और पिघलने की दर को भी प्रभावित करते हैं। 2015-2016 की अल नीनो घटना ने समुद्र के तापमान में वृद्धि करके अंटार्कटिका के समुद्री बर्फ को रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँचा दिया। बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों से एरोसोल निकलते हैं, जिनमें अस्थायी रूप से वायुमंडल को ठंडा करने की क्षमता होती है, लेकिन वे दीर्घकालिक रूप से महासागरों के गर्म होने में भी योगदान देने वाले कारक हो सकते हैं।

2022 के हंगा टोंगा विस्फोट से जल वाष्प समताप मंडल में छोड़ा गया, जिससे समय के साथ वार्मिंग प्रभाव में संभावित रूप से वृद्धि हुई। अधिक शक्तिशाली तूफानों के कारण नाजुक समुद्री बर्फ टूट जाती है, जिससे पिघलने और समुद्री धाराओं के कारण उसके प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। 2024 में बेरेंट्स और बेरिंग सागर में तूफानों के कारण बर्फ टूट जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्कटिक सागर में बर्फ का आवरण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुँच जाएगा। मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड वायुमंडल में ऊष्मा को रोकते हैं, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ता है और ध्रुवीय बर्फ पिघलने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। औद्योगिक क्रांति के कारण कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर में नाटकीय वृद्धि के कारण आर्कटिक समुद्री बर्फ 1981 से प्रति दशक 12-2% की दर से घट रही है। महासागर का अम्लीकरण और वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि कोयला, तेल और गैस के जलने से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण होती है। आर्कटिक प्रवर्धन वह प्रक्रिया है जिसके तहत औद्योगिक गतिविधियों से उत्पन्न ऊष्मा-अवशोषित उत्सर्जन के कारण आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना अधिक तेजी से गर्म हो जाता है। जब वन नष्ट होते हैं तो कम कार्बन अवशोषित होता है और जब शहर बढ़ते हैं तो अधिक गर्मी बरकरार रहती है, जो वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करती है। समुद्री बर्फ का क्षरण और वैश्विक तापमान वृद्धि अप्रत्यक्ष रूप से अमेजन में वनों की कटाई के कारण होती है, जिससे कार्बन अवशोषण में कमी आती है। आर्कटिक क्षेत्र में ड्रिलिंग और बढ़ती समुद्री गतिविधियाँ समुद्री बर्फ के पारिस्थितिकी तंत्र को बाधित करती हैं और प्रदूषण तथा गर्मी पैदा करती हैं, जो स्थानीय तापमान में वृद्धि में योगदान करती हैं। इस क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की खोज के बाद आर्कटिक क्षेत्र में हुई तीव्र गति से इस तंत्र को और अधिक बल मिलने के परिणामस्वरूप ध्रुवीय बर्फ को अधिक क्षति पहुँची है।

पृथ्वी पर समुद्री बर्फ कम होने पर महासागर अधिक गर्मी अवशोषित करते हैं, जिससे एल्बिडो या परावर्तकता कम हो जाती है, तथा तापमान और भी अधिक बढ़ जाता है। आर्कटिक के घटते एल्बिडो प्रभाव के कारण जलवायु परिवर्तन में तेजी आई है, जिसके कारण ध्रुवीय क्षेत्र शेष विश्व की तुलना में दोगुनी तेजी से गर्म हो रहे हैं। बर्फ पिघलने से निकलने वाला ताजा पानी लवणता को कम करता है और गहरे समुद्र में परिसंचरण को धीमा कर देता है, जिसका जलवायु विनियमन पर प्रभाव पड़ता है। कमजोर हो रहे अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सकुर्लेशन (एएमओसी) से हिंद महासागर क्षेत्र, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में मौसम के पैटर्न में बदलाव आने की संभावना है। अप्रत्यक्ष रूप से, समुद्री बर्फ पिघलने से भूमि आधारित बर्फ की चादरों के पिघलने की गति बढ़ जाती है, जिससे दुनिया भर में समुद्र का स्तर बढ़ जाता है। जब सारी बर्फ पिघल जाएगी, तो ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर समुद्र के स्तर को लगभग 23 फीट तक बढ़ा देगी। तापमान में परिवर्तन के कारण तूफान, सूखा और गर्म लहरें बढ़ रही हैं, जिससे वायुमंडलीय परिसंचरण प्रभावित हो रहा है। जेट स्ट्रीम आर्कटिक बर्फ के पिघलने से प्रभावित होती है, जिसके कारण उत्तरी अमेरिका और यूरोप में लंबे समय तक गर्म लहरें चलती हैं। समुद्री बर्फ के पिघलने से खाद्य श्रृंखलाएँ गड़बड़ा जाती हैं, जिससे मत्स्य पालन और समुद्री जीवन खतरे में पड़ जाता है, जो ठंडे पानी के आवासों पर निर्भर रहते हैं। संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है, क्योंकि अंटार्कटिका में क्रिल की आबादी घट रही है तथा ध्रुवीय भालू और सील अपने शिकार के मैदान खो रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए तैयारी का अभाव है। वैज्ञानिक इस बात पर शोध कर रहे हैं कि वर्तमान और भविष्य में जलवायु परिवर्तन से समुदायों पर किस प्रकार प्रभाव पड़ रहा है तथा वे सर्वोत्तम तरीकों का सुझाव दे सकते हैं। भविष्य में जलवायु सम्बंधी जोखिमों को झेल सकने वाले लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश महत्त्वपूर्ण है। इसे लेकर सामाजिक जागरूकता जरूरी है। पर्यावरणीय शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति सीख सकता है कि जलवायु परिवर्तन के लिए कैसे तैयार रहा जाए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है महिला अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या

प्रियंका सौरभ

महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर से ब्रेक ले लेती हैं, जिससे उनके करियर में आगे बढ़ने और गुणवत्तापूर्ण शोध करने की क्षमता में बाधा आती है। नीति आयोग के अनुसार, भारत में महिला सदस्य बच्चे को जन्म देने के बाद लम्बे समय तक अपने करियर से ब्रेक ले लेती हैं, जिससे उनके स्थायी आधार पर नियुक्त होने की संभावना कम हो जाती है।


यूडीआईएसई+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है।

उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दर्शाता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 25% से भी कम पूर्ण प्रोफेसर महिलाएं हैं, जो निर्णयों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। भारत के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में 10% से भी कम कुलपति महिलाएं हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं के कारण, केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, जबकि ग्रामीण और उत्तर भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कम है। केरल के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक प्राध्यापक महिलाएं हैं, जबकि बिहार और राजस्थान में यह प्रतिशत 30% से भी कम है। नियुक्ति और पदोन्नति में अचेतन पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं के नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर में ब्रेक ले लेती हैं, जिसका असर उनकी उन्नति और शोध कार्य की संभावनाओं पर पड़ता है।

समान कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करना, लिंग कोटा स्थापित करना, चयन समितियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा स्पष्ट पदोन्नति मानकों को लागू करना, शैक्षणिक नियुक्ति समितियों में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता के द्वारा, जर्मनी का डीएफजी कार्यक्रम अधिक महिलाओं को उच्च शिक्षा में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षाविदों में महिलाओं की मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंच बढ़ाना: महिला संकाय सदस्यों को वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ जोड़ने के लिए औपचारिक मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करना, वित्तपोषण के अवसरों, अनुसंधान और नेतृत्व विकास पर सलाह देना।

## दैनिक पंचांग

27 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 08.45 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.25 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.23 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.36 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.04 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.30 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.46 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मकर | 03.51 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.37 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 58 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 08.55 बजे तदनन्तर अमावस्या 06.15 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 15.44 बजे को समाप्त। **योग** शिव 23.41 बजे को समाप्त। **करण** शकुनि 08.55 बजे, चतुष्पद 19.38 बजे तदनन्तर नाग 06.15 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 20'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872268
**जूलियन दिन** 2460733.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** शाबान **तारीख** 28
**विशेष** फाल्गुन अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय



**पटमदा**: पटमदा और बोड़ाम के सभी शिवालयों में देवाधिदेव महादेव की पूजा श्रद्धालुओं के द्वारा भक्तिमय माहौल में किया गया। पटमदा के कुलटांड स्थित शिव मंदिर, पटमदा, कमलपुर और बोड़ाम थाना के शिव मंदिर, दलमा पहाड़ स्थित शिवालय, कटीन लाल डूंगरी स्थित शिवालय में धूमधाम से भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वही कई मंदिरों में पूजा पाठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। आगुईडांगरा गांव में बड़तोल शिव मंदिर में सूर्यकांत दास ने कलश यात्रा, तीन दिवसीय यज्ञ के साथ पूजा का आयोजन किया।

## महाशिवरात्रि पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**लोहरदगा** : लोहरदगा जिला मे महाशिवरात्रि के मौके पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ विभिन्न शिवालयों में उमड़ी। महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा भोलेनाथ के मंदिर और गर्भगृह का विशेष श्रृंगार किया गया है।भंडरा के अखिलेश्वर धाम,लोहरदगा का खखपरता का प्राचीन शिवमंदिर सहित अन्य मंदिरों में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसे लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। महिला पुरुष युवा बुजुर्ग सभी पंक्तिबद्ध होकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी बडी संख्या में लोगों की ओर से भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। कई जगह अखंड कीर्तन मंडली की ओर से कीर्तन प्रारंभ कर दिया गया है। पूरा ईलाका भक्तिमय गीतों से गुंजायमान है। आस्था और भक्ति से सराबोर भक्त भगवान शिव और पार्वती के दर पर पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं अर्पित कर रहे हैं। भक्तगण उत्साहपूर्व पूरी श्रद्धाभाव से बाबा का प्रसाद लेकर जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं। जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

## दादी के अंतिम संस्कार में गया पोता डैम में डूबा, मौत

**गिरिडीह** : गिरिडीह जिले से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां पर चचेरी दादी के अंतिम संस्कार के लिए बराकर नदी घाट गए एक छात्र की डूबने से मौत हो गयी। यह घटना मुफस्सिल और पीरटांड थाना क्षेत्र की सीमा पर घटी है। घटना बुधवार की दोपहर की है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा निवासी रिंकू विश्वकर्मा का पुत्र शिवम था। मिली जानकारी के अनुसार बदडीहा गांव निवासी टिंकू विश्वकर्मा की मां का निधन हो गया था। ऐसे में अंतिम संस्कार करने के लिए गांव के लोग शव के साथ बरकार नदी गए थे। मृतका शिवम की चचेरी दादी थी, ऐसे में शिवम भी सभी के साथ घाट गया था। यहां मुखाग्नि के बाद लोग नदी में स्नान कर रहे थे। कुछ लोग नदी में बने चेक डैम के पास भी स्नान कर रहे थे। यही नहाने के दौरान शिवम चेकडैम के पास नदी के धार से बने गड्ढे में जा फंसा। गड्ढा गहरा था और वह बाहर नहीं निकल पाया। घटना के बाद यहां दाह संस्कार में पहुंचे ग्रामीणों ने बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस बीच मामले की जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो के अलावा पीरटांड थाना पुलिस को भी मिली। सूचना मिलते ही दोनों थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।

# सांसद व विधायक ने 10 करोड़ की लागत से दो योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड के दो अलग अलग जगहों में बुधवार को करीब दस करोड़ की लागत से दो योजनाओं का शिलान्यास हुआ। करोड़ो की लागत से गंगा किनारे कटावरोधी कार्य का शिलान्यास राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा ने पूर्वी प्राणपुर पंचायत के गंगा नदी तट पर 7.54 करोड़ की लागत से गंगा नदी के दाएं तट पर पूर्वी प्राणपुर से श्रीधर कॉलोनी नंबर दस के बीच छः सौ मीटर कटाव निरोधक कार्य का शिलान्यास किया। उक्त योजना का शिलान्यास होने से अब गंगा किनारे बसे लोग भयमुक्त रहेंगे।यहां प्रतिवर्ष सैकड़ों घर व कृषि योग्य जमीन बाढ़ की चपेट में आते है। वर्षों से यहां कटाव निरोधक कार्य नहीं हुआ था। राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं।सांसद ने आगे कहा कि गंगा किनारे सभी क्षेत्रों में विकास कार्य होगा। विधायक मो ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा ने कहा कि आज छः सौ मीटर कार्य का शिलान्यास हुआ। आने वाले समय में अन्य सभी जगहों का भी कटाव निरोधक कार्य होना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारुफ उर्फ गुड्डू, प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख, हारून रशीद, मो सावन, मुखिया जियाउल हक उर्फ शास्त्री, आताउर रहमान, डॉ रूहुल अमीन, तजरुल हक, आताउर उर्फ टुनु, मेहबूब शेख, पंसस प्रतिनिधि हन्नान शेख। वहीं उधवा प्रखंड के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत मनवारूल उलूम मदरसा में 2.88 करोड़ रुपए की लागत से 50 बेड का छात्रावास का राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधिवत फीता काटकर शिलान्यास किया। उक्त मदरसा में छात्रावास नहीं रहने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। मौके पर विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि अब लगातार क्षेत्रों में विकास ही होगी। कहा कि क्षेत्र में बहुत सारे कार्य अधूरे हैं जिसे पूरा करना है। छात्रावास का शिलान्यास होने से मदरसा का शिक्षक तथा स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया।


## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से पति-पत्नी की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज/बरहेट :** थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत ललमटिया समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल आमने-सामने की टक्कर से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 वर्षीय बालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक गोड्डा जिला के सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के गोड्डा जिला के बांका सुरमारा गांव निवासी ताला बाबू मुर्मू (35) वर्षीय, पत्नी मिनी हेंब्रम (30)वर्षीय गांव के रहने वाला है। मोटरसाइकिल चालक बरहेट बाजार से वापस अपने घर सुंदर पहाड़ी लौट रहा था, उसी दौरान विपरीत दिशा में लिट्टीपाड़ा से कदमा कि और ट्रैक्टर आ रहा था, उसी दौरान मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर आमने सामने से टकरा गया और घटना स्थल पर ही पति, पत्नी की मौत हो गई जबकि घटना से 5 वर्षीय बालक युवराज मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना से आस पास के लोगो को भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बरहेट थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पवन कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पुलिस 5 वर्षीय बालक को इलाज के लिए सीएचसी बरहेट लाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया तत्पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने गंगा स्नान कर शिव मंदिरों में किया जलार्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज शहर के विभिन्न गंगा घाटों पर बुधवार की अहले सुबह से लोगों की भारी भीड़ गंगा स्नान करने को उमड़ पड़ी। लोगों ने गंगा स्नान करने के बाद पास के शिव मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर जलार्पण व पूजन किया। शहर के बिजली घाट पर इस मौके पर सर्वाधिक भीड़ रही। वही महाशिवरात्रि को लेकर शहर स्थित सभी शिव मंदिरों में अहले सुबह से भक्त जनों की भीड़ और दिनों से अधिक रही। शहर के जीआरपी मंदिर, डाकीनाथ मंदिर, नगर थाना मंदिर, गुल्लीभट्टा शिव शक्ति मंदिर, बमकाली शिव मंदिर, भरतिया कॉलोनी मनसकामना ठाकुरबाड़ी, बिजली घाट मंदिर, गंगेश्वरानंद धाम, पुलिस लाइन मंदिर, जैप नौ मंदिर, स्टेशन प्रांगण का त्रिलोचन धाम मंदिर, गोड़ाबाड़ी वन विभाग मंदिर, सहित कई मंदिरों में बुधवार को काफी भीड़ उम्र पड़ी।

## मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर में चार लोग घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तेज रफ्तार मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सीताराम मंडल उम्र 55 वर्षीय पिता स्वर्गीय महादेव मंडल पता शोभापुर, थाना राजमहल के रहने वाले डीजल इंजन का काम करके चंडीपुर से अपने घर आ रहा था उसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक छोटन दास उम्र 30 वर्षीय पिता सोना दास, आकाश मंडल उम्र 24 वर्षीय पिता सुधीर मंडल, ऋतिक मोहाली उम्र 19 वर्षीय पिता नरेंद्र मोहाली तीनों का पता हरिशचंद्रपुर के रहने वाले ने पीछे से साइकिल में मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार और साइकिल सवार बीच सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राहगीरों की मदद से आनंद-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया। वही घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

## बरही में धूमधाम से निकली शिवबारात, हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा शिवालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरही के विभिन्न शिवालयों से भव्य शिवबारात का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे क्षेत्र में हर हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शिवभक्तों की यह बारात बरही के चारों मार्गों से होते हुए निकली, जिसमें भगवान शिव के विभिन्न रूपों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। शिवबारात की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल भोलेनाथ के भक्त शामिल हुए, बल्कि उनके साथ भूत-प्रेत, गण, अघोरी और राक्षसों के वेश में श्रद्धालु भी झूमते नजर आए। बारात के दौरान आकर्षक झांकियों और नृत्य दलों ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। इस भव्य आयोजन में बरही विधायक मनोज यादव मुख्य रूप से शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ झूमते नजर आए। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि शिवबारात हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में समरसता और भाईचारे का संदेश भी देता है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शिवजी सभी पर कृपा बनाए रखें और सबके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं। शिवबारात में शामिल श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया और पूरे जोश व उमंग के साथ भगवान शिव की आराधना की। नगर के विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवबारात के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल ने पूरे मार्ग पर निगरानी रखी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने भी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग किया।

# महाशिवरात्रि पर बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रशासन दिखी मुस्तैद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** महाशिवरात्रि के अवसर पर झारखंड के देवघर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में बाबा नगरी को दुल्हन की तरह सजाकर तैयार किया गया है। यहां शहर की सड़कों पर बिछाई गई रोशनियां और आकर्षक आकृतियां रात के अंधेरे को दूर करने वाली है। देवघर के चौक-चौराहों पर इन खूबसूरत सजावटों का दृश्य एक अलग ही आकर्षण पैदा कर रहा है। यह सजावट रात के समय शहर की सुंदरता में चार चांद लगा रही है। महाशिवरात्रि पर होता है विशेष आयोजन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर देवघर में विशेष रूप से भव्य आयोजन किए जाते हैं। इस बार भी यह परंपरा धूमधाम से मनाई जाने वाली है। हर साल की तरह शहर को सजाने का काम इस बार जिला प्रशासन और राज्य सरकार के पर्यटन विभाग ने किया है। इस बार देवघर में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि पहली बार शिव बारात का आयोजन शिव बारात समिति की बजाय जिला प्रशासन की ओर से निकाली जाएगी। इस नये आयोजन की तैयारी पूरी जोर-शोर से चल रही है, ताकि इस महाशिवरात्रि को और भी भव्य तरीके से मनाया जा सके। जानकारी हो कि बाबाधाम में भगवान शिव के साथ साक्षात माता पार्वती विराजती हैं। ऐसा कहा जाता है यहां भोलेनाथ अपने भक्तों की मन्नत भी पूरी करते हैं। देवघर का अर्थ ही है 'देवताओं का घर'। यहां के कण-कण में महादेव का वास है। यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना महादेव जरूर पूरी करते हैं। इसी कारण यहां विराजित शिवलिंग को कामनालिंग के रूप में भी जाना जाता है। बताया जाता है कि बाबा बैद्यनाथ धाम 'शिव और शक्ति के मिलन स्थल' के रूप में भी प्रसिद्ध है। यहां भगवान शिव के साथ मां शक्ति भी विराजमान हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंत्र में भी इसका उल्लेख 'परल्या वैद्यनाथं' के रूप में होता है। मालूम हो कि बाबा बैद्यनाथ धाम में माता सती का हृदय गिरा था। इसके साथ ही शिवलिंग के रूप में महादेव भी विराजमान हैं। बाबा बैद्यनाथ धाम एक मात्र ऐसा धाम है, जहां शिव-पार्वती का गठबंधन होता है। इसके साथ ही भक्तों की सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि यह 'शिव और शक्ति का मिलन स्थल' है। इसी वजह से बाबा बैद्यनाथ धाम को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सबसे श्रेष्ठ भी माना जाता है।

संक्षिप्त खबरें

## ई रिक्शा पलटने से तीन घायल

**साहिबगंज/राजमहल**: तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर नया बस्ती कटपुल के पास बुधवार को सुबह लगभग 6:00 बजे अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलटने से एक यात्री बुरी तरह घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शहर के महाजन टोली निवासी राजीव दास अपने पत्नी और बच्चे के साथ ई रिक्शा में बैठकर तीनपहाड़ ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहा था। इसी दौरान कटपुल के पास ई रिक्शा तेज रफ्तार में रहने के कारण अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। जिससे उसकी पत्नी पुतुल दास 40 वर्षीय से गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को पति राजीव दास एवं अन्य की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। राजीव दास और उनकी 8 वर्षीय पुत्री को आंशिक रूप से चोट लगी है। घटनास्थल से ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर फरार होने में सफल रहा। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**बरहरवा**: बरहरवा प्रखंड अंतर्गत सातगाछी ग्राम पंचायत के श्रीरामपुर गांव में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हो गया। टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मैच खेलने वाले सभी खिलाड़ियों से पंचायत के मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बारी-बारी से हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलडीह, तथा विजयपुर, के बीच खेला गया जिसमें विजयपुर ने मंगलडीह को एक गोल से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमा लिया। दोनों ही टीम ने बढ़िया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए बरकत खान बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद आदमी के स्वस्थ एवं मानसिक संतुलन के लिए बहुत जरूरी है इसलिए ग्रामीण इलाकों में इस तरह का खेल बीच-बीच में आयोजित होनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। इसके साथ ही उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों को 40 हजार तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को 30 हजार नगद देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समापन के बाद पंचायत के मुखिया आलोक मुर्मू ने बताया कि खेलने से मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक संतुलन भी बना रहता है इसलिए ग्रामीण स्तर पर इस तरह की टूर्नामेंट बीच-बीच में आयोजित होनी चाहिए ताकि गांव घर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। इस टूर्नामेंट को देखने के लिए चंदना, श्रीरामपुर, कुसमी, मालिन, दिघी ,आदि गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए थे।

## समाजसेवी अमित भगत ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता किया ग्रहण




**बरहरवा**: बरहरवा प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता अमित भगत ने प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम से इस्लामपुर स्थित उनके आवास में मिलकर बुधवार को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। सदस्य ग्रहण करने के बाद कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने गले मिलकर उनका अभिवादन किया तथा तन मन धन से कांग्रेस पार्टी के हित में कार्य करने को लेकर उसे प्रोत्साहित किया। तनवीर आलम ने बताया कि पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के साथ यह भी आवश्यक है कि समर्पित होकर पार्टी की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज के निर्धन एवं गरीब तबके के लोगों की आवाज बनकर अपनी एक पहचान बनाए। सदस्यता ग्रहण करने को लेकर बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजीत टुडू, निहाल अख्तर, काजल शेख, मुकीम शेख, कालू बशक, सैफ आलम ने उनको पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने को लेकर बधाई दिया।

## वन निगम कार्यालय डिपू के पास से पानी बोरिंग मोटर की हुई चोरी

**साहिबगंज/पतना**: रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पतना प्रखंड स्थित वन निगम कार्यालय डिपू के पास से अज्ञात चोरों ने बोरिंग में लगे पानी मोटर को चोरी कर ले गया है। इसकी जानकारी सुबह आमड़ापाड़ा से ट्रक से लकड़ी गाड़ी आने पर ड्राइवर ने बोरिंग के पास पानी का पाइप को तहस-नहस देख नाइट गार्ड सरकार मुर्मू व राजकुमार धोबी को सूचना दी व दोनों ने डिपू मुंशी अजमीर हुसैन को जानकारी दी। डिपू मुंशी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी मो इसरारुल हक को जानकारी देते ही तुरंत घटनास्थल पहुंचे चोरी की गई सामान का मुआयना किया। वहीं चोरी की घटना की जानकारी रांगा थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज की। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार ने बताया कि वन विभाग की ओर से आवेदन मिला है मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। हटिया के दुकानदार व आसपास के लोगों को होता था पानी की सुविधा, वन निगम कार्यालय डिपू के पास सोलर युक्त जलमीनार से आसपास व सोमवार हार्ट के दुकानदारों को पानी की सुविधा मिलती थी। शातिर चोरों ने डीप बोरिंग से मोटर को चोरी कर लोगों को परेशानी में डाल दिया है।

## फाल्गुनी काली पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर



**बरहरवा**: प्रखंड अंतर्गत करेला बेहबतपुर गांव में गुरुवार को फाल्गुनी काली पूजा की आयोजन को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।बेहबतपुर गांव में प्रत्येक वर्ष फाल्गुनी काली पूजा का आयोजन किया जाता है। यह पूजा लगभग पिछले 50 सालों से आयोजित होता आ रहा है। फाल्गुनी पूजा के अवसर पर पूजा स्थल के आसपास के गांव करेला, रूपसपुर, दरियापुर, आगरा टोला, नयन टोला, ग्वालखोर, पीपाड़ा पटल, बिंदु पड़ा, के लोग फाल्गुनी काली पूजा के पावन अवसर पर अपने सगे संबंधियों को अपने घर बुलाते हैं एवं पूजा मनाने के साथ-साथ खुशियां भी मानते हैं, यह परंपरा यहां काफी पुरानी है। इस अवसर पर बेहाबतपुर गांव स्थित पीपल के पेड़ के नीचे काली मां स्थान में सैकड़ों बलि पूजा चढ़ाया जाता है। इस पूजा के अवसर पर काली मंदिर के आसपास मेला भी लगता है, जो कई दिनों तक चलता है इसे लेकर पूजा कमेटी के लोगों ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ता 25,000 तक निकाल सकेंगे

## आरबीआई ने बताई तारीख और शर्त




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते दिनों न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए भंग कर दिया गया। आरबीआई ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पैसे निकालने, जमा करने, लोन देने और किसी प्रकार के लिए लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अधिकांश ब्रांच मुंबई और ठाणे में हैं। तीन लाख से अधिक ग्राहकों वाले इस बैंक से जुड़ी परेशानी में तात्कालिक राहत मिलने के संकेत हैं। आरबीआई ने ग्राहकों को पैसे निकालने की सशर्त अनुमति दी है।

**प्रशासक के सलाहकारों की समिति का पुनर्गठन-** जमाकर्ता इस निकासी के लिए बैंक की शाखा के साथ-साथ एटीएम चैनल का भी उपयोग कर सकते हैं, हालांकि, निकाली जा सकने वाली कुल राशि प्रति जमाकर्ता 25,000 रुपये या उनके खाते में उपलब्ध शेष राशि जो भी कम हो, होगी। समीक्षा के आधार पर रिजर्व बैंक ने 25 फरवरी, 2025 से प्रशासक के सलाहकारों की समिति (सीओए) का भी पुनर्गठन किया है।

● **एक बार में अधिकतम कितने पैसे निकाल सकेंगे ग्राहक-** दरअसल, सोमवार को मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के खाताधारकों के लिए एक अच्छी खबर सामाने आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रशासक के साथ बातचीत करके बैंक की तरलता स्थिति की समीक्षा करने के बाद 27 फरवरी, 2025 से प्रति जमाकर्ता 25,000 रुपये (केवल पच्चीस हजार रुपये) तक की जमा निकासी की अनुमति देने का निर्णय लिया है। उपरोक्त छूट के साथ कुल जमाकर्ताओं में से 50 प्रतिशत से अधिक अपनी पूरी शेष राशि निकाल सकेंगे और शेष जमाकर्ता अपने जमा खातों से 25,000 रुपये तक निकाल सकेंगे।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स कंपनी का साथ शानदार प्रदर्शन

**अहमदाबाद।** टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने थर्ड क्वार्टर और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिजनेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7 प्रतिशत बढ़कर 291.42 लाख हो गया जो पहले 189.55 लाख था।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8 प्रतिशत बढ़कर 42,397.79 लाख हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 35,095.74 लाख था। नेट प्रोफिट में 56.6 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह 943.55 लाख हो गया, जो कंपनी का सतत ग्रोथ दर्शाता है। ग्लोब टेक्सटाइल्स के 4,504 लाख के राइट्स इश्यू को अपेक्षा से अधिक रीस्पोन्स मिला, जिससे निवेशकों का कंपनी के ग्रोथ और फायनान्शियल स्टेबिलिटी में मजबूत विश्वास झलकता है।

# 10 टुकड़ों में बंटने जा रहा है आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर, 1 साल में किया पैसा डबल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी अपने शेयरों को 10 हिस्सों में बांटने जा रही है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है।

**इसी महीने है रिकॉर्ड डेट-** आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का बंटवारा 10 हिस्सों में किया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। बता दें, आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर 28 फरवरी की तारीख को स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट तय किया है। अगर आप इस शेयरों के बंटवारे का फायदा लेना चाहते हैं तो एक कारोबारी दिन यानी 27 फरवरी को कंपनी के शेयर खरीद लेने होंगे।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा-** सोमवार को कंपनी के शेयर 551.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 6 महीने के दौरान



कंपनी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल में स्टॉक का भाव 200 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 612.65 रुपये और 52 वीक लो लेवल 115.88 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 959 करोड़ रुपये का है।

2 साल में यह मल्टीबैगर स्टॉक 1300 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है। वहीं, 3 साल में शेयरों का भाव 1600 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, 5 साल में 2500 प्रतिशत की तेजी आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में देखने को मिला है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 85 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

कंपनी के शेयरों में काफी लम्बे समय के बाद कोई बड़ी हलचल देखने को मिलने जा रही है। 2013 से 2015 तक कंपनी ने हर एक शेयर पर एक-एक रुपये का डिविडेंड दिया था। उसके कंपनी ने ना तो डिविडेंड दिया ना ही बोनस शेयर का कोई ऐलान किया।

000000

## भारत में अमेजन प्राइम सदस्यों को सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड मिली

**मुंबई।** हर साल, अमेजन ग्राहक सिर्फ प्राइम सदस्यता लेकर बड़ी बचत कर रहे हैं। 2024 में, प्राइम सदस्यों को अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी मिली और उन्होंने पहले से कहीं अधिक बचत की। 2024 में अमेजन इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अब तक की सबसे तेज डिलीवरी की और 41 करोड़ से ज्यादा आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिला। सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर पिछले साल औसतन 3300 रुपये से अधिक की बचत भी की है, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी ज्यादा है। दुनियाभर में, अमेजन प्राइम ने पिछले साल 9 अरब से ज्यादा उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए और प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर करीब 95 अरब डॉलर की बचत की है। स्पीड और विशाल चयन ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसे समझते हुए अमेजन ने लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी क्षमताओं में लगातार इन्वेस्ट किया है। सबसे बड़ा उत्पाद चयन सबसे तेज स्पीड से डिलीवर करने के लिए, अमेजन प्राइम ने 2024 में सेम-डे/नेक्स्ट-डे डिलीवरी के तहत सेवा वाले पिन कोड की संख्या 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा दी, जिससे भारत के विभिन्न शहरों और कस्बों में और भी ज्यादा ग्राहकों को प्राइम सुविधाओं का लाभ मिलने लगा। आज, प्राइम सदस्यों को 10 लाख से ज्यादा आइटम्स पर मुफ्त, अनलिमिटेड सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से अधिक आइटम्स पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी mazon.in पर मिल रही है। यही नहीं, सब-सेम डे डिलीवरी के तहत, प्राइम सदस्यों को mazon.in पर 20,000 से अधिक बेस्टसेलिंग आइटम्स सिर्फ 4 घंटे में डिलीवरी के लिए उपलब्ध हैं।

## बंधन ने नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स दिसंबर 2029 फंड लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10 :90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड और सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। यह फंड 90न्न स्टेट डेवलपमेंट लोन्स (एसडीएल) और 10न्न सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) वाले पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दिसंबर 2029 में निर्धारित मैच्योरिटी के साथ, यह फंड निवेशकों को निवेश अवधि और रिटर्न क्षमता पर स्पष्टता के साथ विकसित ब्याज दर साइकिल में भाग लेने की सुविधा देता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 25 फरवरी, 2025 को निवेश के लिए खुलेगा और 05 मार्च, 2025 को बंद होगा। नए फंड के लॉन्च के मौके पर, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि फिक्सड-इनकम लैंडस्कैप तेजी से डेवलप हो रहा है, जिससे निवेशकों के लिए बाजार की बदलती परिस्थितियों को नेविगेट करने के लिए सही इंस्ट्रूमेंट्स का चयन करना आवश्यक हो गया है। एक निर्धारित मैच्योरिटी तारीख वाले फंड में निवेश करने से निवेशकों को हाई क्वालिटी इंस्ट्रूमेंट्स तक पहुंच मिलती है जो स्कीम्स की मैच्योरिटी तक रखने पर रिटर्न की उचित मौजूदगी के साथ आसान तरलता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अभी, 4-5 वर्षों में मैच्योर होने वाले एसडीएल की उच्च मांग होने की उम्मीद है क्योंकि हम दरों में कटौती वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10 :90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड को निवेशकों को अधिकतम अवधि और उचित एक्यूअर्ल्स के साथ एक सॉवरेन समर्थित पोर्टफोलियो की पेशकश करके इन डायनेमिक्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# एसआरएम के चांसलर को आईसीडी से प्राप्त हुआ ऑनरेरी फैलोशिप का सम्मान



**चेन्नई, एजेंसी।** इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री सेक्शन वीआई (भारत, श्रीलंका और नेपाल) ने एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के फाउंडर चांसलर डॉ. टी.आर. पारिवेंधर को ऑनररी फैलोशिप प्रदान करते हुए सम्मानित किया है। नॉन-डेंटिस्ट/नॉन-मेडिकल क्षेत्र मेंयह डिस्टिंक्शनशायद ही कभी किसी को मिलती है, परंतु डॉ पारीवेंधर जी को यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह फेलोशिप शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा वितरण के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करता है। कट्टनकुलथुर स्थित एसआरएम आइएसटी में एसआरएम कट्टनकुलथुर डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित आईसीडी की वार्षिक बैठक एवं दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ. पारीवेंधर को इन दोनों क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदान के लिए पहचाना गया था।

आईसीडी के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ. आयन एम. डॉयल एवं आईसीडी सेक्शन वीआई की प्रेसिडेंट डॉ. मीरा वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों नेउन्हें ऑनररी फैलोशिप से नवाज़ा।

अपने स्वीकृति भाषण में, डॉ. पारिवेंधर ने दंत चिकित्सा के विशेष महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कियह लोगों को सीधे चलने, साफ-साफ बोलने और आत्मविश्वास के साथ हंसने में सहायता करने के साथ-साथएक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य समझकर फेलोशिप प्रदान करने पर उन्होंने आईसीडी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया, जबकि वे एक नॉन-मेडिकल प्रोफेशनल हैं।

# सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट का समेकित शुद्ध लाभ एच1 एफवाय25 में 195 प्रतिशत बढ़ा प्रतिशत

**पुणे, एजेंसी।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो फैसिलिटी मैनेजमेंट क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक है, ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही (एच1 एफवाय25) के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ, अमोल शिंगाटे ने टिप्पणी करते हुए कहा, वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में हमारी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन हमारी परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभिन्न उद्योगों में हमारी एकीकृत सेवा पेशकशों की बढ़ती स्वीकृति हमें फैसिलिटी मैनेजमेंट और समर्थन सेवाओं में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूत बनाती है।

18 दिसंबर 2024 को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर हमारी सफल लिस्टिंग के साथ, हम अब अपनी सेवा क्षमताओं का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ाने और अपने बाजार की स्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें नवाचार को बढ़ावा देना और उद्योग की बदलती मांगों को पूरा करना शामिल है।

हमारे वित्तीय परिणामों के बाद, हमने कोमौरैबी टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल किया है, जिसका उद्देश्य मुंबई महानगरीय क्षेत्र में बस सेवाओं को बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत सिटीफ्लो प्लेटफॉर्म के तहत आधुनिक बसों के बेड़े की शुरुआत की जाएगी, जिससे निर्बाध और विश्वसनीय परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। यह अनुबंध सतत शहरी गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

आगे देखते हुए, हम अपने पदचिह्न का विस्तार करने, अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने और अपनी सेवा पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एकीकृत सुविधा प्रबंधन और विशिष्ट समर्थन सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, हमें सतत विकास को आगे बढ़ाने की अपनी क्षमता पर पूरा विश्वास है।

# मध्य प्रदेश में आईईएसए की भूमिका और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी

● आईईएसए ने सेमीकंडक्टर सेक्टर से संबंधित मध्य प्रदेश सरकार की नीति की सराहना की ● बीते साल हुए साझे एमओयू के बाद यह एक बड़ा कदम

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भोपाल में मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया गया। आईईएसए (जिसका प्रतिनिधित्व इसके अध्यक्ष, अशोक चांडक और कई सदस्य करते हैं) के लिए इस उद्घाटन समारोह में शामिल होना और उसका गवाह बनना बहुत प्रेरणादायक अवसर रहा। यह महत्वपूर्ण अवसर मध्य प्रदेश की आर्थिक वृद्धि और विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईईएसए पिछले कई वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर में पहल करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डैवलपवमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) ने लगातार आईईएसए विज़न समिट और अन्य प्रमुख उद्योग पहलों में हिस्सा लिया है। पिछले साल, आईईएसए ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमपीएसईडीसी के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे राज्य की सेमीकंडक्टर और



इलेक्ट्रॉनिक्स नीति विकास में सहयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिला। मध्य प्रदेश की सेमीकंडक्टर नीति को सफलतापूर्वक तैयार किया गया और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की गई थी, जो कि एमओयू के ऐक्शन प्लान की कामयाबी का परिचायक है। यह सेमीकंडक्टर पॉलिसी मध्य प्रदेश में ईएसडीएम ईकोसिस्टम के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईईएसए के अध्यक्ष श्री अशोक चांडक ने 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लिया और सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पर एक पैनल चर्चा का संचालन किया। चर्चा के दौरान, उन्होंने पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग, फैबलेस सेमीकंडक्टर डिज़ाइन, प्रोडक्ट डैवलपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर असैम्बली व टैस्टिंग और सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सहित सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टम के विभिन्न सैगमेंट्स को विकसित करने हेतु मध्य प्रदेश के लिए प्रमुख रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उद्योग जगत की मजबूत भागीदारी और मध्य प्रदेश राज्य के सक्रिय दृष्टिकोण के साथ, इस पहल से महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित होने, रोजगार के अवसर पैदा होने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था दोनों में योगदान मिलने की उम्मीद है। आईईएसए मध्य प्रदेश सरकार, एमपीएसईडीसी, अधिकारियों और इंडस्ट्री स्टेकहोल्डरों को इस जीआईएस व सेमीकंडक्टर पॉलिसी की उपलब्धि पर बधाई देता है और राज्य में ईएसडीएम क्षेत्र की वृद्धि और विकास को देखने के लिए तत्पर है।

## कलर्स के सेलेब्स ने महाशिवरात्रि के अपने रिवाज़ों और मान्यताओं के बारे में खुलकर बात की

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के 'राम भवन' में ओम का किरदार निभा रहे मिश्कत वर्मा कहते हैं, मुझे महादेव का दर्शन बेहद प्रासंगिक लगता है- अतीत की बातों को भूलकर, वर्तमान में यकीन करो, और आगे की सफर के प्रति पूर्ण समर्पण करो। इन मान्यताओं ने मुझे एक इंसान के तौर पर बेहतर बनाया है, जिससे मुझे अपनी ज़िंदगी और अपने क्राफ्ट में शांति और स्पष्टता मिली है। इससे भी खास बात यह है कि राम भवन में मेरा किरदार, ओम, इन्हीं आदर्शों का प्रतीक है- दृढ़ता, सच्चाई, और नियति पर अटूट विश्वास- ये आदर्श महादेव की शिक्षा के मूल में हैं। मैं महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर जाऊंगा और कुछ समय ध्यान करूंगा। यह पवित्र रात हमें याद दिलाती है कि धैर्य, यकीन, और ईश्वर की कृपा पर विश्वास हमें सबसे कठिन तूफानों से भी निकाल सकता है। मेरी कामना है कि हम सभी को भगवान शिव के आशीर्वाद से बीती बातों को भूलकर आगे बढ़ने और वास्तविकता को स्वीकार करने का ज्ञान मिले। हर हर महादेव! कलर्स के 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में मीनाक्षी की भूमिका निभा रहीं सुभा राजपूत कहती हैं, शिव शक्ति-तप त्याग तांडव का हिस्सा बनना ऐसा आशीर्वाद है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

# हाईफन फूड्स ने भारत में आलू की खेती में डिजिटल क्रांति लाने के लिए यू.के. की हार्वेस्टआई के साथ साझेदारी की

## यह साझेदारी आलू किसानों की उत्पादकता और लाभ बढ़ाने में मदद करेगी

### नई तकनीक के जरिए आकार, उपज और गुणवत्ता पर सटीक डेटा मिलेगा।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की प्रमुख आलू प्रोसेसिंग कंपनी और फोजन आलू प्रोडक्ट्स की सबसे बड़ी निर्माता, हाईफन फूड्स ने यू.के. की मशहूर फसल इनसाइट्स कंपनी, हार्वेस्टआई




के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करी। इस साझेदारी के तहत हाईफन फूड्स भारत में उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी लेकर आएगी। यह साझेदारी किसानों को बेमिसाल टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी जिससे वह उनकी फसल की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकेंगे। हाईफन ग्रुप के एमडी और ग्रुप सीईओ, हरेश करमचंदानी ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी हमारे विजन के अनुरूप है, जो ताजा उपज से जुड़े खाद्य उद्योग में क्रांति लाने पर केंद्रित है। हाईफन ग्रुप की एग्रीबिजनेस यूनिट, हाईफार्म के जरिए हम आलू खेती में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ला रहे हैं।

हाईफार्म हमेशा नई डिजिटल टेक्नोलॉजी और प्रिसिजन कृषि उपकरणों को अपनाने पर जोर देता है, ताकि आलू की फसल की उत्पादकता, लाभ और गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह आलू मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाता है, और फसल के नुकसान को कम करने में मदद करता है। हार्वेस्टआई, उन्नत मशीन लर्निंग (एएमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित विजन सिस्टम का इस्तेमाल करेगा, जो आलू की फसल का आकार, संख्या और वजन जैसी जानकारियां साथ के साथ देगा। यह साझेदारी हार्वेस्टआई को हाईफार्म के अग्रणी किसान-कनेक्ट डिजिटल इकोसिस्टम फार्मोजी से जोड़ने में भी सक्षम बनाती है। आज फार्मोजी ने आलू खेती में क्रांति ला दी है, जहां किसान फसल सलाह, मिट्टी की सेहत जांच, जल दक्षता मार्गदर्शन, मौसम और रोग अलर्ट, ड्रोन स्प्रे और मशीनीकरण जैसी कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## जियो हॉटस्टार पर 26 फरवरी को देखिए ज्योतिर्लिंगों की लाइव आरती

**मुंबई।** जियो हॉटस्टारमहाशिवरात्रि: दडिवाइननाइट के साथ एक अनोखे और मनमोहक महाशिवरात्रि कार्यक्रम के प्रसारण के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 26 फरवरी को शाम 6 बजे से शुरू होने वाला 12 घंटे का विशेष लाइव प्रसारण होगा और पूरे देश में इस पवित्र उत्सव की भव्यता को प्रदर्शित करेगा। अपनी तरह का एक पहला, मल्टी-फॉर्मेट, मल्टी-लोकेशन, मल्टी-स्ट्रीम लाइव इवेंट, महाशिवरात्रि- दडिवाइननाइट, देश भर के ज्योतिर्लिंगों की 20 से ज्यादा आरतियों तक रीयल-टाइम पहुँच के साथ साथ भारत को एक दिव्य उत्सव में एकजुट करने का विश्वास दिलाता है, जिससे दर्शक अपने घरों में बैठे ही इस उत्सव में भाग ले सकेंगे। इस लाइव इवेंट के सीधे प्रसारण में दर्शक सभी ज्योतिर्लिंगों की 20 से ज्यादा आरतियों को रीयल-टाइम में देख सकते हैं,क्योंकि देश भर से प्रसारित ये उत्सव उनके डिवाइस पर होंगे। इसके ज़रिये वे आरतियों के महत्व को समझ सकते हैं और साथ ही अनुष्ठानों के अर्थ को भी गहराई से समझ सकते हैं।

# नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार भाजपा के 7 विधायकों का शपथ ग्रहण

## एन.डी.ए को सबसे ज्यादा सीटें देने वाले मिथिलांचल के 4 विधायक बनेंगे मंत्री

**पटना।** में थोड़ी देर में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। BJP कोटे के 7 विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे। NDA को सबसे ज्यादा सीटें देने वाले मिथिलांचल के 4 विधायक बनेंगे मंत्री बनेंगे। खञ्व कोटे से कोई नया मंत्री नहीं होगा। शपथ ग्रहण से पहले सुनील कुमार, मोतीलाल प्रसाद, विजय मंडल और संजय सरावगी समेत सातों विधायक बीजेपी ऑफिस पहुंचे। चारों ने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से मुलाकात की। इससे पहले अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ मंत्रियों की लिस्ट लेकर राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल के प्रधान सचिव को शपथ लेने वाले विधायकों की लिस्ट सौंपी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने CM नीतीश कुमार को अपना इस्तीफा सौंपा। नीतीश कैबिनेट विस्तार में 7 विधायकों को मंत्री बनाया जा रहा है। इनमें 6 विधायक उत्तरी बिहार के इलाके से आते हैं। सबसे अहम ये है कि इस कैबिनेट विस्तार में मिथिलांचल को सबसे ज्यादा तवज्जो दी जा रही है। मिथिलांचल के दरभंगा जिले में आने वाली दरभंगा और जाले विधानसभा के विधायकों को मंत्री बनाया जा रहा है। इसके अलावा सीतामढ़ी के रीगा के विधायक को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल रही है। अगर इसमें मुजफ्फरपुर के साहेबपुर को भी जोड़ दें तो मिथिलांचल से मंत्रियों की संख्या 4 हो जाएगी। इससे पहले कैबिनेट में केदार प्रसाद गुप्ता और हरि सहनी पहले से ही



मिथिलांचल से मंत्री हैं। इस हिसाब से कैबिनेट में 6 मंत्री मिथिलांचल के हो जाएंगे। इसके अलावा सीमांचल से एक विधायक को मंत्री बनाया जा रहा है। इससे पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी सीमांचल से आते थे। ऐसे में उनके इस्तीफा देने के बाद उनकी भरपाई के तौर पर भी इसे जोड़कर देखा जा रहा है। मिथिलांचल को NDA का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशली जैसे अहम जिले आते हैं। इन जिलों में विधानसभा की 60 सीटें आती हैं, इनमें 2020 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के 40 विधायक जीते थे। बुधवार सुबह राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफे के बाद कहा- 'BJP में एक व्यक्ति एक पद का फॉर्मूला है, इसलिए मैंने आज मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। कैबिनेट विस्तार होना तय है। ये मुख्यमंत्री जी का अधिकार है। इसमें जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा जाएगा।' 'मैंने राजस्व विभाग में हमेशा अच्छा करने की कोशिश की। भविष्य में भी मेरे बारे में चर्चा चलेगी। राजस्व विभाग में हमने सर्वे का काम शुरू किया था। उस दौरान उथल-पुथल मची हुई थी। हमने फिर भी अपना काम जारी रखा। 14 करोड़ पन्नों को हमने डिजिटल किया।' नीतीश कुमार की मौजूदा कैबिनेट में कुल 30 मंत्री हैं। 6 मंत्रियों की जगह खाली है। बुधवार को दिलीप जायसवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कुल 7 जगह खाली हो चुकी हैं। अभी तमाम ऐसे मंत्री हैं जिनके पास एक से ज्यादा विभाग हैं। विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरता रहा है। इसी कारण चुनाव के पहले कैबिनेट विस्तार किया जा रहा है। सरकार कैबिनेट विस्तार के जरिए जातिगत समीकरण को भी साधना चाहती है। कैबिनेट में जो नए मंत्री शपथ लेंगे उनमें भी जातिगत समीकरण के हिसाब से ही मंत्री बनाए जाएंगे।

जिन मंत्रियों के पास दो या दो से अधिक मंत्री पद हैं, उनसे एक विभाग को लिया जा सकता है। ये विभाग नए मंत्री को दिया जाएगा। कई ऐसे मंत्री हैं, जिसके पास दो या दो से अधिक विभाग हैं। जानकारी के मुताबिक पार्टी के बड़े चेहरे से भी विभाग की कटौती की जा सकती है। ये नए मंत्री को दी जा सकती है।

# वस्तानिया की परीक्षा में नकल दरी पर बैठे छात्र कर रहे चीटिंग

## -----प्रधानाध्यापक बोले- सब ठीक है----





**पटना।** में मदरसा बोर्ड की वस्तानिया परीक्षा में अनियमितता का मामला सामने आया है। सुगौली प्रखंड के स्टेशन रोड स्थित फैजुल उलूम लाल मदरसा में छात्र जमीन पर बिछी दरी पर बैठकर परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा केंद्र की स्थिति प्राइमरी स्कूल के जांच परीक्षा जैसी दिख रही है। यहां 125 छात्र परीक्षा दे रहे हैं। छात्र खुलेआम एक-दूसरे से नकल कर रहे हैं। यह स्थिति शिक्षा विभाग और मदरसा बोर्ड के दावों की पोल खोल रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिक्षा विभाग इंटर और मैट्रिक की परीक्षाओं को कदाचार मुक्त कराने का दावा कर रहा है। मदरसा बोर्ड ने भी परीक्षाओं के सुचारू संचालन का दावा किया था। लेकिन वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। मदरसा के प्रधानाध्यापक मौलाना नुरूलेन का कहना है कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है। उनके अनुसार कोई गड़बड़ी नहीं है और छात्र उत्साहित हैं। हालांकि, वायरल हुए वीडियो में दिख रही स्थिति इस बयान के विपरीत है।

# स्वर्ण व्यवसायी से सोना लूटने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** शहर में नवादा थाना पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायी से सोना लूटने के मामले में मुख्य आरोपी अमन चौधरी को रमना मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। अमन चौधरी नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोहल्ले का रहने वाला है। पुलिस उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। एसपी राज ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी को पकड़ा। इससे पहले पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही लूट का सोना और इस वारदात में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुर पड़ाव मोड़ भट्ठी के अमन कुमार, कोईलवर थाना क्षेत्र के बाग-मझौआ गांव के सचिन कुमार, कृष्णानगर चंदवा के अमित कुमार, इब्राहिमनगर के अंकित कुमार, धरहरा के प्रियांशु कुमार और इब्राहिमनगर मोहल्ले के गोलू कुमार उर्फ राहुल कुमार शामिल हैं। पुलिस ने लूटे गए 632 ग्राम सोने को भी बरामद कर लिया था। कोर्ट के आदेश के बाद 20 फरवरी को एसपी कार्यालय में व्यवसायी को सोना लौटा दिया गया। यह भोजपुर पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह लूट 15 जनवरी 2025 की सुबह 7 बजे हुई थी। स्वर्ण व्यवसायी नागेंद्र कुमार 632 ग्राम सोना बैग में लेकर न्यू कश्यप नगर से ऑटो में पटना जाने के लिए आरा रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

# वर-वधू स्वागत समारोह में फायरिंग एक को गोली लगी दो लोग मारपीट में घायल आरोपी फरार



**वैशाली।** के जुड़ावनपुर में वर-वधू स्वागत समारोह के दौरान बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। यह घटना राघोपुर पूर्वी में हुई, जिसमें एक व्यक्ति को गोली लगी और दो लोग मारपीट में घायल हो गए। घायलों की पहचान और हालत घायलों में पटना जिले के खुसरूपुर के मौसमपुर निवासी विमलेश कुमार, कमलेश कुमार और गणेश कुमार शामिल हैं। गणेश कुमार को दाहिने हाथ में गोली लगी, उनकी हालत गंभीर है। उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। विमलेश और कमलेश को सिर में चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। घटना राघोपुर निवासी नागेश्वर राय के पुत्र लालू कुमार के बहू भोज के दौरान हुई। मेहमानों के स्वागत के समय कलटू राय, टेभन राय और कुछ अन्य लोग हथियार लेकर पहुंचे। अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को आवेदन देने को कहा गया है। अगमकुंआ थाना के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल इस घटना ने शादी समारोहों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

# बस-टैंकर में आमने-सामने की भिंड़त:4 की मौत

## 15 घायल, हादसे के बाद सड़क पर पलटी बस






**पटना।** रात साढ़े 9 बजे NH-28 पर सिटी राइड बस और दूध टैंकर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बस मौके पर ही पलट गई। वहीं, दूध टैंकर आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र में रानी गांव के पास की है। मृतक की पहचान उमेश दास के बेटे आदित्य कुमार, दो नाती चमथा निवासी सौरभ कुमार और गौरव कुमार, काजी रसलपुर निवासी सिकंदर दास के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। मृतक आदित्य कुमार दुल्हे का भाई था। बताया जा रहा है कि उमेश दास के बेटे की शादी थी। तेघड़ा थाना क्षेत्र के दुलारपुर से सिटी राइड बस समस्तीपुर जिले के देसुआ पतैली बारात जा रही थी। गांव से 4-5 किलोमीटर आगे बढ़ते ही हादसा हो गया। इसी दौरान रानी हाईस्कूल के समीप सामने से आ रहे दूध टैंकर से टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है।

# बाबा गरीबनाथ मंदिर में 3किमी लंबी लाइन:सीवान में रात 11 बजे से लाइन में श्रद्धालु

## -----बाबा बिटेश्वरनाथ में पहुंचे 50000 लोग-----






**पटना।** पर बिहार के शिवालयों में भीड़ उमड़ी हुई है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में दर्शन के लिए 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए खड़े हैं। सीवान के सोहगरा धाम और महेंद्र नाथ मंदिर में 2 से 3 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। मंगलवार रात 11 बजे से ही यहां श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सोहगरा धाम में यूपी से भी भक्त पहुंचते हैं। अब तक 20 हजार से ज्यादा लोग यहां दर्शन कर चुके हैंपटना के बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में रात 2 बजे से ही लोग मंदिर पर पहुंचने लगे थे। महिलाओं की लाइन 3 से 4 किलोमीटर लंबी थी। पुरुषों की लाइन 1 से 2 किलोमीटर लंबी है। अब तक 50,000 से ज्यादा श्रद्धालु यहां



जलाभिषेक और पूजा कर चुके हैं। गोपालगंज के प्राचीन बालखण्डेश्वर महादेव मंदिर और जादोपुर रोड स्थित शिवालय में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महाशिवरात्रि पर पटना में बुधवार को कुल 31 झांकियां निकाली जाएंगी। इसमें उट नीतीश और राज्यपाल भी शामिल होंगे। पटना महाशिवरात्रि पर भीड़ के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीएम चंद्रशेखर ने बताया कि 'सार्वजनिक स्थलों पर सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए फोर्स और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। विधि-व्यवस्था मैनेज करने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है। राजधानी के 76 प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।'

डीएम ने बताया कि 'महाशिवरात्रि के पर सार्वजनिक स्थानों पर हर एक गतिविधि को सीसीटीवी की मदद से नजर रखी जाएगी। वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।'पटना के सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर खाजपुरा शिव मंदिर के पास जिला नियंत्रण कक्ष में सभी आवश्यक दवाएं रखें। साथ ही एंबुलेंस भी रहेगी। बता दें कि मुख्य समारोह स्थल के पास बैरिकेडिंग की गई है। खाजपुरा शिव मंदिर के पास 60 फीट लंबे मुख्य मंच के अलावा दो और मंच तैयार किए गए हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण ने की थी शिवलिंग की स्थापना



**पटना।** में एक ऐसा चमत्कारिक शिवलिंग है, जहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक इस शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इसकी स्थापना द्वापर युग में की थी। आरा शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर हरिगांव गांव में मौजूद ये शिव मंदिर श्री बाणखण्डितनाथ शिव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर के निर्माण को लेकर ग्रामीण अपने अनुसार तरह-तरह की बातें और पौराणिक कथाओं का जिक्र करते हैं। जब भगवान श्री कृष्ण और बाणासुर के साथ युद्ध हुआ था, उस दौरान भगवान श्री कृष्ण ने इसी स्थान पर शिवलिंग की स्थापना की थी। एक महिला ने बताया कि मैंने इस मंदिर के बारे में बहुत कुछ सुना था। मैंने मन में मन्नत मांगी की बेटे की नौकरी लग जाएगी, तब पूजा करने आऊंगी। कुछ साल बाद बेटे की नौकरी लग गई। बहू भी सरकारी टीचर बन गई। तब से मैं रोजाना मंदिर आती हूं। वर्तमान समय में मंदिर के चारों तरफ से बाउंड्री बना हुआ है। मंदिर के अंदर जाने के लिए एक प्रवेश द्वार है। मंदिर में भगवान भोलेनाथ के अलावा भगवान विष्णु,माता लक्ष्मी, श्री कृष्णा और राधा और हनुमान जी की प्राचीन काल की मूर्ति स्थापित है।

## संक्षिप्त डायरी

# बेटी की शादी में हुई मदद, नानी की चिंता दूर



**बेगूसराय।** की चर्चित सामाजिक संगठन साईं की रसोई ने एक बार अपने कृत्य से समाज के सक्षम लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। दरअसल, बेटी की शादी किसी एक परिवार की जवाबदेही नहीं, बल्कि एक सजग और जागरूक समाज की जिम्मेवारी भी है। जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाली जिले की चर्चित सामाजिक संगठन टीम साईं की रसोई ने इसी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए एक जरूरतमंद बेटी की शादी में दिए जाने वाले घरेलू सामान और भोज्य सामग्री उपलब्ध करवा कर उसके नानी के बोझ को हल्का कर दिया है। वैवाहिक और भोज्य सामग्री उपलब्ध करवाने वालों के प्रति जरूरतमंद नानी ने न केवल आभार प्रकट किया है, बल्कि उन्हें ऐसे नेक कार्यों के लिए आशीर्वाद भी दिया है। लड़की की नानी ने बताया कि मेरी नतिनी के मां-पिता नहीं हैं। ऐसे में बड़ी मुश्किल से इसका लालन पालन हुआ। उम्र जब शादी की हुई तो मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा कि आखिर कैसे यह हो पाएगा? ऐसे में जरूरतमंदों की मदद करने वाली संस्था साईं की रसोई बेगूसराय के सामने गुहार लगाने पर इतनी सारी मदद सपने के सच होने जैसा लगा। टीम साईं की रसोई के खाद्य मंत्री पंकज कुमार, संस्थापक सदस्य अमित जायसवाल और नितेश रंजन ने बताया कि जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में मदद करना न केवल सामाजिक जिम्मेवारी है, बल्कि पुण्य का भी काम है। उन्हें जब उक्त जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आने वाली आर्थिक परेशानी का पता चला, तो पूरे समाज ने लड़की की शादी के लिए जरूरत का सामान इकट्ठा करने का बीड़ा उठाया। काफी अच्छी संख्या में आम जनसहयोग से जरूरतमंद परिवार के बेटी की शादी में मदद करने का मार्ग प्रशस्त हो गया। बेटी केवल माता-पिता की ही नहीं, बल्कि समाज की बेटी होती है। हर सक्षम लोगों को आगे बढ़कर असहाय माता-पिता के सिर के बोझ को उतारने में अपनी उदारता का परिचय देना चाहिए। मदद कर अच्छा लगता है मदद करने वालों में शुभम और ग्रीन वैली स्कूल के संचालक राजा ने बताया कि टीम साईं की रसोई की ओर से लगातार इस तरह के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमलोगों को भी ऐसे मौके पर मदद कर अच्छा लगता है। आगे भी जरूरत के हिसाब से यह मदद जारी रहेगा। अमन कौशिक, अरविंद कुमार, अंकित कुमार, बबली मस्करा, सैन्य अधिकारियों, शुभम, राजा कुमार, संतोष सोनी और रवि कुमार समेत अन्य लोगों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया। वैवाहिक सामग्री पाकर खिल उठे नानी के चेहरे रसोई टीम की सदस्य सृष्टि सोनी, सुमित, अंकित और अभिषेक ने बताया कि लड़की को साड़ी, पायल, बिछिया, नाक का किल, बर्तन सेट, श्रृंगार का सामान, सैंडल, आयरन, पंखा, ट्रॉली, मिक्सी, कुकर, चुनरी, पर्स, गला सेट, बेडशीट सहित करीब 100 आदमी का भोज सामग्री और काफी मात्रा में अन्य सामान भी उपलब्ध करा दिया गया है। यह निश्चित रूप से बेटी की शादी में मददगार साबित होगा।

# नशे में हेडमास्टर गिरफ्तार शराब पीकर आएं थे स्कूल




**पूर्णिया।** में नशे में हेडमास्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हेडमास्टर शराब पीकर विद्यालय पहुंचे और टीचर-बच्चों से गाली-गलौज करने लगे। इस बीत की भनक लगते ही लोग आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस बुला ली और शराबी हेडमास्टर को सौंप दिया। शराबी हेड मास्टर की पहचान सूर्य नंदन सिंह के रूप में हुई है। मामला कसबा के रूसाबड़ी गांव के मजगामा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूर्य नारायण प्रसाद सिंह अक्सर शराब पीकर स्कूल आते हैं। आज भी वे नशे में स्कूल आए थे। स्कूल पहुंचने के बाद बच्चे और शिक्षकों से गाली-गलौज करने लगे। इसी बात को लेकर स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। कसबा थाने की पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस हेडमास्टर को गिरफ्तार कर ले गई। आरोपी प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण प्रसाद सिंह ने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। शराब पीने की बात पूरी तरह गलत है। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं। इधर स्कूल में हंगामे की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी पहुंचे। हेडमास्टर को गिरफ्तार कर कसबा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और वहां हेडमास्टर की जांच कराई गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। कसबा थाने की पुलिस ने शराबी हेडमास्टर को गिरफ्तार कर जलालगढ़ थाने के हवाले कर दिया। कसबा बीडीओ ने कहा कि शराब के नशे में हेडमास्टर के खिलाफ शिक्षा विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# उर्दू की मिठास से सजी मुशायरा व कवि सम्मेलन



**पटना।** जिला प्रशासन के उर्दू कोषांग द्वारा नागरी प्रचारिणी सभागार में जिला फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार और मुशायरा सह कवि सम्मेलन हुआ। उद्घाटन एवं जिला उर्दू नामक पुस्तक का विमोचन डीडीसी डॉ. अनुपमा सिंह ने किया। इस दौरान डीआरडीए के डायरेक्टर मनोरंजन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर दिव्यांग नीतीश कुमार और उर्दू विभाग की नोडल अधिकारी आसमा खातून मौजूद रहीं। कार्यक्रम में दो दर्जन से ज्यादा मशहूर शायरों ने अपनी शायरी से श्रोताओं का दिल जीता। वक्ताओं ने कहा कि उर्दू सिर्फ भाषा नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति की मिठास का एक रंग है। इसकी अपनी अलग पहचान है। हर रचनाकार को अपनी भाषा से स्वाभाविक प्रेम होता है।




# इन देशों में सुरक्षा की नहीं होगी चिंता, बेफिक्र होकर बनाएं घूमने का प्लान

कई लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं। विदेश घूमने के लिहाज से अधिकतर देश शानदार हैं। हालांकि विदेशों की खूबसूरती किसी भी टूरिस्ट के मन को आसानी से भा सकती है। लेकिन जब भी विदेश घूमने की बात आती है तो सबसे पहले हमारे दिमाग में यह आता है कि क्या वह जगह सुरक्षा के लिहाज से सही है। क्योंकि सेफ्टी हमारी फर्स्ट प्रायॉरिटी होती है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको कुछ ऐसे देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको सुरक्षा की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। आइए जानते हैं कि वह कौन-कौन से देश हैं, जहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं।

### आइसलैंड

आइसलैंड की आबादी 3,72,295 है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का सबसे सुरक्षित देश है। बता दें कि यहां पर क्राइम रेट काफी कम है। इसके साथ ही यह हाई-सिक्योरिटी वाला देश भी है। सभी तरह के अपराधों के प्रति यहां के नागरिकों का एक मजबूत सामाजिक दृष्टिकोण है। यह देश धार्मिक स्वतंत्रता देने के साथ ही महिलाओम और पुरुषों को समान अधिकार देता है। अगर आप भी विदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आइसलैंड सुरक्षित देश है।

### न्यूजीलैंड

आपको बता दें कि न्यूजीलैंड की जनसंख्या 5,124,100 के आसपास है। यह देश भी घूमने और रहने के लिहाज से सुरक्षित है। यहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं। न्यूजीलैंड का भी क्राइम रेट कम है। हालांकि साल 2019 में क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों पर हुए आतंकवादी हमले के कारण यहां का क्राइम स्कोर थोड़ा कम हो गया है। यह पर आप सुरक्षा का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि न्यूजीलैंड में शांति वाले इलाके में पुलिस अपने पास हथियार भी नहीं रखती है।

### पुर्तगाल

साल 2014 के अनुसार, पुर्तगाल दुनिया का 18वां सबसे सुरक्षित देश है। ऐसे में आप बिना सुरक्षा की चिंता किए बगैर यहां पर घूम सकते हैं। 10,270,865 के करीब आबादी वाला यह देश विभिन्न कारणों से सबसे सुरक्षित देशों में शीर्ष 5वां स्थान अर्जित किया है। बता दें कि आर्थिक विकास के कारण इस देश की बेरोजगारी दर 17 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक कम हो गई है।

### आस्ट्रिया

26,177,413 के करीब जनसंख्या वाला देश आस्ट्रिया भी सुरक्षित देशों की गिनती में आता है। यहां पर भी अपराध दर काफी कम है। लेकिन यहां पर घूमने आने वाले टूरिस्टों और यहां पर रहने वाले स्थानीय निवासियों को जेबकतरों और पर्स-स्नैचर्स आदि घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए अगर आप भी यहां पर घूमने आना चाहते हैं तो आपको जेबकतरों से सावधान रहने की जरूरत होगी।



### डेनमार्क

डेनमार्क 5,896,026 आबादी वाला देश है। बता दें कि ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का 5वां सबसे सुरक्षित देश है। इस देश में अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार और कम भ्रष्टाचार होने के साथ ही कुशल सुरक्षाबन मिलेगा। इसके अलावा यहां की हेल्थ सुविधाएं भी काफी बेहतर हैं। इस देश में लोग आरामदायक तरीके से अपनी जीवन व्यतीत करते हैं।

### कनाडा

कनाडा की कुल आबादी 37,742,154 के करीब है। आबादी के लिहाज से कनाडा काफी छोटा देश है। यहां का अधिकतर हिस्सा बंजर जंगल है और यह बंजर जंगल हजारों मीलों तक फैला हुआ है। लेकिन घूमने के लिहाज से यह काफी सुरक्षित देश है। इस देश का अपराध दर भी काफी कम है।

### सिंगापुर

सिंगापुर 59,43,546 के करीब आबादी वाला है। सिंगापुर में छोटी-मोटी चोरी और अन्य अपराधों के खिलाफ कुछ सख्त कानून हैं। जिसके कारण इसकी गिनती दुनिया के सुरक्षित देशों में होती है। हालांकि सिंगापुर को शहर-राज्य के रूप में परिभाषित किया गया है। इसलिए ऐसा कहा जा सकता है कि यह दुनिया के दूसरे नंबर का सबसे सुरक्षित राज्य है।

### जापान

जापान की जनसंख्या 125.93 मिलियन के आसपास है। सुरक्षा के लिहाज से यह सबसे सुरक्षित देश है। चीन और उत्तर कोरिया के करीब होने के बाद भी जापान एशियाई महाद्वीप का एक सुरक्षित और आर्थिक रूप से स्थिर देश है। वैश्विक शांति सूचकांक में जापान हमेशा हाई स्कोर हासिल करता है।

### चेक गणराज्य

चेक गणराज्य की आबादी 10,512,397 के करीब है। यहां पर हर वर्ष अपराध दर घटता प्रतीत होता है। यूरोप के अन्य देशों की तुलना में चेक गणराज्य सुरक्षित देशों में से एक है। यहां पर आप सुरक्षा की परवाह किए बिना आराम से घूम-फिर सकते हैं।

### स्विट्जरलैंड

स्विट्जरलैंड घूमने के लिए हर साल लाखों टूरिस्ट वहां पहुंचते हैं। बता दें कि यहां की आबादी 8.6 मिलियन के आसपास है। रहने और घूमने के लिहाज से यह देश सबसे ज्यादा बेस्ट है। फूड सिक्योरिटी के मामले में भी स्विट्जरलैंड दुनिया भर में चौथे स्थान पर है।

# सिक्किम घूमने का बना रहे हैं प्लान तो...

## इन खूबसूरत जगहों को करें एक्सप्लोर, जन्नत में आने का होगा एहसास

देश की टॉप ट्रैवल डेस्टिनेशन्स में नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों का नाम गिना जाता है। नॉर्थ ईस्ट की ट्रिप प्लान करने वाले अधिकतर लोग सिक्किम घूमना नहीं भूलते हैं। वैसे तो सिकिम्म में घूमने के लिए कई खूबसूरत जगहें हैं। ऐसे में अगर आप भी सिक्किम घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। इन खूबसूरत जगहों पर घूमने के बाद आपका वापस आने का दिल नहीं करेगा। हिमालय की गोद में बसा सिक्किम भले ही एक छोटा सा राज्य है। लेकिन यहां की खूबसूरत वादियों से लेकर नेचर की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको सिक्किम की कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं उन जगहों के बारे में...

### त्सोमगो झील की सैर

अगर आप सिक्किम में किसी रोमांटिक जगह पर घूमना चाहते हैं तो त्सोमगो लेक आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। त्सोमगो लेक सिक्किम की राजधानी गंगटोक से महज 40 किलोमीटर दूर है। यह लेक 12,400 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस लेक को चांगु झील के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि सर्दियों में यह लेक पूरी तरह से जम जाती है। वही बसंत ऋतु के मौके पर इस लेक की सुंदरता कई खूबसूरत फूलों से खिल उठती है।



### जुलुक का दीदार

जुलुक का दीदार करने के लिए सिक्किम की राजधानी गंगटोक से लगभग 3 घंटे का सफर तय करना होता है। इस दौरान रास्ते में 32 हेयरपिन मोड़ आपकी यात्रा को अधिक शानदार बना सकते हैं। वैसे तो जुलुक सिक्किम का एक छोटा सा और काफी खूबसूरत गांव है। लेकिन यहां से 11 फीट की ऊंचाई पर स्थित थुंबी व्यू प्वाइंट कंचनजंघा चोटी अपने खूबसूरत नजारों के लिए फेमस है। जुलुक की ट्रिप के दौरान कपुप लेक या हाथी झील का भी दीदार कर सकते हैं।

### पेलिंग की ट्रिप

गंगटोक से लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेलिंग भी घूमने के लिए बेस्ट जगह है। यह जगह रोमांच के लिए फेमस है। पेलिंग का सफर एडवेंचर लवर्स के लिए बेस्ट हो सकता है। यहां पर एडवेंचर के शौकीन लोग रॉक क्लाइंबिग, ट्रेकिंग, कयाकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग जैसी कई एक्टिविटी कर सकते हैं। इसके अलावा सांगचोएलिंग मठ रिम्बी वॉटरफॉल स्काई वॉक और सेवारो रॉक गार्डन का दीदार कर अपने सफर को शानदार और रोमांचक बना सकते हैं।

### रंवगला

रंवगला सिक्किम का खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह समुद्र तल से लगभग 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। हिमालय पर्वतों से घिरा रंवगला मैनम और तेंडोंग हिल्स टॉप पर मौजूद है। बता दें कि रंवगला गंगटोक से लगभग 63 किलोमीटर की दूर स्थित है। नेचर लवर्स के लिए रंवगला की सैर बेस्ट हो सकती है। यहां से आप ग्रेटर हिमालय के मनमोहक नजारों को बेहद नजदीक से देख सकते हैं।

# इन टिप्स को फॉलो कर हॉलिडे को बनाएं शानदार, ऐसे करें पैसों की बचत



कई लोगों को घूमना काफी पसंद होता है। कई बार लगातार ट्रैवल करने के बाद भी छकान नहीं होती है। लेकिन घूमने के लिए पैसों की भी जरूरत होती है। ऐसे में सेविंग्स का होना जरूरी होता है। घूमने के दौरान कई बार ज्यादा पैसा खर्चा हो जाता है। लेकिन अगर आप स्मार्ट तरीके से घूमने की प्लानिंग करें तो आप पैसों की बचत कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ट्रैवल के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप ट्रैवल भी कर लेंगे और पैसों की सेविंग भी कर लेंगे।

### हॉलिडे की योजना

अगर आप भी छुट्टी पर जाने की सोच रहे हैं। तो सबसे पहले यह डिसाइड करें की आप रिलैक्सिंग हॉलिडे के लिए समुद्र तट पर चाहते हैं या एडवेंचर्स करना चाहते हैं। जब आपको यह पता होता है कि आप घूमने के लिए कहां जाने वाले हैं तो वहां होने वाले खर्चे और यात्रा कार्यक्रम की योजना पहले से बना लें। इस दौरान आपके लिए रियलिस्टिक बजट बनाना आसान हो जाएगा।

### रियलिस्टिक बजट

घूमने जाने की शुरूआत हॉलिडे रीयलिस्टिक बजट तय करने से शुरू होती है। आप कहीं भी घूमने जा रहे हों। कोई भी स्मार्ट ट्रैवलर यह बात काफी अच्छे से जानता है कि शानदार छुट्टियां बिताने के लिए एक रियलिस्टिक बजट की जरूरत होती है। जिसे आप आसानी से पहले ही बना सकते हैं।

### ट्रैवल और खरीदारी

घूमने जाने के दौरान बुकिंग या खरीदारी पर कैशबैक कमा सकते हैं। इससे आपकी ट्रैवलिंग आसान हो जाती है। कई बार खरीददारी करने पर या बुकिंग करने के दौरान आपको कैशबैक मिलता है। इसलिए हमेशा इस ऑप्शन को ओपेन रखना चाहिए।

### ऑफ सीजन में यात्रा

इस सीक्रेट को सभी स्मार्ट ट्रैवलर्स अपनाते हैं। अधिकतर ट्रैवल करने वाले ऑफ सीजन में यात्रा कर बड़ी बचत करते हैं। इस दौरान उनका ज्यादा खर्च नहीं होता है। क्योंकि वह ऑफ-पीक हॉलिडे सीजन में ट्रैवल करते हैं। ऑफ सीजन में ट्रैवल करने से फ्लाइट्स, होटल आदि सस्ते और आसानी से मिल जाते हैं।

### फ्लाइट्स चुनते समय फ्लेक्सिबल

पर्यटकों की आवाजाही सप्ताह के कुछ दिनों में कम होती है। इस समय यात्रा करने पर आपको सस्ती उड़ान भरने का मौका मिल सकता है। फ्लाइट की कीमत के आधार पर आप अपनी छुट्टियों को प्लान कर सकते हैं। इससे भी आप अच्छी खासी सेविंग कर लेंगे।

### हॉस्पिटैलिटी कंपनी

आपको बता दें कि अपने नियमित ग्राहकों के लिए कई प्रमुख होटल चेंस और एयरलाइंस बहुत कम या बिना किसी एडिशनल कॉस्ट के लॉयल्टी प्रोग्राम्स पेश करती हैं। इस दौरान आपको होटल चेंस और एयरलाइंस के जरिए स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है।

### क्रेडिट/डेबिट कार्ड

क्रेडिट या डेबिट कार्ड रिवार्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। यह पॉइंट अर्जित करने का एक क्विक और आसान तरीका है। जिसके बदले कई प्रमुख बैंक गिफ्ट्स और सर्विस के बदले में आपको रिवार्ड पॉइंट प्रदान करते हैं। जिन्हें किसी भी समय रिडीम किया जा सकता है।

### सस्ता विकल्प खोजें

अगर आपके पास पर्याप्त समय है तो आप उन विकल्पों को पता करें। जिनमें यात्रा सस्ती होने के साथ ही आने-जाने से लेकर रहने तक हर चीज के लिए काफी सारे विकल्प होते हैं। इस दौरान हॉलिडे प्लान करने के दौरान शानदार अनुभवों के लिए फ्लाइट्स के स्थान पर ट्रेनों की खोज करें।



# आईसीसी रैंकिंग: शतक लगाकर विराट कोहली ने लगाई छलांग, गिल अभी भी नंबर एक




दुबई (एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 5 में फिर से शामिल हो गए हैं। कोहली ने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। जिसका उन्हें आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इसके साथ, भारत के अब शीर्ष 5 में 3 बल्लेबाज शामिल हो गए हैं, क्योंकि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (प्रथम) और कप्तान रोहित शर्मा (तीसरे) शीर्ष पर अपना स्थान बनाए हुए हैं। गिल ने विशेष रूप से नंबर 1 रैंकिंग पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, जिससे पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पर उनकी बढ़त 47 रेटिंग अंकों की हो गई है, जो चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

न्यूजीलैंड के विल यंग ने बड़ी छलांग लगाई है। वह अपने हालिया प्रदर्शन के बाद 8 पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि इंग्लैंड के बेन डकेट (27 पायदान ऊपर संयुक्त 17वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र (18 पायदान ऊपर 24वें स्थान पर) टूर्नामेंट में अपने प्रभावशाली शतकों के बाद आगे बढ़ गए हैं।

भारत के केएल राहुल (दो पायदान ऊपर 15वें) और दक्षिण अफ्रीका के रासी वान डेर डुसेन (तीन पायदान ऊपर 16वें) भी शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं। गेंदबाजी विभाग में, श्रीलंका के महेश थीक्षाना ने चैंपियंस ट्रॉफी में श्रीलंका की अनुपस्थिति के बावजूद नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रखी है। दूसरे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर), न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (दो स्थान ऊपर छठे स्थान पर), और ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा (दो स्थान ऊपर 10वें) सभी ने अपनी स्थिति में सुधार किया है। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा (चार पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल (31 पायदान ऊपर 26वें स्थान पर) सबसे अधिक लाभ पाने वालों में से हैं। ब्रेसवेल के हालिया प्रदर्शन ने उन्हें हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी आगे बढ़ाया है और रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद वह 26 स्थान की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी रवींद्र (छह स्थान ऊपर 15वें) को भी इस श्रेणी में फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी वनडे ऑलराउंडरों में शीर्ष स्थान पर कायम हैं।

# ऋषभ को चैंपियंस ट्रॉफी के बचे हुए मैचों में भी जगह मिलने की संभावना नहीं



**-राहुल का ही विकेटकीपर रहना तय**

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अभी तक हुए दोनो मैचों में जगह नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें शायद ही आने वाले मैचों में भी अंतिम ग्यारह में जगह मिले। इसका कारण है कि इस टूर्नामेंट में विकेटकीपर बल्लेबाज की जिम्मेदारी निभा रहे केएल राहुल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में 47 गेंद खेलकर 41 रन की पारी खेली थी। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला। भारतीय टीम पहले दोनो मैच में जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। ऐसे में अब टीम प्रबंधन टीम में शायद ही बदलाव करेगा।ऐसे में आने वाले कुछ मैचों में भी अंतिम ग्यारह में बदलाव की संभावना नहीं है।

ऐसे में अगले मैच में भी राहुल का खेलना ही तय है। ऋषभ पिछले कई मैचों से एकदिवसीय टीम में शामिल रहे हैं पर उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और केएल राहुल ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलते हैं। कोच गौतम गंभीर ने ट्रॉफी से पहले ही साफ कर दिया था कि टीम में राहुल का खेलना ही तय है।

गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कहा था, राहुल अभी हमारा नंबर एक विकेटकीपर है और अभी मैं इतना ही कह सकता हूं। ऋषभ को मौका मिलेगा लेकिन अभी राहुल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और हम दो विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ नहीं खेल सकते।' ऐसे में उनकी चैंपियंस ट्रॉफी में बेंच पर ही कट सकती है। ऋषभ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पंत को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले पंत दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा थे।

# अफगानिस्तान में महिलाओं की दुर्दशा पर पहली बार बोले जोस बटलर- दुखी हूं लेकिन...



लाहौर (एजेंसी)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वह और उनकी टीम के साथी अफगानिस्तान में महिलाओं की दुर्दशा से दुखी हैं लेकिन उन्होंने तालिबान शासित देश की टीम के साथ खेलने का फैसला किया है क्योंकि खेल कठिन समय में उम्मीद जगाते हैं। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान की बागडोर संभाली और महिलाओं के खेल पर प्रतिबंध लगाने के अलावा उनकी शिक्षा और काम तक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया। पिछले महीने ब्रिटिश सांसदों के एक समूह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम से देश में महिलाओं के साथ किए जा रहे व्यवहार के विरोध में अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियन्स ट्रॉफी के मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया था।

मुकाबले की पूर्व संध्या पर बटलर से पूछा गया कि वह और उनकी टीम मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए किस बात से सहज हैं। बटलर ने कहा कि मैं बहुत से विशेषज्ञों से बहुत सी सलाह ले रहा हूं। मुझे लगता है कि इसका श्रेय रॉब की और ईसीबी को जाना चाहिए - वे मेरा और सभी खिलाड़ियों का बहुत-बहुत समर्थन करते रहे हैं और हमें इस बारे में जानकारी और शिक्षा देते रहे हैं और इसे ईसीबी का निर्णय बनाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम इस समय अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा और उनके संघर्षों से बहुत दुखी हैं। लेकिन हमें उम्मीद है कि कल का मैच इस समय स्पष्ट रूप से कठिन समय में आशा और आनंद का स्रोत बन सकता है। बटलर ने कहा कि हम मैच को लेकर बहुत उत्साहित हैं। खेल में लोगों को एकजुट करने और आशा देने की बहुत बड़ी शक्ति है और हम उम्मीद करते हैं कि यह मैच ऐसा ही करेगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में ड्यूटी से इंकार करने वाले 100 पुलिसकर्मी बर्खास्त, सुरक्षा पर उठे सवाल





करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की सुरक्षा पर जहां सवाल उठ रहे हैं। वहीं अब करीब 100 पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा की जिम्मेदारी निशाने से इंकार कर दिया जिसके बाद इन्हें बर्खास्त कर दिया गया। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कई मौकों पर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इसलिए हटाया गया है क्योंकि इनमें से कई ने ये जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया था।

इस अधिकारी ने कहा, पुलिस अधिकारियों को लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम से टीम होटलों के बीच यात्रा करने वाली टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया था पर वे या तो अनुपस्थित रहे या उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को लेने से साफ इनकार कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि आईजीपी पंजाब ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। इसके बाद ही इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा, जब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की सुरक्षा की बात आती है तो लापरवाही सहन नहीं की जा सकती। अभी तक ये पता नहीं चला है कि

बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने आखिर क्यों सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने से इंकार किया है। वहीं ये कहा जा रहा है कि लंबे समय से तैनानी के कारण ये पुलिसकर्मी थके हुए थे। चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी हमले की आशंका के देखते हुए इस प्रकार से पुलिसकर्मियों का सुरक्षा में लगे होने से इंकार करना दिखाता है कि पाक में किया प्रकार के हालात हैं।

# जोफ्रा आर्चर ने 50 विकेट लेकर रचा इतिहास, टूटा जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड




नई दिल्ली (एजेंसी)।इंग्लैंड के पेसर जोफ्रा आर्चर ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ इतिहास रच दिया है। दरअसल, इस दौरान उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और पावरप्ले में तीन विकेट झटक लिए। आर्चर ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रहमानुल्लाह गुरबाज (6), सिद्दिकुल्लाह अटल (4) और रहमत शाह (4) का शिकार किया। आर्चर ने पांचवें ओवर में जैसे ही गुरबाज को बोल्ड किया तो वनडे क्रिकेट में 50 विकेट कंप्लीट कर लिए। उन्होंने नया इतिहास रच डाला है।

दरअसल, आर्चर इंग्लैंड के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 30 वनडे मैचों में ये धांसू कारनामा अंजाम दिया। आर्चर ने पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 31 मैचों में 50 शिकार पूरे किए थे। लिस्ट में तीसरे स्थान पर पूर्व इंग्लिश गेंदबाज स्टीव हार्मिसन हैं। उन्होंने 32 वनडे में ऐसा किया किया। उनके बाद स्टीवन फिन (33), डैरेन गफ (34) और स्टुअर्ट ब्रॉड (34) का नंबर है। वनडे इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड पूर्व श्रीलंकाई स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम दर्ज है। मेंडिस ने सिर्फ 19 मैचों में ये उपलब्धि हासिल की थी। नेपाल के संदीप लामिछने ने 22 मैचों में ऐसा किया। भारत के लिए सबसे तेज 50 वनडे विकेट पूर्व ऑलराउंडर और मौजूदा चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने चटकाए हैं। उन्होंने 23 मैचों में ये कमाल किया था। न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन ने भी 23 मैचों में 50 शिकार किए।

# मई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी इंडिया-ए टीम

मुम्बई ।इंडिया-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी ।इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा ।इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। इंडिया ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है ।25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाज जिस प्रकार से न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ के अलावा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विफल रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला है, जहां ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज़ को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफ़राज़ ख़ान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था ।वही इसके बाद इन्हें राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर मिला है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में शमी की जगह पर स्पिनर शामिल करे भारतीय टीम : गॉफ

लंदन ।इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेरेन गॉफ ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में भारतीय टीम अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को नहीं उतारे और उन्हें आराम दे। भारतीय टीम बांग्लादेश और पाकिस्तान को हराकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है ।ऐसे में 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाला मैच औपचारिक है जिसे देखते हुए गॉफ का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी को आराम देना ठीक रहेगा ।इससे वह आगे के मुकाबलों के लिए फिट रहेंगे।



गॉफ के अनुसार शमी की जगह अंतिम ग्यारह में किसी स्पिनर को शामिल किया जा सकता है। गॉफ ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन शमी को न्यूजीलैंड के खिलाफ आराम इसलिए भी दे सकती है जिससे कि वह किसी भी प्रकार से चोटिल न हो। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शमी को तीन ओवरों के बाद ही मैदान से बाहर जाना पड़ा था। तब ये कहा गया था कि उनके घुटने का दर्द उभरा है ।हालांकि मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा था कि शमी पूरी तरह फिट हैं। गॉफ का मानना है कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी की जगह किसी स्पिनर के साथ उतरना चाहिए, क्योंकि इस पिच पर स्पिनरों को सहायता मिलती है। गॉफ ने कहा कि लाहौर में पिच सपाट है पर दुबई की पिच धीमी हैं ।इसलिए लिहाजा, आप अतिरिक्त स्पिनर रख सकते हैं ।हमने देखा कि हार्दिक पांड्या अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं ।. मेरा मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पांड्या को आराम दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम बहुत मजबूत टीम है, मैं यह बात पक्के तौर पर कह सकता हूं।

# रिजवान, बाबर सहित इन खिलाड़ियों को बाहर कर सकता है पीसीब



लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम के खराब प्रदर्शन से बेहद नाराज है और ये तय है कि वह टूर्नामेंट समाप्त होनेके बाद करीब पांच बड़े खिलाड़ियों को बाहर कर सकता है। जिन बड़े खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है उनमें कप्तान मोहम्मद रिजवान के अलावा अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम भी शामिल हैं। पीसीबी को 29 साल के लंबे इंतजार के बाद मेजबानी मिली थी पर इन खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम शुरुआत में ही बाहर हो रही है। इससे क्रिकेट प्रशंसक बेहद गुस्से में हैं। पाकिस्तान को पहले न्यूजीलैंड और फिर भारतीय टीम के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम के खराब प्रदर्शन की गाज सबसे पहले रिजवान पर गिरेगी। उनकी बल्लेबाजी और कप्तान बेकार रही। वह सही प्रकार की अंतिम ग्यारह भी नहीं उतार पाये जिससे उनकी कप्तानी पर भी सवाल उठे हैं। वहीं बल्लेबाजी में वह के न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 रन बनाए और भारत के खिलाफ 46 रन बनाए। कीवी टीम के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट करीब 22 का था और भारत के खिलाफ 59 का। ऐसे में उनकी कप्तानी और जगह खतरे में है। वहीं स्टार बल्लेबाज बाबर की बात करें तो पिछले कुछ समय में पाकिस्तान की टीम के खराब प्रदर्शन के लिए वह भी काफी हद तक जिम्मेदार रहे हैं। वह भारत के खिलाफ मैच में 30 रन भी नहीं बना पाये। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने बेहद धीमी पारी खेली जिससे टीम के लिए लक्ष्य तक पहुंचना असंभव हो गया।ये भी आरोप लगे हैं कि बाबर टीम से ज्यादा अपने लिए खेलते हैं।

इसके अलावा तेजे गेंदबाज हारिस रऊफ भी बोर्ड के निशाने पर हैं। रऊफ आज से दो-तीन साल पहले तक बड़े खतरनाक तेज गेंदबाज माने जाते थे पर अब वह सबसे अधिक रन लुटाते हैं। वह हर मैच में करीब 8 की रन रेट से रन लुटाते हैं। वहीं काफी कम विकेट लेते हैं।

राउफ के अलावा एक अन्य तेज गेंदबाज नसीम शाह को भी बाहर किया जा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ नसीम को एक विकेट मिला, वहीं भारत के खिलाफ उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। उनकी गेंदबाजी बेहद साधारण रहीं। स्विंग और रफ्तार नहीं होने से अब वह टीम के लिए उपयोगी नहीं रहे।

इसके अलावा नये बल्लेबाज तैयब ताहिर को तेजी से रन बनाने के लिए टीम में जगह दी गई थी पर वह इसमें विफल रहे।न्यूजीलैंड के खिलाफ वह 1 रन जबकि भारत के खिलाफ केवल 4 रन ही बना पाये।

# मेरे अंदर अब भी वह भूख है कि मैं और बेहतर कर सकती हूं : सिंधू



मुंबई ।भारत की दो बार की ओलपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मंगलवार को खिलाड़ियों के लिए कड़ी मेहनत और निराशाओं से जल्दी आगे बढ़ने पर जोर दिया और साथ ही कहा कि उनमें अब भी उच्चतम स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भूख है ।सिंधू ने कहा कि भले ही निराशा और थकान के कई दिन हों लेकिन एक खिलाड़ी को अनुशासन नही खोना चाहिए क्योंकि कोई नही जानता कि मैदान पर यह कब उसके काम आ जाए ।सिंधू ने मंगलवार को कहा कि आपको यह उम्मीद रखनी चाहिए कि आपको वहां टिके रहना है और आपको इसे हर एक दिन करते रहना है और यह एक दिन सामने आएगा। उन्होंने कहा कि लोग कह सकते हैं कि आपके पास सब कुछ है, आपको और क्या चाहिए ? लेकिन मुझे लगता है कि खेल के प्रति जुनून और मेरे अंदर अब भी वह भूख है कि हां, मैं और बेहतर कर सकती हूं ।सिंधू ने कहा कि ये जीत मुझे बहुत आत्मविश्वास देती हैं और अगले स्तर पर जाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं इसलिए मैं कहती हूं कि हर दिन एक नया दिन है और हर दिन एक प्रक्रिया है ।भले ही कुछ बुरे दिन हों लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप उन्हें जाने दें तथा और भी अधिक मजबूत होकर वापस आएं ।सिंधू ने कहा कि ट्रेनिंग की कठोरता, निराशा के साथ-साथ सफलता का सामना करना एक सतत प्रक्रिया है और एक खिलाड़ी को इससे जुड़े रहना चाहिए।

# हैरी ब्रूक को शुभमन और यशस्वी से बेहतर मानते हैं कार्तिक



मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे दिनेश कार्तिक ने कहा है कि विश्व क्रिकेट के अगले सितारे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल नहीं बल्कि इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक होंगे ।हैरी ने पदार्पण के बाद से ही कई अच्छी पारियां खेली हैं ।कार्तिक के अनुसार जिस तरह से हैरी खेल रहे हैं उसे देखकर लगता है कि वो विश्व क्रिकेट में काफी आगे जा सकते हैं ।इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा , मेरे लिए, ब्रूक युवा पीढ़ी के सबसे खास खिलाड़ियों में से एक हैं, और निश्चित रूप से, जब वह अपना टेस्ट करियर खत्म करेंगे, तो उसे ऐसे खिलाड़ी के रूप में जाना जाएगा जिसने शानदार प्रदर्शन किया है और उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की श्रेणी में आते हैं. उसके पास एक बेहतरीन फ्री-फ्लोइंग बल्लेबाजी तकनीक है। कार्तिक ने साथ ही कहा, सबसे अहम बात, उसके पास एक ऐसा दिमाग है जो उसे बहुत सरल बनाये रखता है ।इसलिए, वह बिना किसी संदेह के शीर्ष स्तर पर जा सकते हैं. ब्रूक ने डेब्यू के बाद से ही अब तक 24 टेस्ट मैचों में 2281 रन बनाये हैं ।लाल गेंद प्रारुप में ब्रूक ने अपनी बल्लेबाजी से विश्व क्रिकेट को चौंकाया है ।यही कारण है कि कार्तिक के अलावा कई पूर्व दिग्गज भी भविष्य का सितारा मानते हैं.ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 8 शतक और 10 अर्धशतक लगाये हैं ।वहीं एकदिवसीय में उनके नाम एक शतक है ।वहीं टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीन अर्धशतक शामिल है।

# नई स्कोरिंग प्रणाली शुरु करेगा बीडब्ल्यूएफ

नई दिल्ली ।विश्व बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अब इसी साल अप्रैल से कुछ प्रतियोगिताओं में परीक्षण के लिए नई स्कोरिंग प्रणाली शुरु कर सकता है। बीडब्ल्यूएफ परिषद ने इससे पहले नवंबर में कुआलालंपुर में अपनी बैठक के दौरान वर्तमान स्कोरिंग प्रणाली को बदलने के लिए 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली शुरु करने को कहा था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''बीडब्ल्यूएफ परिषद ने अप्रैल से सितंबर-अक्टूबर 2025 तक कुछ महाद्वीपीय चैंपियनशिप, ग्रेड 3 टूर्नामेंट, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लीग और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 15 अंक के तीन गेम प्रणाली का व्यावहारिक परीक्षण करने की योजना बनायी हैइसका लक्ष्य खेल के प्रति नए दर्शकों को आकर्षित करने के साथ ही मैचों को कम समय का करना है। बीडब्ल्यूएफ अप्रैल से कम से कम छह महीनों के लिए कुछ प्रतियोगिताओं में 15 अंक के तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली शुरु करेगा। अभी वर्तमान में 21 अंक के 'बेस्ट ऑफ थ्री गेम' की प्रणाली है। इसमें दो गेम जीतने वाला विजेता होता है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय चैलेंज, अंतरराष्ट्रीय सीरीज और फ्यूचर सीरीज प्रतियोगिता ग्रेड 3 टूर्नामेंट के अंतर्गत आती हैं। नई स्कोरिंग प्रणाली के चुनाव के पीछे के कारणों को समझाते हुए बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''मौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में कम अंक होते हैं जिससे यह संभावना बढ़ जाती है कि प्रत्येक अंक अधिक रोमांचक होगा। मौजूदा प्रणाली की तुलना में 15 अंक के तीन गेम में परिणाम तेजी से निकलता है और प्रत्येक गेम और कुल गेम की संख्या दोनों में उत्साह का अच्छा संतुलन बनाता है।''बीडब्ल्यूएफ ने यह भी कहा कि 15 अंक के तीन गेम प्रणाली से मैच छोटे होंगे, कार्यक्रम बेहतर होगा, प्रशंसकों की दिलचस्पी बनी रहेगी और इससे खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा और वे कम थकेंगे।

# इतने केले तो बंदर नहीं खाते... वसीम अकरम ने किया पाकिस्तानी खिलाड़ियों को ट्रोल



कराची (एजेंसी)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ हालिया हार मिलने से पाकिस्तानी समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है। न्यूजीलैंड ने जब बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया तो पाकिस्तान आईसीसी प्रतियोगिता से भी बाहर हो गया। पाकिस्तान की आखिरी बड़ी ट्रॉफी 2017 में आई थी जब उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराया था। यह आखिरी वनडे मैच भी है जो पाकिस्तान ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीता था। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में जब एक बार फिर से पाकिस्तान की टीम ने भारत से मैच गंवाया तो पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भारत के खिलाफ मैच में लिए आहार के कारण आलोचना की।

अकरम ने मैच के बाद एक शो में कहा कि मुझे लगता है कि यह पहला या दूसरा ड्रिंक्स ब्रेक था और खिलाड़ियों के लिए केले से भरी प्लेट थी। इतने केले तो बंदर भी नहीं खाते। और यह उनका खाना है। अगर हमारे कप्तान इमरान खान होते, तो वह मुझे इस पर डांट देते। अकरम ने पाकिस्तान टीम पर पुरातन क्रिकेट खेलने का भी आरोप लगाया। दुबई में भारत से अपनी टीम की हार के बाद वसीम अकरम ने कहा कि कठोर कदमों की जरूरत है। हम सदियों से सफेद गेंद में पुरानी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे बदलने की जरूरत है। निडर क्रिकेटरों, युवा खिलाड़ियों को टीम में लाओ। अगर आपको पांच-छह बदलाव करने हैं तो कृपया करिए। अगले छह महीने तक आप हारते रहेंगे। यह ठीक है, लेकिन अभी से विश्व टी20 2026 के लिए टीम बनाना शुरू कर दें।

अकरम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार विफलताओं के लिए पाकिस्तान की गेंदबाजी इकाई की आलोचना करते हुए कुछ चौंकाने वाले आंकड़े बताए। उन्होंने कहा कि बहुत हो गया। आपने उन्हें स्टार बना दिया है। पिछले पांच वनडे मैचों में पाकिस्तान के गेंदबाज 60 की औसत से 24 विकेट लेने में सफल रहे हैं। यानी प्रति विकेट 60 रन। हमारा औसत ओमान और अमेरिका से भी खराब है। वनडे खेलने वाली 14 टीमों में पाकिस्तान का गेंदबाजी औसत दूसरा सबसे खराब है।

# हरियाणा की जनता तीसरे इंजन की सरकार कांग्रेस की बनाएगी : दीपेन्द्र सिंह हुड्डा

एजेंसी

**रोहतक :** सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने दावा किया स्थानीय निकाय चुनाव में हरियाणा की जनता तीसरे इंजन की सरकार कांग्रेस की ही बनवाएगी, क्योकि निगमों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर नकेल डालने के लिए कांग्रेस को जिताना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की ट्रिपल इंजन का एक इंजन लूटता है, बाकी दो इंजन उसको संरक्षण देते हैं। हरियाणा के हर निगम मे करोड़ों रुपए के घोटाले हुए है। सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा बुधवार को खेडी साध, किरपाल नगर, व एकता कालोनी में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी सूरजमल किलोई एवं पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने की भी अपील की। दीपेन्द्र



हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता तीसरे इंजन की सरकार कांग्रेस की ही बनवाएगी, क्योंकि, खुद बीजेपी सांसद ने दावा किया था कि रोहतक में अमृत योजना के जिन 350 करोड रुपयों से रोहतक के सीवरेज सिस्टम, पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज ओर पार्कों का रखरखाव होना था, वो घोटाले की भेंट चढ गया। सत्ता में बैठे लोगों ने अपने ही सांसद के गंभीर आरोपों की भी कोई जांच नहीं कराई। इसी का नतीजा है कि रोहतक में न लोगों को पीने का साफ पानी मिला न गंदगी से निजात मिली। उन्होंने कहा कि घोटालेबाजों ने कमीशन खाने के लिये पूरे शहर में पाईपें डाल दी, लेकिन उन पाइपों में पानी तक नहीं है। दीपेन्द्र हुड्डा ने भाजपा से सवाल किया कि अमृत योजना के बजट से कितने बूस्टर, कितने एसटीपी, वाटर वर्क्स, कितनी पाइप लाइन, कितनी सीवर लाईन डाली गई। निकाय चुनाव में जनता भाजपा के अहंकार और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज रोहतक में बिजली किल्लत, खराब सडके गंदगी के ढेर और पीने के पानी की समस्या व्यापक और गंभीर हो चुकी है, लेकिन सरकार ने इस और कभी कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय रोहतक महानगर की तरह विकास के नक्शे पर उभरा लेकिन, पिछले दस साल में विकास की पटरी से उतर गया। इससे स्पष्ट होता है कि बीजेपी केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। इस अवसर पर विधायक बीबी बतरा, शकुंतला खटक, जयदीप धनखड़, मेयर प्रत्याशी सूरजमल किलोई, बलराज बल्ले प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पाकिस्तान में विपक्षी महागठबंधन ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार



एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में तहरीक तहफुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) महमूद खान अचकजई के आवास पर हुए हंगामे के बाद विपक्ष को एक छतरी के नीचे आने का मौका मिल गया। अपनी ढपली और अपना राग अलाप रहे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी), अवाम पाकिस्तान और मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) व कुछ अन्य कुछ दलों ने महागठबंधन बनाकर संघीय सरकार पर नकेल कसने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। विपक्षी महागठबंधन का दो दिवसीय सम्मेलन आज यहां शुरू हुआ है। द न्यूज समाचार पत्र के अनुसार, सम्मेलन में कई वक्ताओं ने संघीय सरकार पर संविधान की हत्या करने का आरोप लगाया। सम्मेलन में पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहिबजादा हामिद रजा, अवाम पाकिस्तान के शाहिद खाकन अब्बासी, एमडब्ल्यूएम के नासिर शिराजी व अन्य मौजूद हैं। इस महागठबंधन को ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) का नाम दिया गया है। महागठबंधन ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान समय के साथ गंभीर संकटों से जूझ रहा है। शुरूआत में हमने एक विकासशील, समृद्ध और लोकतांत्रिक राज्य की नींव रखने की कोशिश की, लेकिन साजिशों, अलोकतांत्रिक ताकतों के हस्तक्षेप, कमजोर राजनीतिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार और संस्थागत संघर्षों ने देश को अस्थिरता के दलदल में धकेल दिया है।

# दिल्ली एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 अप्रैल से अस्थायी रूप से रहेगा बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 आगामी अप्रैल से 4-5 महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टर्मिनल 2 (टी2) अप्रैल से चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। इस हवाई अड्डे में तीन टर्मिनल टी1, टी2 और टी3 हैं। डायल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि टी-2 को अप्रैल में चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया



जाएगा। उन्होंने कहा कि टर्मिनल-1 (टी-1) का काम 15 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है, इसे अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद उड़ानों के लिए खोल दिया जाएगा। टी-2 के करीब 1.5 करोड़ यात्रियों को टी-1 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण हवाई अड्डा संचालक टी-3 के उस हिस्से को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला जाएगा, जहां से वर्तमान में घरेलू उड़ानों का परिचालन होता है। हवाई अड्डे पर सालाना करीब 10.9 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होती है।

# अब व्हाइट हाउस तय करेगा ट्रंप के दौरे में कितने पत्रकार होंगे



एजेंसी

**वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस दशकों पुरानी परंपरा को तोड़ने जा रहा है।अब वह ही यह तय किया करेगा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश-विदेश के दौरे में कितने पत्रकार जाएंगे और कौन सवाल पूछेगा। इससे पहले व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन ही यह तय करता रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन 111 साल पुराना संगठन है। वह लंबे समय से स्वयं ही यह निर्धारित करता रहा है कि कौन से पत्रकार राष्ट्रपति की दैनिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह जल्द ही इसका चयन करेगा कि किन मीडिया आउटलेट्स को राष्ट्रपति प्रेस पूल में भाग लेने की अनुमति दी जाए। व्हाइट हाउस के इस फैसले पर कई वरिष्ठ पत्रकारों ने आश्चर्य व्यक्त किया है।

# दो मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

एजेंसी

**देहरादून/उखीमठ :** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को प्रातः सात बजे बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में विधि-विधान से खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ धाम रावल भीमाशंकर लिंग और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धमार्चार्यो और वेदपाठियों ने पंचांग गणना पश्चात विधि-विधान से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस मौके पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्व धारी चंडीप्रसाद भट्ट व बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति के



पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की पूजा होगी। बाबा केदार की पंच मुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को फूलों से सजाया गया। भोलेनाथ के भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि अब मंदिर समिति के स्तर पर केदारनाथ यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना होगी। केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली 28अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास के लिए प्रथम पड़ाव विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 29 अप्रैल को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से रात्रि प्रवास के लिए द्वितीय पड़ाव फाटा को प्रस्थान होगी।

# केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगी : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली/मुंबई :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास एवं बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में उसकी पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मंगलवार को उत्तरी मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित आवासीय सोसायटियों की चाबियां वितरित करने के अवसर पर यह बात कही। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते



हुए महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास और बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र सरकार को पूरा सहयोग देगी। पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देते हुए कहा कि सरकार बेघर लोगों और वर्तमान में उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य परिवारों का भविष्य सुरक्षित करना, बच्चों और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में हाल के दिनों में बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मगाथाने मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है, जबकि पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सेवाओं में वृद्धि होगी। गोयल ने कॉस्टल रोड़ (वर्ली-बांद्रा) का वसोर्वा तक विस्तार और अटल सेतु के माध्यम से नए हवाई अड्डे को जोड़ने वाली प्रस्तावित तटीय सड़क सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना की। गोयल ने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई में भीड़-भाड़ को कम करने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जल निकायों को प्रदूषित करने वाले अशोधित सीवेज जल की समस्या का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है। समुद्र में छोड़े जाने से पहले सीवेज के उचित शोधन को सुनिश्चित करने के लिए 26,000 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह आयोजन शहरी विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा यह सभी के लिए सुलभ और स्थायी आवास बनाने के सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## एक नजर

### कैग की सभी 14 रिपोर्ट की पीएसी करे जांच : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने दिल्ली की तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की सभी 14 कैग रिपोर्ट की लोक लेखा समिति (पीएसी) से जांच कराए जाने की मांग की है। पार्टी ने इसके लिए जल्द पीएसी के गठन की मांग की है। पार्टी का मानना है कि इससे लूट में शामिल लोगों को सजा मिल सकेगी। कैग रिपोर्ट पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने ही जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी शिकायत दी थी। इसमें भाजपा के शामिल होने के भी सबूत थे। सवाल उठता है कि विधानसभा में शराब नीति से जुड़ी सभी 14 रिपोर्ट क्यों नहीं पेश की गई। आमतौर पर विपक्ष के नेता पीएसी की अध्यक्षता करते हैं लेकिन दिल्ली में सरकार ही नेतृत्व करती है। हमारी मांग है की रिपोर्ट्स को सार्वजनिक तौर पर चर्चा के लिए लाया जाए। संदीप दीक्षित ने कहा कि कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब नीति का उद्देश्य बार-बार बदल गया। पहले इसमें 70 संस्थाओं की भागीदारी थी जिसे घटाकर 14 कर दिया गया। शराब नीति सरकार और ठेकेदारों के बीच बने संबंधों और हितों के चलते बनी। शराब में एक स्तर के बाद एक्साइस कर वसूली नहीं किए जाने से साफ था कि सरकार ने 30 से 40 प्रतिशत की कर चोरी को कानूनी बना दिया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कैग की एक रिपोर्ट पेश की, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने जांच के लिए पीएसी के पास भेजे जाने की घोषणा की।

### पुणे में एसटी बस में युवती से दुष्कर्म

**मुंबई :** पुणे के स्वारगेट इलाके में स्थित बस डिपो में खड़ी एसटी बस में बुधवार को सुबह एक आरोपित ने 26 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। स्वारगेट पुलिस इस मामले में आरोपित के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुणे पुलिस आठ टीमें आरोपित की सरगर्मी से तलाश में जुटी हैं। पुलिस उपायुक्त मार्तना पाटिल ने मीडिया को बताया कि पीड़ित आज सुबह बस डिपो में पुणे से फलटण जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपित युवती के पास गया और युवती से झूठी जानपहचान की। इसके बाद आरोपित ने युवती को एक बस में ले गया और कहा कि यही बस फलटण जाएगी। इसके बाद आरोपित पीछे के दरवाजे से एसटी बस में घुसा और युवती के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। इस घटना की जांच जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी के सहयोग से आरोपित की पहचान कर ली है। आरोपित पर इससे पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित दत्तात्रय गाड़ी के भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### सीमा पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया

**चंडीगढ़ :** बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर पठानकोट सेक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया है। यह युवक पठानकोट के रास्ते से भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था। इस घटना के बाद बीएसएफ ने बुधवार की सुबह पंजाब पुलिस के साथ सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च आपरेशन शुरू किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह तड़के ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर तैनात जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। एक व्यक्ति भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पीएम से की मुलाकात



**नई दिल्ली :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और राज्य से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली से नहीं हटेगी पंजाबी भाषा : सीबीएसई

**नई दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति के संबंध में स्पष्ट किया है कि पंजाबी भाषा को इस प्रणाली से हटाया नहीं गया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि मसौदा में शामिल अन्य विषयों और भाषाओं की सूची केवल सांकेतिक है और वर्तमान में पेश किए गए सभी विषय और भाषाएं 2025-2026 के लिए भी पेश की जाती रहेंगी। भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्रीय और विदेशी भाषा समूह शीर्षक के तहत मसौदा नीति के बिंदु 8 में भाषाओं की सूची के तहत उल्लेखित भाषाओं के अलावा, पंजाबी (004), रूसी (021), नेपाली (024), लिंबू (025), लेप्चा (026), सिंधी (008), मलयालम (012), ओडिया (013), असमिया (014), कन्नड़ (015), कोकबोरोक (091), तेलुगु (007), अरबी (016) और फारसी (023) की पेशकश जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने 25 फरवरी को अपनी वेबसाइट पर 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति जारी की थी। बोर्ड ने 9 मार्च तक इस पर स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की प्रतिक्रिया मांगी है।

### महाशिवरात्रि पर्व : श्री काशी विश्वनाथ दरबार में शिवभक्तों का उमड़ा सैलाब

**वाराणसी :** महाशिवरात्रि पर्व पर आज काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में सुरक्षा के अभेद्य किलेबन्दी के बीच दर्शन-पूजन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। दरबार में मंगला आरती के बाद से ही भोर 3:30 बजे से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला अनवरत जारी है। 144 साल बाद महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान और 60 वर्षों बाद त्रिग्रही योग में मंदिर के गर्भगृह में बाबा के प्रति श्रद्धा अनुराग की अखंड जलधार बेलपत्र, मदार, धतुरा, दुग्ध जल ज्योर्तिलिंग पर निरंतर गिर रही है। जल एवं दूध अर्पण करने के लिए गर्भगृह के चारों द्वारों के बाहर पीतल के विशाल पात्र लगाए गए है। मंगला आरती के बाद दरबार में पहुंचे शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा भी मंदिर न्यास की ओर से की गई। श्री काशी विश्वनाथ धाम के चारों प्रवेश द्वार पर दर्शन पूजन के लिए लाखों शिवभक्तों की लम्बी कतार अपनी बारी की प्रतीक्षा में बैरिकेडिंग में डटी हुई है। महादेव और आदि शक्ति के मिलन के महापर्व में शामिल होने के लिए शिवभक्तों में बेकरारी भी दिख रही है। जिले और शहर के प्रमुख शिवालयों से लेकर छोटे-छोटे शिवमंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की भीड़ तड़के से ही उमड़ रही है। शिवमय हुई नगरी में कंकर-कंकर शंकर का नजारा है। इसके पूर्व मंगलवार दोपहर से प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे लाखों शिवभक्त बाबा विश्वनाथ के दरबार में कतारबद्ध होते चले गये। जैसे-जैसे रात चढ़ती गयी कतार का दायरा भी बढ़ता गया। मंगला आरती के बाद सुबह तक बाबा दरबार में जाने के लिए तीन किमी से अधिक लम्बी लाइन लग गई। मंदिर में श्रद्धालुओं को चार गेट से प्रवेश दिया जा रहा है। पूरी रात लाइन में खड़ा होने के बावजूद शिवभक्तों के चेहरे पर थकान नहीं दिख रही। थकान मिटाने में 'हर हर महादेव' का गगनभेदी उद्घोष रामबाण साबित हो रहा है। बाबा दरबार में पहुंचने के बाद तो भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

### प्योर ईवी ने लॉन्च किया 'प्योर परफेक्ट 10' रेफरल प्रोग्राम

**नई दिल्ली:** भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निमार्ताओं में से एक, प्योर ईवी ने आज अपने मूल्यवान ग्राहकों को अभूतपूर्व कैशबैक इनाम देते हुए प्योर परफेक्ट 10 रेफरल प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। शिवरात्रि, होली, उगादि और रमजान ईद सहित आगामी त्यौहारी सीजन के साथ बिल्कुल सही समय पर, यह विशेष पहल ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने और देश भर में ईवी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। प्योर परफेक्ट 10 रेफरल प्रोग्राम सभी मौजूदा प्योर ईवी ग्राहकों, साथ ही नए ग्राहक जो 31 मार्च, 2025 तक या संबंधित आउटलेट्स पर स्टॉक रहने तक प्योर ईवी वाहन खरीदने वालों के लिए के लिए खुला है। इस योजना के तहत, ग्राहक प्योर ईवी वाहन खरीदने के लिए दोस्तों और परिवार को रेफर करके 40,000 रुपए तक का कैशबैक रिवॉर्ड कमा सकते हैं। सभी मौजूदा और नए प्योर ईवी ग्राहकों को उनके रजिस्टर्ड व्हॉट्सएप नंबर (रिकॉर्ड के अनुसार) के माध्यम से 10 यूनिक रेफरल कोड्स प्राप्त होंगे। प्रत्येक सफल रेफरेंस के लिए रेफरर को 4,000 रुपए का कैशबैक वाउचर मिलेगा, जिसे अधिकतम दस नए खरीदार खरीद सकेंगे। रेफरल के जरिए कमाए गए कैशबैक वाउचर का इस्तेमाल भविष्य में सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की जरूरतों के लिए किया जा सकता है। ग्राहक इनका इस्तेमाल अपग्रेड, वाहन एक्सचेंज और बैटरी एक्सचेंज ऑफर के लिए भी कर सकते हैं या रेफर किए गए दोस्त या परिवार के सदस्य की प्योर ईवी खरीद पर सीधे नकद छूट का लाभ उठा सकते हैं।

### बजाज एलियांज लाइफ बना 'बीमा-एएसबीए' सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**रांची:** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा—एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। अगर 14 दिनों के भीतर आवेदन पूरा नहीं होता या प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जाता है, तो यह राशि अपने आप ग्राहक के खाते में वापस आ जाती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**